राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 अश्विन विश्व के नंबर एक ...

वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर... 12

वर्ष : 11 | अंक : 301 | पटना, गुरुवार, 14 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# पीएम मोदी ने तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों की रखी आधारशिला, कहा-भारत अपने वादों को पूरा करता है

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को इंडियाज टेकेड: चिप्स फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की 3 सेमीकंडक्टर सुविधाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आधारशिला रखी। सेमीकंडक्टर को भविष्य के विकास का द्वार बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के निर्णय और नीतियां हमें भविष्य में रणनीतिक लाभ देंगी। 21वीं सदी प्रौद्योगिकी-संचालित है। इलेक्ट्रॉनिक चिप्स के बिना दुनिया की कल्पना नहीं की जा सकती। मेड इन इंडिया और डिजाइन इन इंडिया चिप भारत को नई उपलब्धियां हासिल करने में मदद करेंगी। आत्मनिर्भरता में नए मील के पत्थर हासिल करने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा



कि आज का ऐतिहासिक अवसर भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज की परियोजनाएं भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि चिप उत्पादन से विकास और असीम संभावनाओं के द्वार खुलेंगे है। इससे रोजगार के नए अवसर बनने के साथ तकनीकी विकास के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होगी। पिछली सरकारों पर भारत के सेमीकंडक्टर सपने को नजर अंदाज करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 1960 के दशक में सेमीकंडक्टर निर्माण का सपना देखा था लेकिन पिछली सरकारों की इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता की कमी के कारण यह सपना अधूरा रह गया। उनका अदूरदर्शी दृष्टिकोण भारत की प्राथमिकताओं और क्षमताओं को संतुलित नहीं कर सका, जिससे सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास में देरी हुई। प्रधानमंत्री ने असम के मोरीगांव में 27,000 करोड़ रुपये की लागत वाले आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) परियोजना का भी वर्चुअल तरीके से शिलान्यास किया। असम में जगीरोड में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि आज असम और पूर्वोत्तर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

अधिकतम तापमान 24°C
न्यूनतम तापमान 18°C

**बाजार**

सोना 67,285

चांदी 77,500

सेंसेक्स 72,761

निफ्टी 21,997

## संक्षिप्त खबरें



### कोइलवर सोन नद में दिखा घड़ियाल

आरा। जिले के कोईलवर सोन नद में नये सिक्सलेन पुल के समीप छिछले पानी मे घड़ियाल देखा गया। सोन नद में घड़ियाल होने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि सोन नदी में रेत पर एक घड़ियाल धूप सेंक रहा है लेकिन दूर से लोगो की नजर पड़ते और हो हल्ला होते ही घड़ियाल पानी में चला जाता है। प्रत्यक्षदर्शी सुबोध ने बताया कि नये सिक्सलेन पुल के समीप मछली मारने गये थे। तभी घड़ियाल नदी में भागता हुआ दिखा। जिसके बाद डर से वापस नदी में नहीं गये। स्थानीय मछुआरे ने भी बताया कि सोन नदी में घड़ियाल को देखा गया है। जिसके बाद से लोग डर से नदी में नहीं घुस रहे है।

### भारतीय नौसेना में दो नये पोत किये गये शामिल

कोलकाता। तटों के आस-पास समुद्र में पनडुब्बी रोधी अभियानों और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों को बढ़ाने के लिए बुधवार को भारतीय नौसेना में दो नये पोत शामिल किये गये। यहां एक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं भारतीय वायु सेना के वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी की पत्नी नीता चौधरी की मौजूदगी में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित ये दो पनडुब्बी रोधी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुए। उन्होंने इन युद्धपोतों का नाम आईएनएस अग्रे और आईएनएस अक्षय रखा। जीआरएसई के एक अधिकारी ने कहा कि इन दोनों युद्धपोत की प्राथमिक भूमिका तटों के आस-पास समुद्र में पनडुब्बी रोधी अभियान, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियान और खदान बिछाने जैसे कार्यों को करना है। इस मौके पर मुख्य अतिथि एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि भारत आधुनिक युद्धपोत, पनडुब्बी और विमान वाहक पोत बनाने की क्षमता वाले दुनिया के चुनिंदा देशों में से एक है।

## बिहार के लिए हादसों से भरा रहा बुधवार का दिन, मुजफ्फरपुर, रोहतास व पटना में 14 लोगों की मौत

# सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत, 25 से अधिक घायल

- ट्रक बोलेरो की टक्कर में 4 की मृत्यु, 20 घायल
- खाई में पिकअप वैन पलटने से पांच की गई जान

प्रात : किरण



मुजफ्फरपुर/रोहतास। सूबे में हादसों से भरा रहा बुधवार का दिन। मुजफ्फरपुर और रोहतास जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो गए। मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरी थाना क्षेत्र में सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि पांच से अधिक लोग घायल हो गए। घटना जिले के रामपुर हरि थाना के समीप की है। एएसपी पूर्वी सहियार अख्तर ने हादसे की पुष्टि की है। साथ ही बताया कि बारात वाली गाड़ी के ट्रक से टकराने से घटना हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। पीड़ित परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। बुधवार सुबह यह घटना घटी। एएसपी ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरी थाना क्षेत्र में सुबह पूर्वी चंपारण के चकिया से एक बारात में शिरकत करने के बाद एक बोलेरो गाड़ी में सवार होकर ये लोग घर लौट रहे थे। इस बीच ट्रक के साथ बोलेरो की टक्कर हो गई है और पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। ट्रक और बोलेरो की टक्कर में पांच की मौत : इधर, रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र में बुधवार को गुप्ताधाम जाने के क्रम में एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में चार लोगो की मौत हो गई जबकि अन्य 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। मरने वालों में सभी महिलाएं हैं। पुलिस के मुताबिक, भोजपुर जिले के शाहपुर के कई लोग एक पिकअप वैन पर सवार होकर गुप्ताधाम महादेव के मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान चेनारी थाना के गायघाट के समीप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

चेनारी के थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि इस दुर्घटना में चार महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि करीब 20 अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मीना देवी, परमेशरा देवी, चंद्रावती देवी और तेतरा देवी के रूप में की गई है। सभी भोजपुर के शाहपुर की रहने वाली थी। सभी लोग गुप्ताधाम एक बच्चे का मुंडन कराने जा रहे थे और यह हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटना व्यवहार न्यायालय में ट्रांसफॉर्मर विस्फोट, एक की मौत

## दो वकील बुरी तरह झुलसे, आक्रोशितों ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण



पटना। राजधानी पटना में एक अदालत परिसर में बुधवार को विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक विस्फोट हो जाने पर आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी। नगर पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यह विस्फोट दोपहर में दिवानी अदालत में हुआ जिसमें एक नोटरी की मौत हो गयी। सिंह ने कहा, दो वकील झुलस गये हैं और उन्हें इलाज के लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल ले जाया गया है। हमें अंत्यपरीक्षण के लिए मृतक नोटरी देवेन्द्र सिंह के शव की जरूरत है, लेकिन इस घटना से नाराज वकील प्रदर्शन कर रहे हैं और पुलिस को शव नहीं ले जाने दे रहे हैं। हम उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने वाले अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर में पहले से ही खराबी थी जिसके बारे में संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी गई थीं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा, हम वकीलों को आश्वस्त करने की कोशिश कर रहे हैं कि अगर वे घटना के बारे में पुलिस को लिखित शिकायत करते हैं तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और जो भी चूक के दोषी पाये जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं के संबंध में सरकार की नीति स्पष्ट है। प्रावधान के अनुसार मृतक के परिजनों को अनुग्रह राशि मिलेगी।

## मुख्यमंत्री ने हादसे में हुई मौत पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिला के मकसूदपुर में सड़क हादसे में हुयी पांच लोगों की मृत्यु और रोहतास जिला के गुप्ताधाम में दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वैन के दुर्गावती जलाशय में गिरने से चार महिलाओं की मृत्यु पर पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं इस घटना से मर्माहत हूँ। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है, साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने रोहतास के गुप्ताधाम जा रहे श्रद्धालुओं की भरी पिकअप वैन के दुर्गावती जलाशय में गिरने से चार महिलाओं की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं इस घटना से मर्माहत हूँ। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है, साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# नायब सिंह सैनी सरकार ने विश्वास मत हासिल किया

प्रात : किरण

चंडीगढ़/एजेंसी। हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने बुधवार को विधानसभा में ध्वनि मत के माध्यम से विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास मत पर सदन में करीब दो घंटे तक चर्चा हुयी। जननायक जनता पार्टी ने अपने सभी दस विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिये कहा था। विश्वास मत पर चर्चा शुरू होने पर सदन में मौजूद पार्टी के पांच विधायक विधानसभा से बाहर चले गए। हरियाणा विधानसभा में सदस्यों की संख्या 90 है। भाजपा के 41 सदस्य हैं जबकि उसे छह



निर्दलीय तथा हरियाणा लोकहित पार्टी के एकमात्र विधायक गोपाल कांडा का भी समर्थन प्राप्त है। विधानसभा में जजपा के दस विधायक हैं जबकि मुख्य विपक्षी कांग्रेस के 30 और इंडियन नेशनल लोकदल का एक विधायक है।

# पद्मश्री से सम्मानित बुनकर कपिल देव प्रसाद का निधन, सीएम ने जताया शोक

- पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे

प्रात : किरण

बिहारशरीफ। पद्मश्री से सम्मानित नालंदा निवासी बुनकर कपिल देव प्रसाद का ईलाज के दौरान पटना में निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। कपिल देव प्रसाद बिहारशरीफ के बसवन बीघा के निवासी थे। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पटना स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान कपिल देव प्रसाद का निधन हो गया। वर्ष 2023 में राष्ट्रपति ने उन्हें पदम श्री से सम्मानित किया गया था।



कपिल देव प्रसाद पिछले छह दशक से हथकरघा के क्षेत्र से जुड़े हुए थे। उन्होंने बावनबूटी साड़ी को देश दुनिया में पहचान दिलाई थी। कपिल देव प्रसाद के निधन पर नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने उनके आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि कपिल देव प्रसाद के निधन से नालंदा को अपूर्णीय क्षति हुई है। वहीं बिहारशरीफ के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजन दत्ता ने कहा कि कपिल देव प्रसाद ने हस्तकरघा को देश दुनिया में पहचान दिलाई। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि पद्मश्री कपिलदेव प्रसाद जी को वर्ष 2023 में बावन बूटी कला के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। बावन बूटी मुलतः एक तरह की बुनकर कला है।

# भाजपा-लोजपा ने सीट बंटवारे को दिया अंतिम रूप : चिराग पासवान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद चिराग पासवान ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि एनडीए के सदस्य के रूप में आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी के साथ बैठक में हमने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। उचित समय आने पर इसकी सूचना दी जाएगी। राजनीतिक गलियारों में चचाएं थी कि चिराग



पासवान आईएनडीआई गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। हालांकि चिराग पासवान के सोशल मीडिया पोस्ट से ऐसा दावा किया जा रहा है कि बिहार में उनके लिए सीट फाइनल हो गई है। वे हाजीपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

**जानकारी**

## 2019 से 2024 के बीच खरीदे गए 22,217 चुनावी बॉन्ड, एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

# चुनावी बॉन्ड :एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनावी बॉन्ड पर भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। जिसमें 15 मार्च 2024 तक खरीदे गए और कैश कराए गए चुनावी बॉन्ड का विवरण शामिल है। एसबीआई ने उच्चतम न्यायालय में अनुपालन हलफनामा दायर कर कहा कि उसने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण प्रस्तुत कर दिया है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आंकड़ों के मुताबिक एक अप्रैल 2019 से लेकर उसी साल 11 अप्रैल तक कुल 3346 बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से कुल 1609 बॉन्ड कैश कराए गए। एसबीआई के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 12 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक कुल 22,217 चुनावी बॉन्ड खरीदे गए थे। 20,421 बॉन्ड कैश कराए गए। इससे पहले उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को शाम पांच बजे तक भारतीय स्टेट बैंक') ने चुनावी बांड्स



से संबंधित पूरा ब्योरा चुनाव आयोग को सौंप दिया था। आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि चुनाव आयोग ने की थी। उच्चतम न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च के आदेश के अनुसार चुनाव आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक एसबीआई द्वारा मिली जानकारी को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करना होगा। चुनावी बॉन्ड की जानकारी को सार्वजनिक करने पर एसबीआई ने उच्चतम न्यायालय से मोहलत मांगी थी लेकिन उच्चतम न्यायलय ने बैंक की याचिका को खारिज कर दिया था। चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने एक्स पर लिखा, 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के अनुपालन में एसबीआई द्वारा आज भारत चुनाव आयोग को चुनावी बॉन्ड पर डेटा प्रदान किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में मंगलवार को कामकाजी समय समाप्त होने तक सभी विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा था।

### समय आने पर चुनावी बॉण्ड से जुड़े विवरण का खुलासा होगा : सीईसी

जम्मू। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को यहां कहा कि निर्वाचन आयोग को भारतीय स्टेट बैंक से चुनावी बॉण्ड से संबंधित विवरण प्राप्त हो गया है और समय आने पर सभी प्रासंगिक जानकारियां साझा की जाएंगी। उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था, जिसके बाद आयोग की तरफ से यह बयान जारी किया गया है। एसबीआई, चुनावी बॉण्ड जारी करने के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान है। कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, एसबीआई को 12 मार्च तक विवरण सौंपना था। उन्होंने हमें समय पर विवरण दे दिया। मैं वापस जाऊंगा और विवरण को देखूंगा और निश्चित रूप से समय आने पर इसका खुलासा किया जाएगा। कुमार, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को यहां पहुंचे। सीईसी ने कहा, हम 2024 लोकसभा चुनाव के लिए बिल्कुल तैयार हैं। हम देश भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगे।

## दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन कहलाएगा एनसीसी

# राष्ट्रीय कैडेट कोर के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब एनसीसी में 3 लाख कैडेट और शामिल किए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी के लिए बढ़ती मांग पूरी होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और इसमें 3 लाख कैडेट शामिल किए जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एनसीसी में साल 1948 में केवल 20 हजार कैडेट थे, लेकिन विस्तार प्रस्ताव की मंजूरी के बाद एनसीसी में अब 20 लाख कैडेट की



स्वीकृत संख्या होगी। इससे यह दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी युवा संगठन कहलाएगा। इसमें कहा गया कि एनसीसी की विस्तार योजना के तहत चार नये समूह मुख्यालय की स्थापना की जाएगी और दो नई एनसीसी इकाइयों को भी शामिल किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया गया है। वहीं, अब एनसीसी का विस्तार होने से देश के भावी नेताओं के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में यह एक कदम साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी में 3 लाख कैडेट के शामिल होने से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समान रूप से कैडेट होंगे और इच्छुक संस्थानों का इंतजार खत्म होगा। मंत्रालय ने बताया कि इस विस्तार योजना में पूर्व सैनिकों को उनके कौशल और लंबे अनुभव के आधार पर एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। इसमें कहा गया कि एनसीसी का लक्ष्य है कि वे ऐसा वातावरण तैयार कर सकें जहां युवा राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने में समर्थ हों।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### रामकृपाल यादव के द्वारा प्रतीक्षालय का किया गया शुभारंभ



दानापुर। नगर के अंतर्गत बुधवार को सांसद रामकृपाल यादव के द्वारा पाटलिपुत्र जं स्टेशन पर बनें द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित प्रतीक्षालय का शुभारंभ किया गया।इस प्रतीक्षालय के निर्माण में लगभग डेढ करोड़ रुपए खर्च हुई है।इस अवसर पर माननीय सांसद राम कृपाल यादव अपने संबोधन में कहा कि रेलवे के निरंतर विकास हेतु,माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं अश्विनी वैष्णव जी माननीय रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री को धन्यवाद दिए तथा कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आवागमन के साधनों सहित तीव्रगति से पिछले दस सालों में चहुँमूखी विकास की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा अनुपम कुमार चंदन सहित भाजपा नेता भाई सनोज यादव,धर्मेन्द्र कुमार,आलोक रंजन रवि भूषण उर्फ बेला यादव,अनिल मुखिया सहित हजारों की संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रहें।

### ट्रेन के जनरल बोगी से शव बरामद

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत दानापुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 पर खड़ी गाड़ी डाउन संघमित्रा एक्सप्रेस के अगले जनरल बोगी से एक 75 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया गया रेल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रेल थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 75 वर्ष है शव की शिनाख्त नही हो सका है। फिलहाल शव को सुरक्षित रखा जाएगा।

### खगौल बिहटा रोड में अतिक्रमण हटाने पहुंची



दानापुर। नगर के अंतर्गत खगौल विहटा रोड में ऐलिवेटेड रोड को लेकर प्रशासन ने खगौल शिवाला मोड़ मार्ग पर सरारी के निकट अतिक्रमण हटाने पहुंची। स्वयं से एलिवेटेड मार्ग में आने वाले लोगो को अतिक्रमण हटाने की अपील की।इसके साथ कार्य शुरू किया।टीम ने अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। अंचलाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि अतिक्रमण को हटाने को लेकर कार्य करने टीम पहुंची थी।वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद स्थायी अतिक्रमण एवं घरो को तोडने की कार्रवाई रोक दी गयी है। फिलहाल अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया है। आगे का कार्य रोक दिया गया है।सनद हो कि खगौल बिहटा के बीच एलिवेटेड रोड बनना है।जिसको लेकर कार्य शुरू किया गया है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

पटना सिटी (प्राकि)।जनता सेवा मंडल के द्वारा वार्ड 51 के खजुरबन्ना देवी स्थान में निःशुल्क शुगर, बीपी आदि का जांच शिविर का आयोजित किया गया।यह अपोलो डायग्नोस्टिक्स के द्वारा प्रायोजित था।शिविर खजुरबन्ना निवासी कौशल कुमार ने किया।इसमें जनता सेवा मंडल के सदस्य कृष्णा यादव, सुधीर कुमार, मुन्ना कुमार राउत, रोहित चौधरी, पप्पू गोप, भोली सिंह, आदि ने सहयोग किया।

### भारी मात्रा में शराब बरामद

दानापुर खगौल। रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग के दौरान आरपीएफ व सीआईबी के द्वारा प्लेटफार्म नं0-1ए पर दीघा के पाटीपुल निवासी अविनाश कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से 750 एमएल का 06 बोतल, 180 एमएल के 13 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया। आवेदन के आधार पर रेल थाना में मामला दर्ज किया गया। वही विशेष चेकिंग के क्रम में दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1ए के फूट ओवर ब्रिज के नीचे 04 ट्रॉली बैग में रखे गये 750 एमएल का अलग अलग ब्रांड के 76 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। रेल थाना अध्यक्ष ने बताया अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है वही एक व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में के रास्ते भेजने दी गई है।

### डाकघर में डाकिया के नहीं रहने से लोगों को हो रही है परेशानी

फतुहा। दनियावां के तोप स्थित डाक घर में पिछले 14 महीने से पोस्टमैन नही है। इस कारण जंहा ग्रामीणों को अपने ही डाक के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं इस डाकघर के पोस्टमास्टर को ही डाक लाने से लेकर वितरण करने तक का कार्य करना पड़ रहा है। नतीजा यह है कि ग्रामीणों को ससमय उनकी डाक उनके पास तक नही पहुंच पा रही है। पोस्टमास्टर चन्द्र कांत सिंह का कहना है कि डाक लाने का काम नालंदा जिले के करायपरशुराय डाकघर से करना पड़ता है।६

# सामाजिक व धार्मिक कार्यों के लिए भी जाने जाते रहे स्व ओपी साह : नंदकिशोर

## उनकी याद में गरीब व जरूरतमंद के बीच राशन का हुआ वितरण

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है और इसी के माध्यम से ओपी साह ने गरीबों के दिल में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी थी। उन्होंने कोरोना काल में जिस प्रकार घर-घर तक राशन पहुंचाने का काम किया, वह अपने आपमें एक मिसाल है। शहर में पीने के पानी की व्यवस्था हो या महिलाओं को आत्मनिर्भर करने को उन्हें सिलाई मशीन देना हो, ठंड से बचाव को गरीबों को कंबल देना, शिक्षा, धार्मिक, गो सेवा आदि ऐसे अनेक कार्य उनके द्वारा किए गए, जो आज उनके परिवार के सदस्य उन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। यह उनके प्रति यह सच्ची श्रद्धांजलि है।



उक्त बातें मारवाड़ी सेवा समिति पटना सिटी द्वारा आयोजित स्व ओपी साह की पुण्य स्मृति में आयोजित मिशन अन्नपूर्णा योजना द्वारा श्री बिहारी जी मिल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गरीब व जरूरतमंद के बीच राशन सामग्री वितरण समारोह में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहीं। इसका चौक स्थित भामाशाह ट्रस्ट भवन में बुधवार को किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमन प्रकाश साह, विशिष्ट अतिथि नारायण साह, लक्ष्मण साह, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन पटना सिटी शाखा के अध्यक्ष शिव प्रसाद मोदी और पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम पोद्दार उपस्थित थे।

समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने करते हुए बताया कि गरीब एवं जरूरतमंद के बीच हर परिवार को आटा वितरण किया गया। अतिथियों को समिति द्वारा दोशाला ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयोजक सुभाष पोद्दार, सचिव राजकुमार गोयनका, मनोज खेतान, अशोक बंका, कन्हैया लाल डोकानिया, संजय झुनझुनवाला, राजेश देवड़ा आदि उपस्थित थे।

# प्रारंभिक विद्यालयों में 25 मार्च होली के दिन दो पाली में परीक्षा

## शिक्षक के साथ छात्र-छात्राएं परेशान, होलिका दहन के दूसरे दिन कैसे होगी परीक्षा

पटना सिटी (आनंद केसरी)

राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग 5 एवं 8 के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक परीक्षा 2024 एवं वर्ग 1 से 4 तथा 6 से 7 के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक मूल्यांकन 2024 की परीक्षा 18 मार्च से शुरू हो रही है। इसकी समाप्ति 28 मार्च को होगी। मगर समस्या सबसे बड़ी यह है कि होली वाले दिन 25 मार्च को भी दो पाली में परीक्षा आयोजित की गई है।

उस दिन प्रथम पाली में पूर्वाह्न 10 से मध्याह्न 12 बजे तक भाषा और द्वितीय पाली में अपराह्न एक से तीन बजे तक अंग्रेजी की परीक्षा होनी है। आचार्य संतोष पांडेय शास्त्री बताते हैं कि पंचांग के अनुसार 22 मार्च को प्रदोष व्रत होगा। 24 मार्च को व्रत की पूर्णिमा होगी। रात 10.27 भद्रा के बाद होलिका दहन किया जाएगा। 25 मार्च को स्नान दान की पूर्णिमा व रंगोत्सव तथा दिन के 11.31 पर चैत्र कृष्ण प्रतिपदा (दूसरे दिन प्रदोष काल में प्रतिपदा का अभाव होने से) होली



मनाया जाएगा। ऐसे में होली के दिन परीक्षा लेने शिक्षक/शिक्षिका और परीक्षा देने छात्र, खासकर छात्राएं कैसे पहुंचेंगी।

बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा छात्रों की वार्षिक परीक्षा के लिए जो कैलेंडर दिया गया है, इसमें 24 मार्च रविवार छुट्टी है। 25 मार्च को दोनों पाली में परीक्षा है। 26 और 27 मार्च को विद्यालय बंद है। 28 मार्च को अंतिम दिन परीक्षा है। समस्या 25 मार्च को दोनों पाली में होने वाली परीक्षा को लेकर है। बिहार में 24 मार्च को होलिका दहन तथा 25 मार्च को होली और 26 मार्च को होली समारोह आयोजित किया जाएगा। अब इस स्थिति में छात्रों को 25 मार्च को परीक्षा देने में और शिक्षकों को परीक्षा लेने को जाने में कठिनाइयों का सामना करना होगा। बीईपीएसएसए को इन समस्याओं पर भी ध्यान रखना चाहिए। श्री ह्रषीकेश हिन्दी पंचांग को काशी पंचांग /पतरा कहा जाता है, जो पटना सहित मगध क्षेत्र में आमतौर पर प्रचलन में है। उत्तरी बिहार में प्रायः मिथिला/तिरहुतिया पंचांग का प्रचलन है।

शिक्षा विभाग के द्वारा जो परीक्षा का कैलेंडर जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023-24 में राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग एक से आठ के सभी छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा/मूल्यांकन कराया जाना है। अंगकानिया है कि शिक्षा विभाग बिहार सरकार के द्वारा 28 फरवरी 19 को जारी अधिसूचना संख्या 287 के आलोक में बिहार राज्य के छात्रों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा संशोधन नियमावली 2019 में अंकित प्रावधानों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2023 24 के अंत में राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग 5 एवं 8 के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाना है साथ ही वर्ग एक से चार एवं वर्ग 6 से 7 के छात्र-छात्राओं का भी वार्षिक मूल्यांकन मार्च 24 में संपन्न कराया जाना है शैक्षणिक सत्र 2023 24 में जिले के सभी सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्यनरत वर्ग 5 एवं 8 के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक परीक्षा निम्न कार्यक्रम के अनुसार 18 से 21 मार्च की अवधि में संपन्न होगी इसी तरह शेष कक्षाओं यथा कक्षा 1 से 4 एवं 6 से 7 के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक मूल्यांकन 21 से 28 मार्च की अवधि में होगी। इसमें वर्ग एक से चार एवं छह से आठ के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक मूल्यांकन 21 से 28 मार्च तक होना है इसमें 23 मार्च को भाषा हिंदी उर्दू बांग्ला और द्वितीय पाली में अंग्रेजी जबकि 25 मार्च को पहली पाली में गणित और दूसरी पाली में पर्यावरण/ सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होनी है।

# प्राचार्य बनने पर अनिल उर्फ रश्मि को मारवाड़ी उवि के शिक्षकों ने दी विदाई

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। मारवाड़ी उच्च विद्यालय के वरीय शिक्षक सह शिक्षक प्रतिनिधि अनिल कुमार उर्फ रश्मि के प्राचार्य बनने के बाद विदाई समारोह किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ शीला कुमारी ने कहा कि अनिल कुमार उर्फ रश्मि का शैक्षिक कार्यकाल न केवल छात्रों, अपितु हमलोगों के लिए स्वर्णिम काल का रहा है। इनका प्रेमयुक्त व्यवहार सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि जिस तरह का शैक्षिक और सांस्कृतिक वातावरण आपने इस विद्यालय के लिए बनाया, दूसरे विद्यालय में प्राचार्य के पद पर सुशोभित होकर एक नई लकीर खिंचेंगे। समारोह का संचालन जितेंद्र कुमार पाल व नेक आलम ने किया। मौके पर पूर्व प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार, दूधेश्वर प्रसाद गुप्ता, नितिन कुमार वर्मा, राकेश रंजन, सुधीर कुमार चौधरी, विक्रम कुमार सिंह, संजय कुमार, शंकर किस्कू, विनीता कुमारी, सुनीता रानी, सुशीला कुमारी, सुजाता भगत ने भी विचार रखे। हॉकी वरीय शिक्षक अनिल कुमार उर्फ रश्मि को मोकामा स्थित है राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के रूप में पदस्थापित किया गया है संभवत में चल वहां जाकर प्रभार ग्रहण करेंगे।

# एनएमसी के पूर्व प्राचार्य डॉ बृजनारायण लाल के निधन पर जताया शोक



पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसी के पूर्व प्राचार्य एवं डीन, फेकल्टी आफ मेडिसिन, मगध विश्वविद्यालय डॉ बृजनारायण लाल का निधन बुधवार को हो गया। प्रख्यात फामार्कालोजिस्ट डॉ लाल अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी आत्मा की शांति के लिए हवन-पूजन 14 से 16 मार्च तक उनके निवास स्थान लोहानीपुर से सम्पन्न होगा। यह जानकारी उनके पुत्र डॉ सीएस लाल ने दी। डॉ बृजनारायण लाल के निधन पर आर एमआई के निदेशक डॉक्टर कृष्णा पांडे डॉ मधुकर, डॉ अभिषेक सेन, डॉक्टर गणेश चंद्र साहू डॉ ऋषिकेश, संजय चतुवेर्दी, राकेश कुमार, नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ उषा कुमारी, पूर्व प्राचार्य डॉ हीरालाल महतो, डॉ रेणु रोहतगी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एसए कृष्णा, डॉ अखौरी केपीएस, मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ अजय कुमार सिन्हा, आर्थो के डॉ राजेंद्र प्रसाद, ईएनटी के डॉ सत्येंद्र शर्मा, अधीक्षक डॉ अलका सिंह, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, माइक्रोबायोलॉजी के डॉ संजय कुमार आदि ने शोक जताया है।

# आगामी 20 मार्च को होगा सुढ़ी संघ दानापुर का होली मिलन समारोह

## बिहार के कोने कोने से होगा लोगों का जुटान

प्रात : किरण संवाददाता




दानापुर । सुढ़ी संघ दानापुर होली सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 20 मार्च 2024 दिन बुधवार को करेगी। संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार भोटी ने बताया कि आयोजन सुभी चौकी घानी मैरेज हॉल तकियापर दानापुर में किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक चलेगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। बुधवार को आयोजन के संबंध मे हुई बैठक में सुढ़ी संघ दानापुर के प्रभारी संघ के पदाधिकारी अजीत बिहारी लाल, अरविंद बिहारी, श्वेता बिहारी , राजीव बिहारी, पवन कुमार, मंटू जी, राजकुमार जी, नीरज जी, शंभू नाथ गुप्ता, सुजीत कुमार, सुनील कुमार, राकेश बिहारी, विजय जी, नंदू जी, रवि जी, रंजीत जी,राजू जी, शंभूनाथ गुप्ता, राजेश जी, पंचम रणबीर एवं सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

# एडीजे के साथ बार एसो. की वार्ता विफल, नहीं आए एसीजेएम-1

## पटना सिविल कोर्ट की घटना पर दुख, आज शोकसभा के बाद न्यायिक कार्य नहीं करेंगे वकील

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी बार एसोसिएशन के शिष्टमंडल की आज एडीजे 1, 4 और विशेष न्यायाधीश (उत्पाद) के साथ एसीजेएम-1 एवं 4 के कोर्ट में वकीलों के द्वारा न्यायिक कार्य नहीं करने को लेकर बातचीत हुई। इसमें एडीजे-1 विद्या प्रसाद, एडीजे-4 विनय कुमार और उत्पाद के विशेष न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार थे। पटना सिटी अधिवक्ता संघ की ओर से अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, सचिव अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, रामाशीष प्रसाद, अशर्फी प्रसाद यादव, अनुज प्रसाद, दिलीप झा, अमरनाथ सिन्हा, सुनील कुमार एवं एक अन्य थे। बातचीत के दौरान कहा गया कि एसीजीएम सह सब जज-1 सह प्रभार एसीजेएम सह सब जज-4 मनीष कुमार जायसवाल के द्वारा कानून के तहत मिली शक्ति के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं। उनका अधिवक्ताओं के प्रति नजरिया सही नहीं है और दुर्व्यवहार करते हैं। सिविल सूट में विद्वान अधिवक्ताओं से आधे घंटे से अधिक समय एक ही




मुकदमे के एडमिशन में समय बर्बाद किया जाता है। मुद्दों को तैयार करने, साक्ष्य की रिकॉर्डिंग को छोड़कर कोई भी अन्य काम नहीं हो पा रहा है। अधिकांश आपराधिक मामलों में भी जमानत नहीं दी जा रही है। यहां तक की जमानतीय मामले में भी अड़ंगा लगाया जाता है। हालांकि मौजूद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण के द्वारा अधिवक्ताओं से आग्रह किया गया कि वह सब हठधर्मिता छोड़कर कोर्ट के कार्य में सहयोग करें। मगर मौजूद अधिवक्ताओं का कहना था कि मामला एसीजेएम सह सब जज- 1 से जुड़ा हुआ है। इसलिए उन्हें भी बातचीत के दौरान बुलाया जाए। मगर वह नहीं आ पाए। नतीजतन वार्ता विफल हो गई। हालांकि कहा जा रहा है कि इस मुद्दे पर सहमति बनाने के लिए गुरुवार को भी एक दौर की बातचीत संभव है। दूसरी और पटना सिटी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, सचिव अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि पटना सिविल कोर्ट में बिजली ट्रांसफार्मर में आग लगी और उसके तेल गिरने से अधिवक्ता समेत तीन लोगों की मौत हुई है एवं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। इस मामले को लेकर पटना जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमरनाथ और महासचिव अशोक यादव के साथ पटना सिटी अधिवक्ता संघ खड़ा है। घटित घटना में उनके हर निर्णय के साथ पटना सिटी बार एसोसिएशन साथ देगा। अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना काफी दुखदायी है। इस घटना में जिनकी भी मौत हुई है, उनके परिजन के प्रति उन सबों की खासी संवेदना है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया, बिहार बार काउंसिल ने भी मृत और घायल को आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। बिहार सरकार की ओर से भी आर्थिक मदद की घोषणा संभव है। मगर उन मृत आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए एक शोक सह प्रार्थना सभा गुरुवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे रखा गया है।

# यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान को बायोकेमेस्ट्री व पैथोलॉजी लैब में एनएबीएल से मान्यता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रिया यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान पटना को बायोकेमेस्ट्री प्रयोगशाला और पैथोलॉजी प्रयोगशाला को राष्ट्रीय परीक्षण और निर्दिष्ट कारण बोर्ड एन ए बी एल जो भारतीय गुणवत्ता परिषद का एक प्रतिष्ठित निकाय है से मेडिकल (प्रवेश स्तर) का परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए मान्यता प्राप्त हुई है नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड ऑफ टेस्टिंग एंड कॉलीब्रेशन लेबोरेटरीज से 13 मार्च, 24 को सर्टिफिकेट नंबर एनएबीएल-एम (ईएल)टी-02560 सीईओ एन वेंकटेश्वरन के द्वारा जारी की गई है।

यूनानी संस्थान पटना के उपनिदेशक डॉक्टर मुमताज अहमद ने बताया की बायोकेमेस्ट्री विभाग के प्रमुख डॉ मंगल सिंह और पैथोलॉजी विभाग के प्रभारी डॉक्टर जरियाबजकी को विशेष रूप से इसके लिए सम्मानित किया गया दरअसल केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉक्टर और जहीर अहमद के नेतृत्व में क्षेत्रीय



यूनानी चिकित्सा अनुसंधान पटना द्वारा यह उपलब्धि हासिल की गई है इसके लिए महानिदेशक डॉ एन जहीर अहमद और आरआरआईयूएम सभी अनुसंधान चिकित्सक व कर्मचारियों को धन्यवाद देते हैं जिनके समर्थन से इस मान्यता को मिलना संभव हो पाया है या मान्यता हमारे प्रयासों का ही नहीं बल्कि हमारे चल रहे क्लिनिकल ट्रायल्स के लिए भी महत्वपूर्ण है या उपलब्धि हमारे स्वास्थ्य देखभाल में उत्कृष्ट के प्रति हमारे समर्पण की गहरी पुष्टि करती है और हमारे समुदाय के उत्तम कल्याण के लिए चिकित्सा अनुसंधान में योगदान को बढ़ावा देता है। इस उपलब्धि पर संस्थान के पूर्व प्रभारी उपनिदेशक डॉ सिकंदर अली, डॉ ए अहसन, डॉ राजेश कुमार, आदि ने खुशी जताई है।

# पालीगंज में किया गया बिदाई समारोह का आयोजन

पालीगंज बुधवार को स्थानीय बाजार स्थित राम जानकी मठ परिसर में मठ प्रबंधन की ओर से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव का स्थानांतरण प्रोन्नति देते हुए बिभाग की ओर से पूर्णिया जिला में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के पद पर कर दी गयी है। वही पालीगंज में नए एसडीओ के रूप में अमनप्रीत सिंह ने योगदान कर लिए है। जिसे देखते हुए बुधवार को पालीगंज मठ परिसर में मठ प्रबंधन की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान मठ प्रबंधन कमिटी के सदस्यों ने एसडीओ जयचन्द्र यादव को अंगवस्त्र देकर भवभिनि विदाई दिया। मौके पर पूर्व मुखिया पंकज शर्मा, छोटे शर्मा, चन्दन कुमार, सुरेश कश्यप, गांधी कुमार, पंकज कुमार, पप्पू कुमार व जवाहिर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क पर बह रहा पानी, लोगों को हो रही परेशानी

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड संख्या 47 में बाजार समिति से रामपुर रोड साई चौक की सड़क पर जलापूर्ति पाइप फट गया है। इस कारण से पानी सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को पैदल आवाजाही करने में परेशानी हो रही है। वाहन के पहिए से उड़ा छींटा भी परेशान करता है।

वार्ड पार्षद सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि मालवाहक ट्रक गिट्टी लेकर आया था। इसी के दबाव से जलापूर्ति पाइप फट गया है। इस कारण से जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसे ठीक करने के लिए पटना जल पर्षद के अभियंता से बात की गई है। जलापूर्ति पाइप की मरम्मत शुक्रवार तक करा दिया जाएगा। नागरिकों व पाटलिपुत्र नगर



विकास समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार बबलू का कहना है कि बाजार समिति से रामपुर संप हाउस की सड़क जर्जर है। नमामि गंगे के द्वारा सीवरेज बनाने के लिए की गई खुदाई के बाद से सड़कों का और चेंबर का धंसान होना भी शुरू हो गया है। ऐसे में कीचड़युक्त फिसलन के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच जलापूर्ति पाइप फटने से यह समस्या और गंभीर हो गई है। नागरिकों ने सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

# आरपीएम कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। आरपीएम कालेज में बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में विज्ञान संकाय की छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इसका उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम, डॉ सुषमा, डॉ मनोज कुमार, डॉ नीलम, डॉ ईना बहन व डॉ रविन्द्र कुमार के द्वारा किया गया। विज्ञान विभाग की छात्राओं ने अलग-अलग मॉडल तैयार कर लाए, जिसमें रिमझिम रानी, श्रुति कुमारी (सोलर सिस्टम), अन्नु कुमारी (देसी वाटर फिल्टर), श्रेया रानी (ज्वालामुखी विस्फोट), अंशु कुमारी (वाटर सेक्शन), सुहाशनी कुमारी (प्रकाश संश्लेषण मॉडल) आदि था। इन सभी छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल के बारे में भी बताया। मौके



पर प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने कहा कि छात्राओं ने मेहनत कर अच्छे मॉडल प्रस्तुत किए और व्याख्या की। आज के समय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी बहुत ही रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और विज्ञान का ज्ञान अधूरा होने पर इस रफ्तार में लोग पीछे छूट जाते हैं। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान विभाग के शिक्षकों डॉ इना बहन (भौतिकी), रविन्द्र कुमार (गणित) एवं प्रशांत उपाध्याय (जंतु विज्ञान) द्वारा किया गया। मंच संचालन रविन्द्र कुमार और अध्यक्षता प्राचार्या ने की।कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार अणु कुमारी, दूसरा जानवी कुमारी, तीसरा पुरस्कार विजेता रिमझिम कुमारी और श्रेया कुमारी रहीं। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

दूसरी ओर महिला मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन एनएसएस की ओर से किया गया। रैली का संचालन एनएसएस की डॉ जयंती रानी ने किया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं तथा 18 साल से अधिक की युवतियों को उनके मताधिकार के प्रति अवगत करवाना था। मताधिकार के प्रयोग के द्वारा महिलाएं देश के नेतृत्व को बदल सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने किया। उन्होंने युवतियों को उनके पहले मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकगणों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई तथा उन सबों को मतदान के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम में डॉ नीलम कुमारी, डॉ किरण कुमारी, डॉ सुषमा, डॉ नीना कुमारी, डॉ नागेंद्र मिश्र, रेखा कुमारी आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू की बोरियां ढोने से मना करने पर बाबा जय सिंह के लिए अरदास

पटना सिटी (प्राकि)। अंग्रेजों के कैद में बाबा जय सिंह थे। अंग्रेजों ने उन्हें तंबाकू की बोरियां लादने का काम सौंपा था। इस काम को करने से उन्होंने मना कर दिया। इस पर अंग्रेजों ने उन पर अत्याचार किया और उन्हें उल्टा टांग कर चमड़े को नोंचवाने का काम किया। इसी शहादत की याद में पंजाब के पटियाला से करीब 40 से अधिक संगतों का जत्था तख्तश्री पटना साहिब पहुंचा। शहीद बाबा जय सिंह की पंजाब के सरहंद रोड पिंड बारन में गुरुद्वारा है। जत्था के प्रमुख सरदार सुरजीत सिंह, अध्यक्ष हरमेश सिंह, कनीय उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह और महासचिव रोशन सिंह ने कहा कि वह सब हर साल यहां आकर उनकी याद में अरदास कराते हैं। इन सबों ने तख्तश्री पटना साहिब के मैनेजर हरजीत सिंह को उनकी याद से जुड़ी एक तस्वीर भेंट की और उनसे आग्रह किया कि इस तस्वीर को म्यूजियम में रखा जाए।

## विकसित भारत 2047 मोदी की गारंटी विषय पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

# पीएम मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने जताया विश्वास : सम्राट

पटना। विकसित भारत 2047 मोदी की गारंटी विषय पर बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षक प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ कन्हैया सिंह ने किया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संगठन प्रभारी भीखू भाई दलसानिया, विहार विधान परिषद के सदस्य देवेश




कुमार , विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी, गारंटी की भी गारंटी है और देश की जनता ने इस पर अपना विश्वास जताया है। मोदी जी के साथ अब देश की जनता का भी यह संकल्प बन चुका है कि देश 2047 तक विकसित होगा और विश्वशक्ति के रूप में तब्दील होगा। संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने मोदी के विकसित भारत 2047 के पंच सूत्रों को लोगों के बीच संकल्पित करवाया। शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. कन्हैया सिंह ने कहा कि देश के आजादी के सहभागी बनने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन अब मोदी जी के संकल्प, ध्येय, महायज्ञ विकसित भारत 2047 के गौरवपूर्ण यात्रा के साथी बनने का सौभाग्य मिल सकता है। विधान पार्षद देवेश कुमार ने विकसित भारत 2047 को सफल बनाने हेतु सभी उपस्थित शिक्षकों से सुझाव पत्र आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम का संचालक प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ प्रभारी रामदयाल शर्मा जी द्वारा किया गया।

# राजद के कारण 17 महीने बिहार का विकास ठप रहा : नित्यानंद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि राजद जब सरकार में थी, तब बिहार का विकास ठप हो गया था, विधि व्यवस्था चरमरा गई थी। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि आज जो सीएए कानून का विरोध कर रहे हैं, उनके अंदर मानवता समाप्त हो गई है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि तुष्टिकरण के लालच में वे ऐसा कर रहे हैं। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा कि कहीं कोई नाराजगी नहीं है। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। पत्रकारों ने केंद्रीय मंत्री से जब पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा एक वीडियो जारी कर 17 महीने में विकास के दावे करने के संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे क्या बोलेंगे। वे कुछ भी कह लें लेकिन जनता जानती है कि वह परिवारवाद और भ्रष्टाचार के पोषक हैं और अपराधियों को संरक्षण देने वाले हैं। राय ने कहा कि राजद के 17 महीने के शासनकाल में विकास ठप पड़ गया था। अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ गया था। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव और राजद को भ्रष्टाचार की नीति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परेशान हो गए थे। यही वजह है कि वे एनडीए के साथ आ गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के विकास के काम में लगे हैं। उन्होंने कहा कि 17 महीने जब वह सत्ता में रहे, लूट-खसोट किया। उस दौरान विधि-व्यवस्था चरमरा गई थी। उस दौर में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया, अपराधियों को संरक्षण दिया गया।

# शहीद जुब्बा सहनी के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

## भाजपा जो कमिटमेंट करती है, उसे पूरा भी करती है : सम्राट

- हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम की : विजय
- शहीद जुब्बा सहनी का हमारा समाज सदैव ऋणी रहेगा : हरि सहनी



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। बिहार भाजपा द्वारा बुधवार को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में शहीद जुब्बा सहनी के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जुब्बा सहनी भारत के निर्माण के लिए, आजादी के लिए प्राणों की आहुति दे दी। आज कोई ऐसे कार्यों को सोच भी नहीं सकता। हम सबको उनकी वीरगाथा को याद रखना है। भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत, विकसित बिहार की कल्पना की है और श्रेष्ठ भारत बनाने का सपना देखा है। इसके बाद गरीबों के कल्याण का काम शुरू किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा जो कमिटमेंट करती है, उसे पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने वर्षों पूर्व अखंड भारत का सपना देखा और संकल्प लिया था, जब देश में भाजपा के पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया गया। 2014 मे 530 संकल्प लिया गया था, जिसमे से 529 संकल्पों यानी 99.99 प्रतिशत पूरा किया। उन्होंने कहा कि सहनी समाज को आगे ले जाने में भाजपा कभी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग को जब संवैधानिक दर्जा दिया गया तो इस आयोग के पहले अध्यक्ष भी सहनी समाज से आने वाले भगवान लाल सहनी को बनाया गया। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि बिहार में 11 दिनों के अंदर 1.50 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन स्थापित होगा। किसी भी कीमत पर माफियाओं को स्थापित नहीं होने देंगे। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के गौरवशाली इतिहास को फिर से हासिल करना है। आज विरासत और विकास को साथ लेकर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम की है , आज सीएए कानून भी इसी को आगे बढ़ाता है। यह कानून नागरिकता देने वाला है। इस मौके पर विधान पार्षद हरि सहनी ने कहा कि शहीद जुब्बा सहनी का हमारा समाज सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने बहुत छोटे से उम्र में देश के लिए जो बलिदान दिया है, वह आज सभी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, प्रेम कुमार, रेणु देवी, राजभूषण निषाद, राजकुमार सहनी, अशोक सहनी ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम का संचालन मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक कमलेश सहनी ने किया। इस कार्यक्रम में भिखु भाई दलसानिया, अजय निषाद, बाबू राम निषाद, रामकृपाल यादव, धर्मशीला गुप्ता, संजीव चौरसिया, जगन्नाथ ठाकुर, अमित प्रकाश बबलू, रविकांत तिवारी भी उपस्थित थे।

# जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार सहनी राजद में शामिल

- राजद उपेक्षित लोगों को समाजिक न्याय दिलाने का किया काम : सिद्दीकी

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार सहनी जदयू से इस्तीफा देकर बुधवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ राजद में शामिल हो गए। राजद कार्यालय में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व सांसद अनिल सहनी की अध्यक्षता में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने श्री सहनी और उनके समर्थकों को राजद की सदस्यता दिलाई। श्री सहनी बिहार की एनडीए सरकार में बिहार राज्य मछुआरा आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं साथ हीं 2014 के लोकसभा चुनाव में वैशाली लोकसभा चुनाव क्षेत्र से जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। जेपी सेनानी श्री सहनी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व कैप्टन जयनारायण निषाद के बड़े भाई के लड़के हैं। इस मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए राजद के प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिवेश में समाजवाद और समाजिक न्याय के प्रति आस्था रखने वाले लोगों का विश्वास और आकर्षण राजद के प्रति काफी बढ़ा है। लालू प्रसाद ने सदियों से उपेक्षित लोगों को समाजिक न्याय दिलाने का काम किया। समाजिक सम्मान के साथ हीं उन्हें राजनीतिक और प्रशासनिक भागीदारी देने का काम किया तो नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज उन्हें आर्थिक न्याय दिलाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले सत्रह महिने में उपमुख्यमंत्री के रूप में उनके प्रयास से लाखों नौजवानों को नौकरियां मिली और लाखों नियुक्तियों की प्रक्रिया अन्तिम चरण में पहुंचने के बाद भी रोक रखा गया है। जो अबतक पुरी हो जाना चाहिए था। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बीनू यादव, पूर्व मंत्री और सांसद विजय कृष्ण, विधायक रामानुज प्रसाद, प्रवक्ता चित्तरंजन गगन, प्रदेश महासचिव प्रमोद राम, संजय यादव, मदन शर्मा, अभिषेक कुमार, फैयाज आलम कमाल ,देवकुमार चैरसिया, नागेन्द्र सिंह, कुमार राहुल सिंह, वैशाली जिला राजद अध्यक्ष वैधनाथ चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार में काम करने में हो रही थी रुकावट : तेजस्वी

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को इशारों ही इशारों में कहा कि सरकार में उन्हें काम करने में बाधा हो रही थी। राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को एक्स पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें 17 साल बनाम 17 महीने की सरकार की तुलना की गई है। उन्होंने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, गठबंधन धर्म की सीमितता व बाध्यताओं के बीच तथा पुराने ख्यालात, अप्रचलित तौर-तरीके, असामयिक निर्णय, कालग्रस्त कार्यशैली एवं रूढ़िवादी एप्रोच वाले नेतृत्व के साथ मैं अपनी क्षमता का बस 10 प्रतिशत पर ही कार्य कर पा रहा था। उन्होंने आगे लिखा, इन सब सीमाओं व रुकावटों के बावजूद भी हमने तार्किकता, बुद्धिमत्ता, वैज्ञानिकता और व्यावहारिकता के बल पर केवल 17 महीनों में ही लाखों नौकरियां दी एवं पर्यटन, आधारभूत संरचना, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्रों में प्रभावी, बेहतरीन व ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने यह भी कहा कि आम जनमानस ने तेजस्वी यादव ने इशारों-इशारों में कहा, साल बनाम 17 महीनों के इस सकारात्मक अंतर को नजदीक से अनुभव कर स्वागत किया है।

# बिहार की आर्थिक विकास गति देश में सबसे तेज : उमेश

### अर्थव्यवस्था 10.64 फीसदी की वृद्धि दर से बढ़ रहा आगे



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। बिहार जनता दल यूव के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश सरकार के बेहतर वित्तीय प्रबंधन और सशक्त नेतृत्व का सकारात्मक परिणाम है कि आज बिहार का आर्थिक विकास दर देशभर में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार बिहार की अर्थव्यवस्था 10.64 फीसदी की वृद्धि दर से आगे बढ़ रहा है। जो कि वैश्विक और राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश का विकास दर 13.69 फीसदी तक रहने का अनुमान भी जताया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सक्षम और कुशल नेतृत्व में डबल ईंजन की बिहार सरकार प्रदेश के समावेशी विकास को दोगुनी रफ्तार दे रहा है। साथ ही श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि बिहार के वार्षिक बजट का आकार भी पिछले एक दशक में लगभग ढाई गुणा से अधिक बढ़ा है। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ विकास के तमाम मापदंडों में बिहार ने अनूठा और अनुकरणीय उदाहरण स्थापित किया है। 2005 से पहले बीमारु राज्य के नाम से देशभर में बदनाम बिहार आज विकास की पटरी पर सरपट दौड़ रहा है और हमारा प्रदेश आर्थिक विकास दर में सबसे अव्वल है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आज प्रदेश की प्रत्येक जनता तक पहुंच रहा है। कोई भी जाति, धर्म या क्षेत्र सरकार की योजनाओं से अछूता नहीं है। न्याय के साथ विकास के संकल्पना को नीतीश सरकार ने अपने कार्ययोजनाओं और नीतियों के माध्यम से धरातल पर उतारा है। बिहार की जनता को विश्वास है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकसित बिहार के निर्माण का सपना बहुत जल्द पूरा होगा।

# सरकार की योजनाओं ने महिलाओं का जीवन बदल दिया : राजीव

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि महिलाओं के समग्र विकास व सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जितने काम किये हैं वह पूरे देश में एक मिसाल है। महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी द्वारा शुरू की गयी क्रांतिकारी योजनाओं ने आज बिहार की महिलाओं का जीवन बदल दिया है। यही वजह है कि पहले घर से बाहर निकलने में झिझकने वाली बिहार की महिलाएं आज पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल से ही बिहार देश का पहला राज्य बना जहां महिलाओं को पुलिस विभाग व अन्य सरकारी नौकरीयों में 35 फीसदी का आरक्षण दिया गया। इसी सरकार ने महिलाओं के लिए शिक्षा विभाग की नौकरियों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान भी किया हुआ है। नीतीश सरकार के कारण ही बिहार की महिलाओं को उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। वहीं मेडिकल, इंजीनियरिंग व स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध शिक्षण संस्थानों के नामांकन में उन्हें 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश सरकार के कारण ही आज बिहार में 2 लाख से अधिक महिला शिक्षिकाएं काम कर रही हैं और आने वाले समय में हजारों और महिलाओं की नियुक्ति होने वाली है। सरकार की महिला समर्थक नीतियों के कारण ही आज राज्य में 29,175 महिलाएं पुलिस विभाग में काम कर रही हैं। यही नहीं सरकार जीविका योजना के तहत महिलाओं को सामाजिक स्तर पर भी सशक्त कर रही है। अभी तक कुल 10.45 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है, वहीं एक करोड़ 30 लाख परिवारों की गरीब महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

# नीतीश कुमार वोट की नहीं, वोटर की चिन्ता करते हैं: सर्राफ

### बिहार के हर बूथ पर होगी जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ की उपस्थिति

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**




पटना। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जमुई जिले में बुधवार को जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ द्वारा कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता जदयू के विधानपार्षद सह प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक ललन सर्राफ थे। इस मौके पर अपने संबोधन के दौरान श्री ललन सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे नेता युगों में पैदा होते हैं। श्री नीतीश कुमार वोट की नहीं, वोटर की चिन्ता करते हैं। 2005 तक जो बिहार विकास के सभी मापदंडों पर पिछड़ा था, आज वो देश और दुनिया के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में डबल इंजन की सरकार है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जोड़ी बिहार के विकास में कई नए आयाम स्थापित करेगी। श्री ललन सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जाति, धर्म लिंग और क्षेत्र के भेदभाव के बिना बिहार में न्याय के साथ विकास को जमीन पर उतारा है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उन्होंने जो किया उसकी कोई सानी नहीं। उन्होंने कहा कि जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ को सुनिश्चित करेगा कि इसकी उपस्थिति बिहार के हर बूथ पर हो। हमें इस बार लोकसभा की सभी 40 सीटें अपने नेता की झोली में डालनी है।

## राज्य भर में अपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि : अरूण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरूण कुमार यादव ने राज्य में बढ़ते अपराधिक घटनाओं को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के साथ मिलकर जबसे नई सरकार बनी है तब से राज्य भर में अपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। राज्यभर में अपराधी खुलेआम दिनदहाड़े अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। श्री यादव ने कहा कि राज्य में पिछले डेढ माह से लगातार हो रहे अपराधिक घटनाओं में कानून व्यवस्था और सुशासन की पोल खोलकर रख दी है।

# मोटे अनाज के लिए सरकार दे रही है अनुदान : श्रवण कुमार

### मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय किसान मेला का किया उद्घाटन



- कहा- किसानों को उन्नति के लिए तत्पर है सरकार

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पटना/नालंदा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, एवं सबौर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दुनिया राम सिंह ने संयुक्त रूप से नालंदा के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय किसान मेला का उद्घाटन किया। मंत्री एवं कुलपति के हाथों 23 किसानों को सम्मानित किया गया। मंत्री ने मेला में किसानों को बताया कि बिहार सरकार किसानों की उन्नति के लिए चौथा रोड मैप तैयार किया है। मौसम अनुकूल खेती हो रही है। अब मौसम अनुकूल बीज तैयार किया जा रहा है। बिहार पहला राज्य है। जहां सरकार फसल क्षतिपूर्ति देती है। वैज्ञानिकों के बताए तकनीक अपना कर किसान उत्पादन के साथ-साथ आमदनी बढ़ा सकते हैं। नालंदा के किसानों ने धान के उत्पादन में चाइना को भी पीछे छोड़ दिया है। किसने की उन्नति के लिए वैज्ञानिक कृषि के क्षेत्र में रिसर्च कर रहे हैं। नतीजा गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग अब खेती के लिए गांव में लौटने लगे हैं। अच्छा बीज खाद मिलेगा तो निश्चित रूप से उत्पादन अच्छा होगा। उत्पादन अच्छा होगा तो आमदनी भी अच्छी होगी। किसानों की खुशहाली के लिए सरकार दिन-रात प्रयास कर रही है। खाद बीज के साथ-साथ यंत्रीकरण पर जोर दिया जा रहा है। प्राकृतिक आपदा से किसानों को थोड़ी परेशानी हुई है। सरकार फसल छती पूर्ति अनुदान भी देती है। नालंदा के किसान धान, गेहूं, आलू, मछली,शहद, मशरूम के साथ-साथ सब्जी उत्पादन में कीर्तिमान हासिल कर रहे हैं। दलहन, तेलहन व मोटा अनाज उत्पादन के लिए सरकार ने 27 82 करोड़ रूपया खर्च करने का योजना तैयार की है जैविक कॉरिडोर बनाया जा रहा है। पान के विकास के लिए भी योजना है। जदालू आम को बढ़ावा के लिए सरकार तत्पर है। कुलपति डॉ दुनिया राम सिंह ने कहा कि हम किसानों की उन्नति के लिए दिन रात योजना बनाने में लगे है। किसानों को आर्थिक रूप से सवल बनाना है। इसके लिए सरकार भी चिंतित है। नालंदा के किसान मशरूम के क्षेत्र में कीर्तिमान हासिल कर रहे हैं। ज्ञान वाहन के माध्यम कृषि तकनीक के बारे में किसानों को बताया जाएगा। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। किसान अपनी परेशानी कृषि विज्ञान केंद्र में आकर वैज्ञानिकों से साझा कर सकते हैं। समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक बैठे हैं। वैज्ञानिक तकनीक से खेती कीजिए। निश्चित रूप से आमदनी बढ़ेगी। मौके पर सबौर के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ आरके सुहाने, अटारी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अमरेंद्र कुमार, बीसा समस्तीपुर के डॉ राजकुमार जाट, उद्यान महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ रणधीर कुमार, केवीके के प्रधान वैज्ञानिक डॉ सीमा कुमारी, प्रखण्ड प्रमुख सुविली देवी, सीओ धर्मेंद्र कुमार, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, कवि उदय शंकर शर्मा, किसान अरुण सिंह, गौतम कुमार समेत दर्जनों नेता, अधिकारी व सैकड़ो किसान मौजूद थे।


**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 213 वर्ष 2023–24**

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
|---|---|
| 01- | RENOVATION OF SANITARY INSTALLATION AND BATHROOM TILES IN MINORITIES WELFARE AND DEVELOPMENT DEPTT. (HALL - 02 ) IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. |
| 02 | RENOVATION OF GLASS DOOR AND FITTINGS IN MINORITIES WELFARE AND DEVELOPMENT DEPTT. (HALL - 02 ) IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023-24. |
| 03- | Name of Work:- Supply and installation of Audio Visual System for Conference cum Meeting hall in Minorities welfare and development Deptt.(Hall no -02) at extended building block - 04 under irrigation section, patna for the year 2023-24. |
| 04- | Supply and Installation of Fire Alarm System & Smoke Detector for safety Protection in Minorities welfare and development Deptt.(Hall no -02) at extended building block - 04 under irrigation section, patna for the year 2023-24. |
| 05- | Supply and Installation of Fire Extinguisher System for Safety Protection in Minorities welfare and development Deptt.(Hall no -02) at extended building block - 04 under irrigation section, patna for the year 2023-24. |
| 06- | Supply, Installation, Testing & Commissioning of split AC machine in Minorities welfare and development Deptt.(Hall no -02) at extended building block - 04 under irrigation section, patna for the year 2023-24. (Part - 01) |
| 07- | Supply, Installation, Testing & Commissioning of split AC machine in Minorities welfare and development Deptt.(Hall no -02) at extended building block - 04 under irrigation section, patna for the year 2023-24. (Part - 02) |
| 08- | Supplying and Installation of 4K Smart OLED T.V in Minorities welfare and development Deptt.(Hall no -02) at extended building block - 04 under irrigation section, patna for the year 2023-24. (Part - 01) |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 019662 (BCD) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।



**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 214 वर्ष 2023–24**

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF FURNITURE WORK MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-I) | | | |
| 02 | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF FURNITURE WORK (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-II) | | | |
| 03- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF COMPACTOR/OPTIMIZER IN (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-I) | | | |
| 04- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF COMPACTOR/OPTIMIZER IN (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-II) | | | |
| 05- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF FURNITURE WORK (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-III) | | | |
| 06- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF FURNITURE WORK (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-IV) | | | |
| 07- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF FURNITURE WORK (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-V) | | | |
| 08- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF FURNITURE WORK (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-VI) | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 019657 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 215 वर्ष 2023–24**

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | SUPPLYING, FITTING AND FIXING OF CUPBOARD IN (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. | | | |
| 02 | RENOVATION OF PARTITION WORK IN (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 23 -24. | | | |
| 03- | RENOVATION OF WALL PANNELING AND CEILING WORK IN (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. | | | |
| 04- | RENOVATION OF SANITARY INSTALLATION AND BATHROOM TILES, GLASS DOOR AND FITTINGS IN (HALL -01 ) MINORITIES DEVELOPMENT NIDESHALAY IN EXTENDED BUILDING BLOCK - 04 UNDER IRRIGATION SECTION, PATNA FOR THE YEAR 23-24. | | | |
| 05- | Supplying and Installation of 4K Smart OLED T.V in Minority Development Nideshalay in Extended Building Block - 04 Under Irrigation Section, Patna For the Year 2023-24. | | | |
| 06- | Supply and Installation of Fire Alarm System & Smoke Detector for safety Protection in Minority Development Nideshalay in Extended Building Block - 04 Under Irrigation Section, Patna For the Year 2023-24. | | | |
| 07- | Supply and Installation of Fire Extinguisher System for Safety Protection in Minority Development Nideshalay in Extended Building Block - 04 Under Irrigation Section, Patna For the Year 2023-24. | | | |
| 08- | Supply, Installation, Testing & Commissioning of split AC machine in Minority Development Nideshalay in Extended Building Block - 04 Under Irrigation Section, Patna For the Year 2023-24. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 019660 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त खबरें

### विशनपुर जगदीश पंचायत के मुखिया पर अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन

बोचहा विशनपुर जगदीश पंचायत के मुखिया सुरेश कुमार के खिलाफ पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर पहुंचे और जिला पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन दिया है। समाहरणालय में जमा हुए वार्ड सदस्यों ने कहना है कि पंचायत की मुखिया सभी वार्ड में न सिर्फ मनमानी तरीके से कार्यों को कर रहे हैं, बल्कि वार्ड सदस्यों के मान सम्मान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। योजना के लेकर कार्य करने की बैठक में वार्ड सदस्य को नहीं बुलाया जा रहा है और नहीं ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है। योजना का प्रस्ताव वार्ड सदस्यों की सहमति के बगैर लिया जा रहा है। वार्ड सदस्य कई बार मुखिया से मिलकर विकास कार्यों की योजना सूची में शामिल करने को लेकर मिलने का प्रयास किया लेकिन मुखिया एवं उनके कार्यकर्ता वार्ड सदस्यों की बात को सुनने की बजाय अपनी मनमानी पर आतुर हैं। आवेदन देने वाले वार्ड सदस्यों में रमेश सहनी, छोटेलाल, कुंती देवी, लक्ष्मी देवी, प्रमिला देवी, कौशल कुमार, स्वेता कुमारी, सुशीला देवी व अन्य शामिल है।

### परिक्रमा मेला में कई जगहों पर लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

मधुबनी हरलाखी परिक्रमा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का निशुल्क उपचार व दवा के लिए कइ चिकित्सक संघ व समूह के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिया एवर हेल्दी हॉस्पिटल के संचालक डा बीके यादव की टीम शामिल है। टीम में डा रामकृपाल महतो डा शशांक शेखर डा एके सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजेश पासवान व उदय शंकर ठाकुर ने श्रद्धालुओं का निशुल्क इलाज कर दवा वितरण किया। इस दौरान डा बीके यादव ने बताया कि यहां 2017 ईश्वी से प्रतिवर्ष निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रद्धालुओं का बीपी जांच व दर्द निवारक मालिश के साथ अन्य उपचार किया जाता है।

### शादी समारोह के दौरान विवाद में दो युवक हथियार के साथ धराया

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहुआ मिल्की वार्ड संख्या-1 में विवाह के दौरान विवाद होने पर हथियार के साथ पहुंचे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। बताया गया है कि मोतीपुर गांव निवासी गंगाराम सहनी का पुत्र मनीष कुमार और परीक्षण सहनी का पुत्र उचित कुमार रहुआ गांव आकर विवाह कार्यक्रम के दौरान विवाद कर रहा था। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पहुंची रोसड़ा थाने की पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवक के पास से अवैध कट्टा और दो मोबाइल बरामद किया गया है। इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनों युवको को जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में दो पक्षों के बीच विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं के जख्मी के परिजन ने ईलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। जख्मी लोगों की पहचान मधुबन गांव निवासी ललन पासवान, संतोष पासवान, ललित पासवान, लालबाबू पासवान, राजनंदन पासवान, गीता देवी, फूलो देवी, रामदेव पासवान व नीता देवी शामिल है। वहीं ललित पासवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर करने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने बताया है।

### नैनो यूरिया व डीएपी छिड़काव हेतु इफको के द्वारा दिया गया ड्रोन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। महिलाओं को स्वावलंबी बनने और किसानों के खेतों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के छिड़काव में सहुलियत हेतु इफको के तत्वाधान में लखपति दीदी योजना के तहत निशुल्क ड्रोन दिया गया है। यह ड्रोन ई-रिक्शा जेनरेटर विभूतिपुर प्रखंड के महम्मदपुर सकड़ा निवासी सतीश कुमार मिश्रा की पुत्री स्मृति कुमारी को इफको की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक कृषि डा राज सुपुर्द किया है प्रथम एक सप्ताह तक किसानों के खेतों में मुफ्त छिड़काव किया जाएगा। मौके पर इफको के शाखा प्रबन्धक फराज अहमद, सएफए प्रणव कुमार एवं अविनाश कुमार, रजनीश कुमार, सतीश कुमार मिश्रा, सचिन कुमार, अरविन्द कुमार, कुमार दीपांकर आदि मौजूद थे।

# सीएसपी संचालक से लूट के प्रयास मामले में 6 बदमाश गिरफ्तार, एक देसी पिस्टल बरामद

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर के उजियारपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सीएसपी संचालक से लूट के मामले में का मंगलवार शाम पुलिस ने खुलासा कर लिया। इस मामले में पुलिस ने लूट में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के पास से एक देसी पिस्टल व घटना के दौरान प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान कपूरीग्राम थाने के बाघी गांव के रामश्रय राय के पुत्र अरविंद कुमार, इसी गांव के अरविंद सिंह का पुत्र राजा कुमार, इसी थाने के आधारपुर गांव के प्रेमलाल सिंह का पुत्र संजीव कुमार, इसी गांव के सुरेश सिंह का पुत्र चंदन कुमार, मुसरीघरारी थाने के फतेहपुर बाझा वार्ड एक के नथुनी दास का पुत्र राजेश कुमार उर्फ केटीएम व उजियारपुर के सूरजपुर गांव निवासी जालीत सहनी के पुत्र मोनू कुमार के रूप में की गई है। बताया गया है कि इस घटना में मोनू ने लाइनर की भूमिका निभाई थी। दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि गत सात मार्च को सीएसपी संचालक अमित कुमार बाइक एसबीआई शाखा से राशि लेकर लौट रहे थे इसी दौरान सरयुग ट्रेडर्स के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने अमित को रोक लिया और लूट का प्रयास किया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जाच शुरू की गई। मानवीय तकनीकी सूचना के आधार पर पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। डीएसपी ने बताया कि उजियारपुर के सूरजपुर का रहने वाला मोनू कुमार ने इस इस घटना में लाइनर की भूमिका निभाई थी। गिरफ्तार बदमाशों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अब सभी को जेल भेजा जा रहा है। छापेमारी के दौरान उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

# लोको डिरेल हो रेल फाटक से जा टकराई मालगाड़ी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड के भगवानपुर देसुआ स्टेशन के पास बुधवार की सुबह एक मालगाड़ी पटरी छोड़कर रेल फाटक से टकरा गई। इस कारण एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। इस घटना के बाद रेल खंड पर थोड़ी देर के लिए रेल परिचालन बाधित रहा। घटना की सूचना मिलते ही आनन-फानन में रेलवे प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई थी। वहीं रेल मंडल एडीआरएम आलोक कुमार भी अन्य रेल अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ले रहे थे। घटना के संबंध में बताया गया 58 बोगियों वाली मालगाड़ी डाउन लाइन में एफसीआई का आनाज लेकर कटिहार के लिए जा रही थी। इसी दौरान भगवानपुर देसुआ रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह लगभग 5:50 बजे यह हादसे हो गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि रेलवे प्रशासन घटना की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मालगाड़ी लूप लाइन में साइड लाइन की ठोकर तोड़कर कर रेलवे ट्रैक से उतर गई और भगवानपुर देसुआ फाटक संख्या 34-सी से टकरा गई। इसमें फाटक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा था कि सिग्नल में गड़बड़ी के कारण यह हादसा हुआ है। राहत एवं बचाव कार्य में रेल अधिकारियों व कर्मी जुटे हुए थे। इस घटना को लेकर रेलवे प्रशासन ने लोको पायलट को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने कहा कि यह लोको डिरेल की घटना है। इसमें रेल परिचालन सेवा बाधित नहीं हुई है। वहीं उन्होंने कहा कि दोनों ड्राइवर सोनपुर रेल डिवीजन के हैं और उनके विरुद्ध वहीं के स्तर से कार्रवाई होगी। फिलहाल रेस्टोरेशन व रेस्क्यू किया जा रहा है। इस घटना में रेलवे गुमटी का बुम भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस कारण मेनुअल गेट को बंद और खोल कर ट्रेनों को पास कराया जा रहा था। सुरक्षा के ख्याल से मौके पर आरपीएफ की टीम को तैनात किया गया था। आरपीएफ इंस्पेक्टर वीपी वर्मा अपनी टीम के साथ इस कार्य में जुटे थे। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद थोड़ी देर के लिए जानकी एक्सप्रेस अप लाइन व जानकी एक्सप्रेस डाउन लाइन एवं राजधानी एक्सप्रेस को रोका गया था। बाद में राजधानी एक्सप्रेस को मेन लाइन से रवाना किया गया।

# कर्ज के दबाव में दलित दंपति की आत्महत्या के विरोध में 17 मार्च को आक्रोश मार्च



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) के राष्ट्रीय महासचिव व माले पॉलिट ब्यूरो सदस्य मीना तिवारी ने मंगलवार को जिले के सकरा वाजिद गांव पहुंच कर पिछले दिनों माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के लोन के दबाव में दलित दंपति शिवनाथ दास और उनकी पत्नी भुखली देवी की दर्दनाक मौत के मामले में उनके परिजनों से मुलाकात की। उनके साथ ऐपवा की राज्य उपाध्यक्ष रानी प्रसाद, माले राज्य कमिटी सदस्य जितेंद्र यादव, माले प्रखंड सचिव राजेश रंजन, किसान नेता प्रेमलाल यादव, राकेश रौशन, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार भी थे। उस गांव-टोला के और लोगों से भी बात कर मामले की जानकारी ली। मुजफ्फरपुर लौट कर हरिसभा चौक स्थित माले जिला कार्यालय में एक प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर मीना तिवारी ने कहा कि दलित दंपति की दर्दनाक मौत के लिए केन्द्र सरकार की नीतियां जिम्मेवार है। सरकार ने निजी माइक्रो फाइनेंस कंपनियों को गरीबों खासकर महिलाओं को लोन के नाम पर लूटने की बेतहाशा मनमानी करने की छूट दे रखी है। लोन वसूलने के लिए गरीब कर्जदारों के साथ बदसलूकी, गाली-गलौज, मारपीट तथा तरह-तरह से बर्बरता आम घटना बन गई है। उन्होंने आक्रोश के साथ कहा कि सकरा वाजिद में इस दर्दनाक मौत के जिम्मेवार फाईनेंस कंपनी के गुर्गो को अभी तक गिरफ्तार भी नहीं किया गया है। पीड़ित परिवार को न कोई मुआवजा दिया गया है। उन्होंने घोषणा की कि 17 मार्च को सरकार की माइक्रो फाइनेंस नीतियों के कारण हुई मौत को लेकर ह्यमोदी सरकार जवाब दोह्ल आक्रोश मार्च महिलाओं के द्वारा शहर में निकाला जायेगा जिसमें सैकड़ों महिलाएं भाग लेंगी। उसके पूर्व जिलाधिकारी से भी मिलकर स्मार-पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। प्रेस कान्फ्रेंस में ऐपवा महासचिव मीना तिवारी के साथ महिला नेत्री रानी प्रसाद, माले नेता जितेंद्र यादव, सूरज कुमार सिंह भी शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र सरकार को माइक्रो फाइनेंस कंपनियों को नियंत्रित करने के लिए कठोर कारवाई करनी चाहिए। लोन वसूलने की जोर-जबर्दस्ती पर रोक लगानी चाहिए। सूद का दर सलाना महज एक प्रतिशत तय करना चाहिए। महिलाओं और गरीबों के लिए सम्मानजनक रोजगार और आमदनी के श्रोत की गारंटी करनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में भी इसको मुद्दा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मोदी गारंटी गरीबों और महिलाओं के साथ छलावा है। उनकी बेहतर ज़िन्दगी की गारंटी नहीं बल्कि मौत की गारंटी बन गई है जो खतरनाक है।

# विधायक ने अग्नि पीड़ितों का लिया जायजा, उपलब्ध कराई सहायता सामग्री



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

दलसिंहसराय प्रखंड क्षेत्र के बसढ़िया पंचायत में बीते कुछ दिन पूर्व अचानक आग लग गई थी। जहां अग्नि पीड़ित परिवारों से मिलकर पूर्व मंत्री सह उजियारपुर विधायक आलोक मेहता ने घटना की जायजा लेते हुए पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। वहीं उन्होंने अपने स्तर से घटना के शिकार बने करीब दर्जनों अग्नि पीड़ित परिवारों को सहायता सामग्री मुहैया कराया। उन्होंने इस भीषण घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के स्तर से अब तक राहत एवं सहायता मुहैया नहीं कराए जाने पर इस सरकार की विफलता बताया। वहीं चिंता व्यक्त करते हुए मानवता के नाते जनहित में अति शीघ्र सरकारी स्तर से राहत एवं सहायता मुहैया कराए जाने की मांग की। वहीं विधायक श्री मेहता ने सरकार से सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कराए जाने सहित घटना में क्षति हुई संपत्ति का आकलन कराकर पर्याप्त क्षतिपूर्ति मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मौके पर राजद प्रदेश सचिव नंद किशोर महतो, आपदा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील केजरीवाल, प्रखंड अध्यक्ष मो० जाबिर हुसैन, प्रधान महासचिव राज दीपक, मुखिया हेमंत सहनी, प्रखंड प्रमुख संजीव कुमार, प्रमोद राय, मो० सोनू, अशोक सिंह, राम विनोद पासवान, रमेश राय, सुबोध ठाकुर, राजेश पासवान, मनोरंजन कुमार सिंह, राज कुमार सिंह, आदि कई गणमान्य लोगों के अलावा ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गर्मी ने दी दस्तक, तापमान होगा 34 डिग्री

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गर्मी ने दस्तक दे दी है।अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान के 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की सम्भावना है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 13से 17मार्च तक के मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 295 एवं 10.5 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्यता 9 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 43 प्रतिशत, हवा की औसत गति 120 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 48 मिनी तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 9.4 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 152 एवं दोपहर में 32.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। 13से 17 मार्च तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः हाकतया मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है।इस अवधि में अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 17-21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 10 से 15 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछिया हवा चलने का अनुमान है।

# पंच व सरपंचों के बकाये मासिक भत्ता का अविलंब भुगतान करे सरकार : महेश राय

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



पंच-सरपंच संघ के समस्तीपुर जिलाध्यक्ष महेश राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लंबित मासिक भत्ता का भुगतान करने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि 10 दिनों के बाद हिन्दुओं का मुख्य पर्व होली है तथा मुसलमान भाइयों का पवित्र महीना रमजान चल है। लेकिन बार-बार सम्बंधित पदाधिकारियों से पत्राचार करने के बाद भी बकाये मासिक भत्ते का भुगतान बिहार सरकार नहीं कर रही है। होली तथा ईद पर्व को देखते हुए होली से पूर्व पंच-सरपंचों के मासिक भत्ता का भुगतान किया जाना चाहिए।

# समेकित कृषि प्रणाली पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में खेती किसानी को एक नया आयाम देने के लिए समेकित कृषि प्रणाली के तहत जीविका से जुड़े किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खेती आधारित अन्य गतिविधियों को जोड़कर किसानों की आमदनी को बढ़ाना है। मछली पालन, बकरी पालन, पशुपालन और तकनीकी खेती के आधार पर अपनी आमदनी को बढ़ाने के साथ ही आचार मुरब्बा का उत्पादन और बिक्री के साथ ही किसानों को डीप इरीगेशन और सिंचाई विभाग के साथ ही अन्य सरकारी विभागों की योजनाओं का उन्हें लाभ पहुंचाना है ।इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए तकनीकी विशेषज्ञ दीपू कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पूरे देश में इस तरह की कार्यशाला चल रही है। जिसमें बिहार के सात जिले शामिल है। मुजफ्फरपुर में सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिले का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ है। जिसमें सभी तरह के कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई है। और सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ ही पशुपालन और उन्नत किस्म की खेती की कार्य योजना बनी है ।इस कार्यशाला के बाद किसानों को काफी फायदा होगा। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी प्रकार के अपशिष्ट का इस्तेमाल खेती के साथ किया जा सकता है ।जिससे उर्वरा और पशुओं के लिए चारा भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इस कार्यशाला में सीतामढ़ी के डीपीएम उमाशंकर भगत और उनकी पूरी टीम, मुजफ्फरपुर से कृषि प्रबंधक कुणाल किशोर ,सिद्धार्थ कुमार ,राज कुमार, अंबरीन आजाद,निशांत कुमार बीपीएम नागेंद्र कुमार ,प्रणव कुमार अर्चना, कुमारी मोहम्मद कैफ और अन्य सहयोगी संस्था के सदस्य और कई जीविका कर्मी उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भू माफियाओं से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एसयूसीआई ( कम्युनिस्ट) के जिला सचिव अर्जुन कुमार के नेतृत्व में आज सरैया के लोकल कमेटी सदस्य नन्हक साह, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सरैया प्रखंड सचिव कौशल भक्त, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य अनिल राम का एक प्रतिनिधिमंडल सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर जिलाधिकारी, आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल एवं पुलिस महानिरीक्षक को मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरैया की पूर्व से निर्मित चहारदीवारी व शौचालय को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डीसी शर्मा की मिलीभगत से भूमाफियाओं द्वारा तोड़कर भूमि अतिक्रमण करने की त्वरित जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने एवं नई चहारदीवारी बनाने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से उनलोगों ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सरैया प्रखंड मुख्यालय बनने के पूर्व ही 1922 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हुई। अब यह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरैया के रूप में स्थापित है। उक्त जमीन की चहारदीवारी चारों तरफ से सरकार द्वारा कराई गई थी। विगत 2 मार्च 2024 को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डीसी शर्मा को मेल में लेकर भूमाफियाओं ने चहारदिवारी तोड़कर जमीन पूरब छोर से दखल कर लिया और साक्ष्य छुपाने के लिए अस्पताल की जमीन की नई चहारदीवारी करवा दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की मिलीभगत के कारण सरकारी संपत्ति दखल करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब कई दिनों के बाद इसकी लिखित शिकायत आम जनता द्वारा 6 मार्च 2024 को अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी सरैया को दी गई लेकिन इन लोगों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुनः 11 मार्च 2024 को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, प्रखंड कमिटी, सरैया के बैनर तले सैंकड़ों लोगों के एक जत्थे ने प्रखंड व अंचल कार्यालय के समक्ष धरना दिया तब जाकर 12 मार्च 2024 को अंचलाधिकारी द्वारा जमीन की मापी कराई गई। मापी से स्पष्ट हुआ कि अस्पताल की जमीन भूमाफियाओं ने दखल कर ली है और इस कुकृत्य को छुपाने के लिए दखल किए गए जमीन के बाद नई चहारदीवारी करवा दी है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि भूमाफियाओं से मिलकर निजी स्वार्थ में अस्पताल की चहारदिवारी व शौचालय तोड़वाने एवं उन्हें जमीन देने वाले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० डीसी शर्मा को बर्खास्त किया जाए तथा उनपर आपराधिक मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को मेल में लेकर अस्पताल की चहारदिवारी व शौचालय तोड़ने वाले भूमाफियाओं पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।अस्पताल की हड़पी गई जमीन को भूमाफियाओं से मुक्त कराकर अस्पताल की पूरी जमीन को पकड़ कर नए सिरे से चहारदीवारी करवाई जाए। पूरे मामले की त्वरित एवं सघन जांच कराकर सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा उन्हें दृष्टांतमूलक सजा दिलाई जाए।

# सीएसपी संचालक से गोली मारकर हुई लुट मामले में प्राथमिकी दर्ज

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव में सीएसपी संचालक से गोली मारकर हुई लुट मामले में तीन अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वहीं सीएसपी संचालक वासुदेवपुर गांव निवासी श्रीनारायण झा के पुत्र विकास कुमार के आवेदन पर कल्याणपुर थाना में प्राथमिक दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि मंगलवार की देर शाम मूसेपुर गांव से सीएसपी बंद कर अपने घर वासुदेव लौट रहे थे कि बाइक सवार अपराधियों ने मूसेपुर गांव के समीप सुनसान जगह पर विकास कुमार को गोली मार कर जख्मी कर दिया। गोली मारने के बाद 60 हजार रुपए लेकर अपराधी फरार हो गया। जिसमें विकास कुमार की गोली लगने से विकास कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जिस मामले में कल्याणपुर थाने में तीन अज्ञात पर आवेदन कर प्राथमिक दर्ज कराया है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज किया गया। पुलिस आवेदन के आधार पर जांच में जुट गई है। वहीं दूसरे जख्मी युवक मुक्तापुर गांव निवासी हरिनंदन यादव का पुत्र दीपक कुमार का इलाज के दौरान पटना में बुधवार की सुबह मौत हो गई।

# श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



महम्मदपुर सकड़ा के पूर्व मुखिया मनोज कुमार यादव के निधन उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया सभा की अध्यक्षता पूर्व सरपंच हरिनारायण सिंह एवं संचालन रामनारायण सिंह कर रहे थे। उपस्थित लोगों ने उनके फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सह उजियारपुर सांसद नित्यानंद राय, स्थानीय विधायक अजय कुमार, पूर्व मंत्री सह उजियारपुर विधायक आलोक कुमार मेहता, भाजपा के जिला अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, जिला संयोजक अरविंद कुमार कुशवाहा, जिला परिषद सदस्य अमन पाराशर, ममता कुमारी, रविंद्र राय, गंगा प्रसाद यादव, रामभरोस राय, सुशीला देवी, राकेश कुमार, रोशन कुमार, निशा कुमारी, रामप्रवेश राय, नरेश राय, राजेश झा, गिरीश यादव, रामलाल पासवान, भोला चौधरी, डॉ अशोक कुमार, राम नरेश महतो सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित की।

# तीसरी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी पति की हत्या

## पुलिस ने कर लिया हत्याकांड का कूछ ही घंटों में उद्भेदन



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी साहरघाट थाना क्षेत्र के केरवा स्थित कमला नहर किनारे से युवक की हत्या कर फेंके गए शव बरामदगी मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है.बेनीपट्टी के एसडीपीओ दिवेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस की टेक्निकल टीम के द्वारा मामले की जांच के बाद दी गई जानकारी के मुताबिक, मृतक के शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं तत्काल एक टीम गठित कर तकनीकी अनुसंधान प्रारंभ किया गया इस क्रम में घटना में संलिप्त संदिग्धों से पूछताछ में जानकारी मिली की रविवार की शाम लगभग साढ़े 6 बजे मृतक रामसेवक ठाकुर अपने घर हरलाखी थाना क्षेत्र के दिधिया पिपरौन गांव से बाइक पर अपनी तीसरी पत्नी पुजा ठाकुर के साथ सीतामढ़ी जिले के खोरिया गांव के किसी शादी समारोह में किसी महिला का मेकअप करने के लिए निकला जहां रास्ते में ही उसके और उसके पत्नी के बीच किसी आपसी विवाद को लेकर झड़प होने लगा इसी क्रम में मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी हरलाखी थाना क्षेत्र के दिधिया पिपरौन गांव निवासी नवल यादव के पुत्र उदय यादव को केरवा बाँध के पास बुला लिया...फिर जैसे ही मृतक अपनी पत्नी के साथ केरवा बाँध के पास पहुँचा तो पूर्व से वहाँ खड़े उसके तीसरी पत्नी के प्रेमी ने घेरकर रोक लिया फिर लकड़ी के टोने से मृतक के सर पर तीन बार आघात किया जिससे वो जख्मी होकर वहीं गिर गया इसके बाद मृतक की पत्नी व उसका प्रेमी उसे वहीं तड़पता छोड़ वहां से भाग गए जिसके बाद काफी रक्तस्राव के कारण घटनास्थल पर तड़प तड़प कर उसकी मौत हो गई पुलिस द्वारा घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का टोना, मृतक की बाइक, मोबाईल, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड एवं एक बैग से मेकअप करने वाला सामान बरामद किया गया है।

# भाजपा हटाओ-एम्स बनाओ धरना आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा महागठबंधन के आह्वान पर आज एकमी चौक पर भाजपा हटाओ - दरभंगा एम्स बनाओ धरना का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष उदय यादव, भाकपा(माले)बहादुरपुर प्रखंड सचिव विनोद सिंह, सीपीएम प्रखंड सचिव राम सागर पासवान, सीपीआई प्रखंड सचिव विश्वनाथ मिश्रा ने किया। वही एकमी चौक से लहेरियासराय पोलो मैदान तक एक विशाल मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व राजद जिला अध्यक्ष उदय शंकर यादव, प्रदेश महासचिव उमेश राय, भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव राज्य कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार, सीपीएम कार्यकारी जिला सचिव श्याम भारती, जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप भगत, सीपीआई जिला सचिव नारायण जी झा, किसान सभा के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सीपीआई एम राज्य सचिव ललन चौधरी ने कहा की भाजपा की सरकार दरभंगा सहित मिथिलांचल के लोगो को ठगने का काम कर रहे है। 17 महीना के महागठंधन की सरकार ने नीतीश कुमार पर दवाब बनाकर शोभन में जमीन अधिग्रहण का काम करवाया। जमीन अधिग्रहण करने के बाद नीतीश कुमार पुन पलटी मारकर भाजपा के गोद में जाकर बैठ गया है। और आज तक एम्स के जमीन का शिलान्यास नही हुआ। देश के सर्वोच्च पद पर बैठकर भारत के प्रधानमंत्री ने दरभंगा वासियों को झूठ बोलकर ठगने का काम किया हैं की दरभंगा में एम्स बन गया। वही वाम दल और राजद के जिला सचिव व अध्यक्ष उदय यादव, बैद्यनाथ यादव, श्याम भारती, नारायण जी झा कहा की आज लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने वाला है। लेकिन आज तक शिलान्यास नही हुआ। अब समय आ गया की भाजपा और जदयू के झूठे वादा का पोल गांव गांव में खोलना होगा और एम्स बनाने की आंदोलन को और तेज करना होगा। आगे वक्ताओं ने कहा की पिछले वार मिथिलांचल में भाजपा सांसद के निक्कमेपन के कारण मिथिलांचल से केंद्रीय वि वि को छीन लिया गया था। लेकिन इस बार एम्स बनाने की लड़ाई को आड़ पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। जब तक एम्स का शिलान्यास होगा नही तक दरभंगा की जनता चुप नही बैठेगी।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने और नियमित टीकाकरण हेतु बैठक संपन्न

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाने एवं नियमित टीकाकरण हेतु विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में 15 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने और 19 मार्च को मॉप अप दिवस मनाने तथा एक से 19 वर्ष आयु के बच्चों को कृषि नाशन हेतु अल्बेंडा जल खिलाने पर चर्चा की गई। जिसमें सभी सरकारी, निजी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा विद्यालय, संस्कृत विद्यालय, सभी तकनीकी, गैर तकनीकी संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। बैठक में बाल विकास परियोजना, जीविका, सभी स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी सहित एलएस अनिता कुमारी, कृष्ण सुधा, रेणु कुमारी, अनामिका कुमारी, अंजू भारती, इंदु कुमारी, अंजलि, उपमा आदि उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### करेंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

पातेपुर । पातेपुर थाने की कृष्णबड़ा गांव का एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत बुधवार को करंट लगने से हो गई।इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।मिली खबर के अनुसार मृतक बिजली पम्प लेकर खेत में पटवन करने गया हुआ था।पम्पसेट चालू करने के दौरान उसे करंट मार दिया।जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई।खेत के आसपास काम कर रहे मजदूर तब तक घटनास्थल पर पहुंचता तब तक वह दम तोड़ दिया था।मृतक उक्त गांव के रामदेव राय का पुत्र बताया गया है।घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस आकर मामले की तहकीकात में जुट गई है।

# नागरिकता संशोधन कानून पूर्णतः संविधान विरोधी:निशांत यादव

## सीएए के प्रतियों को जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ एनएसयूआई और आइसा ने संयुक्त रूप से भूपेंद्र नारायण मंडल चौक पर सी ए ए के प्रतियों को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रनेताओं ने सी ए ए को संविधान की मूल भावना को आहत करने वाला काला कानून बताया एवं मोदी सरकार के विरोध में घंटों नारेबाजी किया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की नागरिकता संशोधन कानून पूर्णतः संविधान विरोधी है। यह संविधान के मूल भावना को आहत कर रहा है। उन्होंने कहा की भारतीय संविधान के अनुसार देश में किसी के साथ भी धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। यह कानून पूर्णतः धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा की जब से मोदी सरकार देश में सत्ता में आई है लगातार संविधान और आम आवाम के लोकतांत्रिक हितों पर हमले कर रही है। लगातर भाजपा और आरएसएस के नेताओं द्वारा संविधान विरोधी बयान दिए जा रहे है। पिछले दिनों ने भाजपा नेता अनंत हेंगरे ने संविधान बदलने की बात कही है। इससे मोदी सरकार की मंशा साफ जाहिर हो रही है।जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की आज देश की जनता आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से परेशान है लेकिन मोदी सरकार देश को जनता को धर्म की राजनीति कर गुमराह करने का प्रयास कर रही है। आरवाईए जिला संयोजक कृष्णा कुमार ने कहा की देश की युवा रोजगार की मांग कर रहा है, लेकिन मोदी सरकार मंदिर - मस्जिद की राजनीति कर देश के युवाओं को गुमराह कर रही है। मोदी सरकार के षडयंत्र को देश की जनता समझ चुकी है। मोदी सरकार ने इस देश के गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान को ठगने का काम किया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। आइसा जिला सचिव पावेल कुमार ने कहा की चुनाव के समय में 2 करोड़ का रोजगार देने वाला जुमला देकर देश के युवाओं को लुभाया और जब सत्ता हाथ आई तो युवाओं को गुमराह करने के लिए जाती, धर्म के मुद्दे को उठाया जा रहा है। देश के संविधान और लोकतंत्र को कुचलने की साजिश की जा रही है। देश के सार्वजनिक संपतियों को निजी कंपनियों को सौंपा जा रहा है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला सचिव सोनू कुमार, नीतीश कुमार, रंजित कुमार, आशीष कुमार, डूलेन कुमार, बिमलेश कुमार, सुबोध कुमार, निरंजन कुमार एवं आइसा जिलाध्यक्ष सन्नी कुमार, रणवीर कुमार, राजकिशोर कुमार, सौरभ कुमार, विष्णु कुमार, नवीन कुमार, अविनाश कुमार समेत दर्जनों छत्रनेता मौजूद थे।

# कॉलेज में चलाया गया सघन मतदाता जागरूकता अभियान




प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जमुनी लाल महाविद्यालय, हाजीपुर द्वारा लोक सभा चुनाव 2024 में छात्र/छात्राओं की मतदान में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने को लेकर सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वर्ग के साथ साथ नजदीकी वार्ड में भी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नंद किशोर प्रसाद की अध्यक्षता में महाविद्यालय निर्वाचक सुरक्षा क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ रजनीश कुमार के नेतृत्व में युवाओं को मतदान एवं चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। लोकतंत्र में युवाओं का योगदान और विकसित भारत के लिए युवाओं की सक्रियता के बारे में विशद रूप से चर्चा की गई। बिना किसी प्रलोभन या दबाब में परे अपने उम्मीदवार का चयन के साथ साथ अपने बहुमुल्य मत की महत्ता को भी बतलाया गया। इस अभियान में महाविद्यालय की अंबेस्डर सुश्री अंशु और लक्ष्मी के साथ साथ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षक के रूप में डॉ नितिन कुमार, अजय कुमार, अभिषेक कुमार, राजू कुमार आदि तथा देवेंद्र, संजय, राजीव, विक्की, विश्वजीत मौजूद रहे।

# जमुई पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी अवैधए 18 मोटरसाइकिल सहित 05 अपराधी गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र में बढ़ते मोटरसाइकिल चोरी जैसे घटनाओं पर नकेल कसने के लिए जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ०शौर्य सुमन के सफल निर्देशन में पुलिसिया कांबिंग ऑपरेशन शुरू की गई जिसका नेतृत्व एसडीपीओ सतीश सुमन ने कियो इस छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक जमुई अंचल, थाना अध्यक्ष लक्ष्मीपुर आलोक कुमार, प्रभारी थाना अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, प्रशिक्षु एस आई विवेक कुमार यादव, सावन कुमार ,प्रभात राय , ए एस आई सरोज कुमार झा, डी आई यू टीम के सदस्यगण एवं लक्ष्मीपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे लक्ष्मीपुर थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सीडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र में हो रहे मोटरसाइकिल चोरी के घटनाओं की रोकथाम एवम चोरी गए मोटरसाइकिल की बरामदगी तथा चोरों के गिरोह का उदभेदन हेतु छापेमारी 11 और 12 मार्च को रात्रि में की गई छापेमारी के दौरान इस गिरोह के सक्रिय सदस्य अमन कुमार ,पिताः मनोज दास ग्राम साकल बिचाला टोला,थाना लक्ष्मीपुर,मंटू कुमार दास, पिता : राम अवतार दास ग्राम साकल गंगटी टोला थाना लक्ष्मीपुर, विक्की दास, पिताः राजेंद्र दास ग्राम भंदरा थाना बरहट, विकास कुमार, एवम जितेंद्र साह पिताः परमेश्वर साह ग्राम तेतरिया थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई को गिरफ्तार किया गया तथा उन लोगों के निशानदेही पर उपरोक्त सभी व्यक्तियों के अतिरिक्त गिरोह के मुख्य सरगना नंदन दास, पिताः कैलाश दास ,सागर कुमार दास ,पिताः सुनील दास जो छापेमारी के दौरान भागने में सफल हो गऐ सभी के घरों से चोरी एवं खरीद बिक्री के लिए छुपा कर रखे गए कुल 18 मोटरसाइकिल को विधिवत बरामद किया गयो ।

# पीएम ने वंचित वर्गों के लिए आउटरीज कार्यक्रम का किया शुरूआत



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिला संभल समाहरणालय के संवाद कक्ष में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वंचित वर्गों के लिए आउटरेज कार्यक्रम का शुरूआत किया गया इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के वंचित वर्गों की दास्तान को सुना और केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए जो कदम उन्होंने उठाए थे उसकी जानकारी उन लोगों से ली गई वहीं जमुई समाहरणालय के संवाद कक्ष में बिहार सरकार के कबिना मंत्री डॉ प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वंचित वर्गों के लिए आउटरीज कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके कियो इस उद्घाटन समारोह में मंत्री डॉ प्रेम कुमार के साथ स्थानीय विधायक सुश्री श्रेयशी सिंह,जिलाधिकारी राकेश कुमार, उपविकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता सुभाष चन्द्र मंडल एवम मंचासीन सभी लोग सरीक हुऐ वही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैबिनेट मंत्री प्रेम कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समूहों को दी इस दौरान उन्होंने मुंगेर जिले के एवं जमुई जिले के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं पीपीई किट प्रदान किया जिस प्रकार लाभार्थियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया ।

# मेरा वोट मेरा भविष्य, आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

प्रात: किरण, संवाददाता




महुआ । महुआ प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर और राजकीय मध्य विद्यालय गोरिगामा में जिलाधिकारी वैशाली के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार करीब एक पखवाड़े से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन करते हुए विधालय के पोषक क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।इसी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय के स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्लोगन प्रतियोगिता में वर्ग 7,8 एवं 9 के दर्जनों स्काउट गाइड ने भाग लेते हुए अपनी कला क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के रोचक स्लोगन का निर्माण कर अपने प्रतिभा और कला का प्रदर्शन किया। इस स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालय की पोषक क्षेत्र की सभी मतदाताओं खासकर युवा और वृद्ध मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की गई।ज्ञात हो कि इस विद्यालय की स्काउट गाइड यूनिट के द्वारा 1 फरवरी से लगातार जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन करते हुए चौपाल , पेंटिग प्रतियोगिता,रंगोली प्रतियोगिता कविता वाचन आदि समेत कई अन्य कार्यक्रमों के साथ साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन करते हुए विद्यालय की पोषक क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में मनीषा कुमारी,प्रियांशु कुमारी, मुस्कान कुमारी,मनीष कुमार,आर्यन राज, आशिक पवन ,खुशबू कुमारी, साक्षी कुमारी, श्रुति कुमारी, अंजली कुमारी,सरिता कुमारी, मुस्कान कुमारी,अंजली कुमारी, आर्यन कुमार,आयुष कुमार, आकांक्षा कुमारी,सुप्रिया कुमारी, अनामिका कुमारी,खुशबू कुमारी, दीपांशु कुमारी के साथ-साथ दर्जनों स्काउट गाइड इस इस स्लोगन प्रतियोगिता में शामिल थे।

# उमवि में बच्चों की बीच बांटी गई स्कूल बैग और पानी पीने वाला बोतल



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के मुरलीगंज प्रखंड अंतर्गत भतखोरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुसहरनियारही में बच्चों के बीच स्कूल बैग और बोतले बांटी गई। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए फाउंडेशन लर्निंग इक्यूमेंट के तहत स्टूडेंट किट व स्कूल किट सरकारी विद्यालयों में देनी शुरू हो गयी है। वर्ग एक के बच्चों के लिए बैग एक, चॉक एक सेट पचास पीस, बोर्ड, क्रायोन कलर एक पाकेट, ड्राइंग बु एक, वाटर बोतल एक व मार्कर तीन पीस दि जा रहे है।जबकि वर्ग दो के बच्चों को बैग एक स्केल एक, पेंसिल कलर एक पाकेट, पेंसिल एक, पेंसिल बाक्स एक, ड्राइंग बुक एक, कॉपी सिंगल लाईन एक, कॉपी मैथ एक व वाटर बोतल एक दिया जा रहा है। वर्ग तीन के बच्चों को बैग एक, स्केल एक, पेंसिल एक, वाटर कलर एक पाकेट, पेंसिल बाक्स एक, ड्राइंग बुक एक, कॉपी सिंगल लाईन एक, कॉपी फोर लाईन एक, कॉपी मैथ एक और वाटर बोतल एक दिया जा रहा है। बता दे की शिक्षिका रिचा कुमारी और सोनी कुमारी ने बताया कि बच्चे बैग और पढ़ाई के सभी वस्तुएं पाकर बहुत खुश हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में टाइम टेबल से क्लास लिया जाता हैं। विद्यालय में बच्चों की संख्या 3 सौ से ज्यादा है जहां छात्र छात्राओं को नियमित रूप मन्धांतर भोजन दिया जाता है।

# आज दिल्ली के रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहूत किसान महापंचायत में पंच प्रतिनिधि हुए रवाना

प्रात: किरण, संवाददाता

मानसी खगड़िया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर रामलीला मैदान दिल्ली में किसान महापंचायत का आयोजन 14 मार्च 2024 को किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य नेता सह राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश महासचिव सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि पांच किसान मजदूर प्रतिनिधि को रामलीला मैदान दिल्ली में आहूत किसान महापंचायत में भाग लेने हेतु तथा बिहार एवं जिले का किसानों के समकालीन स्थिति पक्ष रखने हेतु रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि मानसी खुटिया के गायत्री परिसर में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एवं देश बचाओ अभियान के बैनर तले किसान महापंचायत का आयोजन कल 14 मार्च को किया जाएगा। किसान महापंचायत में दर्जनों किसान मजदूर सहित महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कमल किशोर यादव अधिवक्ता, देश बचाओ अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार, महासचिव उमेश ठाकुर, संयोजक मधुबाला, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, किसान नेता शंकर यादव एवं उपजाऊ भूमि बचाओ आंदोलन से जुड़े जय जय राम यादव सहित सैकड़ों किसान भाग लेंगे। श्री यादव ने कहा कि किसान महापंचायत में न्यूनतम समर्थन मूल्य धरातल पर लागू करने, किसानों के सस्ते दर पर खाद बीज मुहैया करने, खेती को उद्योग का दर्जा देने, किसान कृषि किसानी जमीन जीविका बचाने, किसान के अनाज के लागत का डेढ़ गुनी दाम देने, हर फसल का सुरक्षा देने, फसल क्षतिपूर्ति देने, किसान को पेंशन देने, किसानों का सभी प्रकार का ऋण माफ करने एवं सस्ते दर पर ऋण देने, कृषि यंत्र उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, पैक्स के माध्यम से धरातल पर फसल की खरीदारी करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदारी नहीं करने वाले व्यवसायी पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने आदि मुद्दे पर किसान महापंचायत किया जाएगा। महापंचायत में पंच परमेश्वर-सरपंच गण भाग लेंगे। श्री यादव ने कहा कि महापंचायत में दी गई निर्णय महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने आधिकाधिक संख्या में किसान मजदूर से भाग लेने का अपील किया।

# सतर्कता और शीघ्र जांच से कैंसर का इलाज किया जा सकता : डॉ रवि

## कॉलेज में कैंसरः प्रकृति, निदान एवं रोकथाम विषयक एक सेमिनार का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर।राज नारायण महाविद्यालय, हाजीपुर में आईक्यूएसी एवं सभी स्नातकोत्तर विभागों के सहयोग से ह्यकैंसरः प्रकृति, निदान एवं रोकथामह्न विषयक एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता महावीर कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र, पटना के पूर्व निदेशक तथा कैंसर केयर इंडिया के अध्यक्ष और एस.एस. कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट, हाजीपुर के संस्थापक प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह थे डॉ. जितेंद्र ने कहा कि बिहार में हर साल लगभग 300 करोड़ के गुटके की बिक्री होती है, और सिर्फ तंबाकू और गुटका के कारण भारत में कुल कैंसर के मामलों में से 40% या 6 लाख मामले अकेले मुंह के कैंसर के होते हैं। अतः, गुटका और तंबाकू पर बैन का अर्थ 40% या 6 लाख कैंसर के रोगियों की कमी।भोजन, साफ पानी, स्वच्छता, व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली का ध्यान रखकर लगभग 90% बीमारियों को रोका जा सकता है। डॉ जितेंद्र ने हमारे इस दृष्टिकोण में बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया कि कैंसर लाईलाज है। नियमित चेचअप और निदान द्वारा कैंसर का शीघ्र पता लगाना संभव है और फिर कैंसर के प्रसार को पूरी तरह से रोका जा सकता है और रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। डॉक्टर ने त्वचा, मुंह, प्रोस्टेट, अंडाशय और स्तन कैंसर के कुछ सामान्य लक्षण बताए और महत्वपूर्ण जांच के विषय पर चर्चा किया। पने स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने मुख्य वक्ता का परिचय देते हुए डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह की शैक्षणिक और चिकित्सा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने बिहार में विशेष रूप से मुंह के कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि कॉलेज के एनसीसी कैडेट और एनएसएस स्वयंसेवक सामुदायिक कैंसर संबंधित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेंगे ताकि लोगों को यह समझाया जा सके कि सतर्कता और शीघ्र जांच से कैंसर का इलाज किया जा सकता है। सेमिनार की चर्चा में डॉ. के. एच. सिद्दीकी, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. सुमन सिन्हा, डॉ. सुषमा कुमारी, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. पी के यादव, डॉ. आर. सोरेन, डॉ. प्रियंका चटर्जी डॉ. मोना तबस्सुम, डॉ. रूपा जमुआर, डॉ. उषा चौधरी, डॉ. पूनम, रिसर्च स्कॉलरों में निकिता और खुशबू के साथ-साथ कॉलेज के यूजी और पीजी छात्रों ने भी भाग लिया ।

# पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का किया गया लोकार्पण

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पी.एम. सुरज राष्ट्रीय पोर्टल का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। जिसका लाईव प्रसारण जुब्बा सहनी आडिटोरियम में किया गया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित लाभुकों को संबोधित किया। इससे पूर्व उन्होंने छः अलग-अलग योजनाओं में लाभ प्राप्त किये लाभुकों से संवाद भी स्थापित किया। ऑडिटोरियम में दीप प्रज्जवलन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त नवीन कुमार, केन्दीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अवर सचिव और नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार द्वारा किया गया। उप विकास आयुक्त ने स्वागत भाषण दिया। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अपने संबोधन में कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना, पी.एम. स्वनिधि रोजगार योजना, पी.एम. दक्ष योजना एवं पी.एम. विश्वकर्मश योजना से जिले में कई लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बचे हुए सभी योग्य लाभुकों को उसका लाभ उठाने को कहा।इस अवसर पर आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना, स्व रोजगार के लिए ऋण वितरण योजना, पी.एम. दक्ष योजना से आच्छादित लाभुकों को प्रशिक्षण से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरण एवं पी.पी.ई. कीट का वितरण भी किया गया। रूपा कुमारी, शारदा देवी, मंजु देवी, मीना देवी को डमी चेक प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड के तहत दिनेश राय, जॉन मसीह, ज्वलन्त जीवन, मोहम्मद अंजारूम, राजु कुमार, शिवचन्द्र पासवान को कार्ड वितरण किया गया।

# आपदा प्रबंधन, मध निषेध एवं मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। आदर्श चेतना सेवा संस्थान द्वारा जिला प्रशासन वैशाली एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय के तत्वावधान में आपदा प्रबंधन ,मध निषेध एवं मतदाता जागरूकता हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। आज संस्थान द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिदुपुर की देखरेख में प्रखंड के चिन्हित स्थान अंतर्गत नवानगर एवं अमेर पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। दलनायक विजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कलाकार शंभू साजन,भजन भगत, शकुंतला देवी,संजना कुमारी, काजल कुमारी, पप्पू कुमार, गौतम कुमार, अनिष कुमार,तरुणेश कुमार,द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलायी गयी।कलाकारों ने अपने कला के माध्यम से बताया कि आपदा अचानक आने वाली घटना है ।आपदा से निपटने के लिए हमें आपदा पूर्व एवं आपदा बाद की तैयारी करनी चाहिए। साथ ही आपदा के समय सावधानी पूर्वक काम लेने की जरूरत है । इसके साथ ही कलाकारों ने बताया कि पूरे बिहार में शराबबंदी लागू है।ऐसे में शराब का सेवन करना, शराब का रोजगार करना कानूनी अपराध है । शराब के धंधे को छोड़कर सरकार द्वारा चलाई जा रही है जीविकोपार्जन योजना से जुड़ने की जरूरत है । साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वैशाली जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु सभी मतदाताओं से मत करने की अपील की गई। कोई भी मतदाता मतदान के लिए छूट न जाए, इसके लिए जागरूक किया गया एवं भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई।

# शिक्षा व्यक्ति का निर्माण करती है हमारे स्नातक या स्नातकोत्तर क्या नौकरी मांगने वाले या नौकरी देने वाले बनेंगे:राज्यपाल

प्रात: किरण, संवाददाता




● विश्वविद्यालय का विकास एवं छात्रों का भविष्य बनता है

दरभंगा देवेंद्र कुमार ठाकुर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के दरभंगा में दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के सीनेट की विशेष बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का विकास एवं छात्रों का भविष्य बनता है। हमारा काम सिर्फ इस बैठक से पूरा नहीं होगा, बल्कि आज से हमलोग पुनः काम प्रारंभ करेंगे। विश्वविद्यालय ठीक रास्ते पर चले, इसका दायित्व सीनेट का है। सीनेट की बैठक प्रतिवर्ष दो बार होनी चाहिए। एक बैठक बजट पर तथा दूसरा शैक्षणिक एवं विकास के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति का निर्माण करती है। हमारे स्नातक या स्नातकोत्तर क्या नौकरी मांगने वाले या नौकरी देने वाले बनेंगे? यह चिंतन का विषय है। हमारी पिछली शिक्षा- पद्धति हमें मानसिक रूप से गुलाम बनाती रही है। शिक्षा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समाज- निर्माण के लिए होनी चाहिए जो सिर्फ व्यक्ति नहीं समाजिक विकास की दिशा में हो। हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 छात्रों को समाज एवं राष्ट्र के लिए कार्य करने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्र जॉब सीकर की बनने की जगह जॉब गीभर बने। कुलाधिपति ने कहा कि अभी भारत विकासशील देश है, पर प्रधानमंत्री ने हम सबको संकल्पित किया है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, जिसके लिए हम सब शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा योगदान दें कि भारत विकसित हो सके। है। उन्होंने कहा कि यहां के अच्छे छात्र दूसरे राज्यों में चले जाते हैं, जिसके लिए हम सब दोषी हैं। हमारा सपना है कि यहां के छात्र यहीं पढ़ें और बाहर के बच्चे भी पढ़ने बिहार आए। इसमें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय भी अपनी भूमिका का निर्वहन करे। अपने स्वागत संबोधन में कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक भूमि मिथिला में कुलाधिपति के आगमन को विश्वविद्यालय के लिए गौरव एवं प्रेरणा का पर्याय मानते हुए उनके शैक्षणिक क्षेत्र में योगदानों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति का नेतृत्व क्षमता बिहार के लिए मार्गदर्शन है। कुलपति ने विश्वविद्यालय में 60 कमरों का शैक्षणिक भवन बनाने, 40 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों के आयोजन, 170 पीएच डी परिणाम घोषित होने, 2 लाख 15 हजार मूल उपाधियां के वितरण तथा 1,59,783 छात्रों के स्नातक में एवं 11,451 छात्रों के स्नातकोत्तर में नामांकन की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के वित्तीय परामर्शी डॉ दिलीप कुमार ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 का बजट प्रस्तुत किया। बजट कुल आठ खण्डों में विभक्त कर तदनुसार राशि का उपबंध दशार्या गया है। उन्होंने सभी खण्डों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय इस बजट को प्रतिशत में तथा एक रुपए के आय- व्यय को पैसों में बांटकर दिखाया गया है। बैठक में प्रो विनय कुमार चौधरी, प्रो दिलीप कुमार चौधरी, संजय सरावगी, डॉ अंजीत कुमार चौधरी, विनय कुमार झा, राम शुभम चौधरी, श्याम किशोर प्रधान, गगन कुमार झा, सुरेश प्रसाद सिंह तथा डॉ रामवतार यादव सहित अनेक सदस्यों ने प्रश्नोत्तर में भाग लिया। बजट को ध्वनिमत से पारित किया गया। बैठक का उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ। बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, विशेष अधिकारी (विश्वविद्यालय) प्रीतेश देसाई, सीनेट एवं सिंडिकेट के सदस्य, पदाधिकारी, कर्मचारी एवं प्रेस- मीडिया के व्यक्ति उपस्थित थे। सीनेट की बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव डा अजय कुमार पंडित ने किया।

# पुआल टाल में आग लगने से ट्रैक्टर सहित लाखों की संपत्ति जलकर राख

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड क्षेत्र के खिरहर थाना क्षेत्र के जिरौल नकटा टोल गांव के खलिहान में रखे पुआल के टाल में अचानक आग लगने से 5 बीघे का पशु चारा जलकर राख हो गया। बुधवार की दोपहर अचानक खलिहान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, जहां मौके पर पहुंचे ग्रामीण बलराम यादव,विनीत यादव,लक्ष्मी कुमार ,सुनील यादव, पवन यादव, मुसहर यादव, पप्पू यादव ,नाथुनी यादव, प्रबोध यादव, झमेलि यादव, रामनाथ यादव, मुंसिफ यादव ,प्रभु यादव ,अरुण यादव,ने फायर ब्रिगेड की मौजूदगी में आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया। आग पर जब तक काबू पाया जाता, तब तक जिरौल नकटा टोल वार्ड नं 9 निवासी ललन यादव के करीब 5 बीघे का पशु चारा जलकर राख हो गया। बौरहर पंचायत के भूतपूर्व मुखिया बलराम यादव की ओर से हरलाखी सीओ को फोन कर गरीब किसान ललन यादव को उचित मुआवजा देने की मांग की गयी है। किसानों ने बताया कि अज्ञात असामाजिक तत्वों की ओर से आग लगा दी गई है आशंका जताई जा रही है।

सम्पादकीय

## 2024 का नागरिक शास्त्र

नागरिकता संशोधन बिल को 2016 में संसद में पेश किया गया। दिसंबर, 2019 में लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया गया। जाहिर है कि कानून बनाने की पटकथा को अंतिम रूप दे दिया गया, लेकिन 4 साल 3 माह की लंबी अवधि के बाद कानून की अधिसूचना तब जारी की गई, जब आम चुनाव की घोषणा कुछ दिन बाद होने ही वाली थी। इस संदर्भ में अधिसूचना के समय पर कठोर सवाल किए जाने स्वाभाविक हैं। अधिनियम के नियम, उसकी पात्रता और शर्तें आदि तय करने में इतना लंबा वक्त गुजार दिया गया, यह वाकई आश्चर्यजनक स्थिति है। अब एक तरफ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी की गई है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने इस कानून को अपने राज्य में लागू करने से इंकार कर दिया है। उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी यह बयान दिया है कि पहले सभी संशयों और असमंजस को दूर कर लेना चाहिए था। वैसे किसी भी मुख्यमंत्री को यह क्षेत्राधिकार नहीं है कि संसद द्वारा पारित और भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी कानून को लागू करने से स्पष्ट इंकार कर सके। यह परोक्ष रूप से संघीय टकराव की स्थिति है, जिस पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ को फैसला देना पड़ सकता है। सीएए को ध्रुवीकरण अथवा मुस्लिम-विरोध का नागरिक शास्त्र कहा जा सकता है, जो एक निश्चित हद तक 2024 के आम चुनाव को प्रभावित करेगा। वैसे इसमें भी अर्द्धसत्य ही है। बेशक पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश के पीड़ित, अत्याचारों को झेलते उन देशों के घोर अल्पसंख्यकों-हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई, पारसी-को ही भारत की नागरिकता मुहैया कराने की व्यवस्था सीएए में की गई है, लिहाजा भाजपा अपने जनाधार में ध्रुवीकरण करा चुनावी फायदा उठा सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा इसका सफल प्रयोग बंगाल में कर चुकी है। विरोधियों की आशंका, उनके असमंजस और डर बयां किए जा रहे हैं कि सीएए का लिंक एनआरसी से है। सीएए के जरिए मुसलमानों के एक तबके की नागरिकता छीनी जा सकती है। ऐसी दलीलें महज अफवाहें हैं और देश में विभाजनकारी हालात पैदा करने को विरोध किया जा रहा है। असम, मेघालय, त्रिपुरा में कुछ संगठन आंदोलित हो चुके हैं। याद रहे कि राजधानी दिल्ली के ह्वशाहीन बागह्व इलाके में इसी मुद्दे पर मुसलमानों ने 100 दिन का आंदोलन चलाया था और बाद में पूर्वोत्तर दिल्ली में दंगे भी भडके थे, लिहाजा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने ह्वफ्लैग मार्चह्व तक निकाला है। फिलहाल करीब 18 लाख 74000 आवेदन इन तीनों पड़ोसी देशों से आ चुके हैं। सबसे ज्यादा शरणार्थी 16.39 लाख पाकिस्तान से आए हैं या आना चाहते हैं। पाकिस्तान में हिंदू आदि अल्पसंख्यक 1.18 फीसदी, बांग्लादेश में 8.5 फीसदी और अफगानिस्तान में मात्र 0.04 फीसदी हैं। उनके लिए भारत ह्वमानवतावादी धार्मिक संरक्षक देशह्व है। ये तीनों इस्लामी देश हैं, लिहाजा कानून में मुसलमानों की नागरिकता का कोई भी प्रावधान नहीं है। गौरतलब यह भी है कि नागरिकता का ऐसा कानून 1955 से हमारे देश में लागू है, जब जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। उसमें 6 संशोधन भी किए जा चुके हैं। मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 बना कर इसे व्यापकता दी है। पात्र शरणार्थी एक निश्चित वेबपोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिकार प्राप्त समिति इस पर अंतिम फैसला लेगी। इसके प्रमुख निदेशक (जनगणना) होंगे और 7 अन्य सदस्य भी समिति में होंगे। कानून के नियमों में स्पष्ट उल्लेख है कि सीएए में नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है। वैसे भी संविधान में उल्लेख है कि भारत के किसी भी नागरिक की नागरिकता छीनी नहीं जा सकती। आज जो सीएए विरोधी राजनीतिक प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वे हिंदू-मुसलमान की सियासत ही है, ताकि इस मुद्दे पर ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम वोट बटोरे जा सकें। हिंदू आदि का अधिकतम ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में होना चाहिए। इस कानून का विरोध जायज नहीं लगता।

## खरमास में आम चुनावों का खरखासा.....

भारत में निष्ट और अनिष्ट को लेकर बहुत सी मान्यताएं हैं। मजे की बात ये है कि ज्योतिष पर भरोसा रखने वाले देश में इस बार आम चुनाव खरमास में होने जा रहे हैं जबकि खरमास में कोई भी शुभ कार्य वर्जित माना जाता है। खरमास में ही नए दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होना है और इसी काल में नए आम चुनावों की तिथियां घोषित की जाएँगी। मै तो इस तरह के झांसे में नहीं आता फिर भी आपको बता दूँ कि खरमास को विशेष ज्योतिषीय घटना है। ज्योतिषानुसार, सूर्य देव के धनु और मीन राशि में प्रवेश करने से खरमास लगते हैं। खरमास साल में 2 बार लगते हैं और खरमास के दौरान कुछ कामों को करने से मनाही होती है। इस साल 14 मार्च, गुरुवार से खरमास की शुरूआत होने वाली है और ये खरमास आने वाली 13 अप्रैल तक रहेंगे।। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने खरमास को देखते हुए ही शायद नागरिक संशोधन कानून पाक रमजान महीने में लागू किया है। इसी पाक रमजान महीने में खटटर साहब को हरियाणा की चौकीदारी से आजाद कर वहां नायब साहब की सरकार बनवाई गयी है और इसलिए लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों कि पहली सूची खरमास शुरू होने से बहुत पहले जारी कर दी गयी। कांग्रेस और दूसरे क्षेत्रीय दलों ने भी कम से कम इस मामले में एक-एक सूची जारी कर शगुन कर लिया। लेकिन नए दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और आम चुनावों की घोषणा को खरमास से नहीं बचाया जा सका। ज्योतिषी खरमास को शुभ समय नहीं मानते, इसके चलते इस दौरान शादी करने से मना किया जाता है। खरमास के दिनों में मुंडन, गृह प्रवेश और सगाई वर्जित है खरमास में कुछ नया खरीदने से भी मना किया जाता है, खासकर संपत्ति या गाड़ी खरीदनी से हमेशा मना किया जाता है। संयोग से किसी भी ज्योतिषाचार्य ने खरमास में चुनाव करने की मनाही नहीं की। मुमकिन है कि ज्योतिषी चुनावों को शुभ कार्य मानते ही न हों ! क्योंकि अब चुनाव काले धन से लड़े जाते हैं। चुनाव जीतने के लिए हर गलत काम किया जाता है। खरमास को कोई मलमास कहता है तो कोई पुरुषोत्तम मास। खर का मतलब दुष्ट भी होता है और गधा भी। इसीलिए दुनिया के तमाम गधे इस महीने में बहुत खुश दिखाई देते हैं हालाँकि उनका ज्योतिष ज्ञान शून्य होता है। दुष्ट लोगों के लिए मलमास बड़े काम का होता है। वे इस महीने में अपनी दुष्टता का भरपूर प्रदर्शन कर सकते हैं। राजनीति इस युग में दुष्टता का पर्याय है। इसमें गधे-घोड़ों की महत्ता ज्यादा बढ़ गयी है गधे और खच्चर कभी भी बोझा धोने के लिए राजी रहते है। उन्हें कभी भी चौकीदारी दी जा सकती है या चौकीदारी से हटाया जा सकता है। रहे घोड़े तो वे हमेशा बिकने के लिए राजी होते हैं और बिना हिनहिनाये बिक जाते हैं। उनकी स्वामिभक्ति स्थाई नहीं होती। वे जिस घुड़साल में बांधे जाते हैं उसी के हो जाते हैं। उन्हें तो केवल अपनी कीमत और दाना-पानी से मतलब होता है। पिछले दिनों खरमास से पहले और खरमास के बाद भी गधों और घोड़ों की खूब मांग रही। खरमास में इनका बाजार उठान पर होता है। मुझे अच्छा लग रहा है कि देश के आम चुनाव इस बार खरमास में ही घोषित किये जायेंगे। नए चुनाव आयुक्त भी इसी खरमास की उपलब्धियों में शुमार किये जायेंगे। सरकार के फैसलों का शुभ-अशुभ से कोई लेना-देना नहीं होता। सरकार जो करती है वो शुभ ही होता है। सरकार शिलान्यास करे या लोकार्पण, हरी झंडी दिखाए या लाल आँखें सभी कुछ शुभ है। सरकार के हाथ केवल हाथ नहीं बल्कि वे कर-कमल होते हैं सरकार के हिसाब से जात-पांत कुछ नहीं है, इसलिए खटटर साहब को हटाने और नायब साहब को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाने में किसी को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए। खरमास से पहले हरियाणा में सत्ता परिवर्तन एक शुभ घटना है। भले ही चौटाला फैमिली इस घटना से चोटिल हुई है। राजनीति में ये तो आम बात है। फिर अमरबेल जिसका भी आसरा लेती है, उसका खून चूसती ही है। भाजपा इस काल की सबसे बड़ी अमरबेल है। चौटालाओं को भाजपा के साथ खड़ा होने से पहले अकालियों, शिव सैनिकों, बसपाइयों और समाजवादियों से सलाह -मशिवरा करना चाहिए था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बहुत सही समय पार इलेक्टोरल बांड के मामले में अपना फैसला सुनाया। मजा तो तब आये जब सुप्रीम कोर्ट सरकार से बांड से धन की उगाही की फेहरिश्त चुनाव आयोग की वेब साइट पर डालने के साथ ही अखबारों में भी उनका विज्ञापन कराये। आजकल केंद्र और राज्यों की सरकारें वैसे भी अपनी तमाम उपलब्धियों का विज्ञापन हार चैनल पार करा रहीं है। इलेक्टोरल बांड से धन हासिल करना भी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उसका भी प्रचार सरकारी पैसे से ही होना चाहिए, क्योंकि हर कोई तो चुनाव आयोग की वेब साइट पर जा नहीं पायेगा, और क्या पता कि ये जानकारी अपलोड होते ही केंचुआ कि वेब साइट दम तोड़ दे। इसमें आखिर समय ही कितना लगता है। यदि ऐसा हुया तो सांप भी मर जायेगा और सरकार की लाठी भी नहीं टूटेगी। किसी भी वेब साइट को हैक करना एक अहिंसक काम है।

# उत्तर प्रदेश : कानून व्यवस्था के दावे और हकीकत

**पिछले दिनों कबीर नगर में खलीलाबाद के डीघा गांव में अज्ञात लोगों द्वारा उनके साथ उन्हीं के घर में घुस कर कथित तौर पर पहले सामूहिक बलात्कार किया गया और बाद में उनके शरीर को चाकुओं के वार से छन्नी कर दिया गया। जिसके चलते मौके पर ही उनकी मौत हो गयी और हत्यारे घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। नंदिनी राजभर का लहूलुहान शव उनके कमरे में फर्श पर पड़ा मिला। क्या इस हत्याकांड को अंजाम देने वालों को इस बात का जरा भी भय नहीं था कि ह्वअगले चौराहे पर उनका इंतजार यमराज कर रहे होंगे?**





**निर्मल रानी**
**लेखिका**

उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा ही नहीं बल्कि राजनैतिक दृष्टि से भी यह सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। यह राज्य केवल हाई प्रोफाइल राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों, कवियों, शायरों का ही नहीं बल्कि हाई प्रोफाइल अपराध व अपराधियों का भी गढ़ है। यहां के बेखौफ अपराधियों के लिये कभी भी और किसी भी जगह बड़े से बड़े अपराध को अंजाम देना मामूली बात है। फिर चाहे कोई व्यक्ति थाने में हो, पुलिस कस्टडी में या जेल में या भीड़ भाड़ के इलाके में या अपने को सुरक्षित समझते हुये अपने घर में चैन से सो रहा हो, किसी भी जगह हत्या को अंजाम देना ऐसे शातिर अपराधियों के लिये मामूली बात है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का विषय अक्सर चुनावी मुद्दा भी बनता रहता है। प्रत्येक राजनैतिक दल एक दूसरे पर कानून व्यवस्था के मामले में असफल होने और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाते रहते हैं। राज्य की वर्तमान सरकार तो प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का कुछ ज्यादा ही ढिंढोरा पीटती रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने का जहां दावा करते रहते हैं वहीं वह यह बताने से भी नहीं चूकते कि पिछली (सपा) सरकार में माफिया व अपराधी बेखौफ घूमा करते थे। 17 सितम्बर 2023 को उनके गृह नगर गोरखपुर में दिया गया योगी के भाषण का यह अंश कानून व्यवस्था के प्रति उनके नजरिये को दशार्ता है या यह सिर्फ तालियां पिटवाने के लिये की गयी लफ़्फ़ाजी थी, यह तो राज्य की आपराधिक घटनाएं ही बता रही हैं। उस समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा था कि -ह्वकानून संरक्षण के लिए है। लेकिन कानून को बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाजत किसी को नहीं है। कानून सुरक्षा के लिए है, लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़खानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतजार यमराज कर रहे होंगे। उसे यमराज के यहां भेजने से कोई रोक नहीं पाएगा। हमें सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण देना होगा। तो क्या मुख्यमंत्री की इस चेतावनी के बाद राज्य की कानून व्यवस्था खासकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में कोई कमी आई या फिर यह भी महज ह्वफिल्मी डायलॉगह्व या फिर जुमला साबित हुआ? राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था स्वयं इस बात का सुबूत है। आम महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार व शारीरिक शोषण की अनेक घटनाओं की तो बात ही छोड़िये इस राज्य में तो अब हाई प्रोफाइल महिला नेता भी सुरक्षित नहीं रहीं। यहां तक कि सत्ता से जुड़े लोगों को भी अपराधी बेखौफ अपना निशाना बना रहे हैं। ताजातरीन उदाहरण उत्तर प्रदेश में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की वरिष्ठ महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या का है। नंदिनी राजभर सुभासपा की महिला विंग की प्रदेश महासचिव थीं। पिछले दिनों कबीर नगर में खलीलाबाद के डीघा गांव में अज्ञात लोगों द्वारा उनके साथ उन्हीं के घर में घुस कर कथित तौर पर पहले सामूहिक बलात्कार किया गया और बाद में उनके शरीर को चाकुओं के वार से छन्नी कर दिया गया। जिसके चलते मौके पर ही उनकी मौत हो गयी और हत्यारे घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। नंदिनी राजभर का लहूलुहान शव उनके कमरे में फर्श पर पड़ा मिला। क्या इस हत्याकांड को अंजाम देने वालों को इस बात का जरा भी भय नहीं था कि ह्वअगले चौराहे पर उनका इंतजार यमराज कर रहे होंगेह्व? यह घटना क्या यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करती कि जब अपराधियों द्वारा एक सत्ता समर्थक नेत्री के घर में घुसकर उसका यह हश्र किया जा सकता है तो रास्ता चलती आम महिलाओं की सुरक्षा की आखिर क्या गारंटी है? चाक चौबंद कानून व्यवस्था का दावा कर अपनी ही पीठ थपथपाने वाला यही वह प्रदेश है जहां 15 अप्रैल, 2023 को पुलिस सुरक्षा के मध्य तीन हमलावरों ने पूर्व सांसद अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब यह दोनों भाई मेडिकल जांच के लिए प्रयागराज के काल्विन अस्पताल ले जाये जा रहे थे। उस समय तीन अपराधी पुलिस सुरक्षा की परवाह किये बिना पुलिस का घेरा तोड़कर इन दोनों भाइयों पर गोलियां बरसाने लगे जिसमें दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी यूपी सरकार को फटकार लगाई थी। इसी तरह गत वर्ष 2 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले का वह हत्याकांड जिसमें मात्र 35 मिनट के भीतर दो परिवार के छह लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड ने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सनसनी फैला दी थी। उस समय भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था और सत्ताधारी नेताओं की ओर से कहा गया था कि ह्व इस मामले में ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि वह लोगों के लिए नजीर बन जाएगी ह्व। परन्तु दरअसल ऐसी घटनायें तो शासन की विफलता की ही नजीर पेश करती हैं। रहा सवाल सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश का या अपराधियों को ह्वनजीर बनने वाली सजाह्व देने या दुख प्रकट करने का तो इन लफ़्फ़ाजियों से न तो मृतकों का जीवन वापस आ सकता है न ही अपराध में कमी आती दिखाई देती है। योगीराज में इस तरह का हाई प्रोफाइल सामूहिक हत्याकाण्ड 17 जुलाई 2019 को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के घोरावल थाना क्षेत्र के उम्भा गांव में हुआ था जबकि लगभग 30 ट्रैक्टर में भरकर आए 150 सशस्त्र लोगों ने जिनके पास कथित तौर पर 10 से अधिक राइफलें थीं। जब इन सशस्त्र हमलावरों को रोकने के लिए गांव वालों ने गुहार लगाई तो उन्होंने उन पर ही गोलियों बरसानी शुरू कर दीं। नतीजतन 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। योगी सरकार के प्रदेश में चाक चौबंद कानून व्यवस्था के दावों के बीच अपराधियों द्वारा ऐसी अनेक आपराधिक घटनायें प्रदेश में आये दिन अंजाम दी जाती हैं। महिलाओं के साथ भी आये दिन अपराध होते रहते हैं। परन्तु इन वास्तविताओं को नजरअंदाज कर इन्हें उत्तर प्रदेश या मणिपुर जैसी डबल इंजन की सरकारों वाले राज्य की नहीं बल्कि केवल बंगाल और केरल की आपराधिक घटनायें ही नजर आती हैं। गोया इन्हें उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के अपने ही दावों और उसकी हकीकत में कोई फर्क नजर नहीं आता।

# भाजपा और कांग्रेस गठबंधन का अंतर

**भाजपा ने वैचारिक मुद्दों और राजनीतिक एजेंडे पर भी सहयोगी पार्टियों को अपने साथ लिया है। हालांकि इस मामले में भी बिहार अपवाद है, जहां भाजपा को जनता दल यू की लाइन पर चल कर जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे का समर्थन करना पड़ रहा है। बाकी राज्यों में भाजपा ने जाति गणना और आरक्षण के मुद्दों को हाशिए में डाला है। हिंदुत्व के एजेंडे से दूरी दिखाने वाली पार्टियां और नेता भी भाजपा के हिंदुत्व व राष्ट्रवाद के एजेंडे को स्वीकार करके गठबंधन में शामिल हुए हैं।यहां तक कि किसानों के मुद्दे पर भी जयंत चौधरी सरकार का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि किसानों के खिलाफ बही खड़े हो गए हैं। हैरानी नहीं होगी अगर इस मुद्दे के बावजूद अकाली दल का भी भाजपा से तालमेल हो। सवाल है कि प्रादेशिक पार्टियां क्यों अपनी राजनीतिक और वैचारिक जमीन छोड़ कर या उसके साथ समझौता करके भाजपा के साथ गठबंधन कर रही हैं? यह मामूली सवाल नहीं है। इसका सरल जवाब तो यह है कि सत्ता की दिवानगी में पार्टियां हर तरह के समझौते कर रही हैं। लेकिन इसके साथ साथ मौजूदा लोकतांत्रिक व्यवस्था में जाति, धर्म और व्यापक रूप से सामाजिक व्यवस्था की अंतरक्रिया को समझने की भी जरूरत है।**





**अजीत द्विवेदी**
**लेखक**

लोकसभा चुन ाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों गठबंधन बना रहे हैं। दोनों का फर्क यह है कि भाजपा का गठबंधन उसकी शर्तों पर हो रहा है, जबकि कांग्रेस सहयोगी पार्टियों की शर्तों पर गठबंधन कर रही है। यह दोनों पार्टियों की राजनीतिक स्थिति का फर्क भी बताता है। एक तरफ 10 साल से सत्ता में रह कर बेहिसाब शक्ति और संपदा इकट्ठा करने वाली भाजपा है तो दूसरी ओर राजनीति के बियाबान में भटक रही कांग्रेस है, जो 10 साल से सत्ता से बाहर है, राज्यों में कई जगह जीती हुई सरकारें गंवा चुकी है और ज्यादातर नेता केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं।तभी ऐसा लग रहा है कि वह कहीं भी गठबंधन करने के लिए अपनी शर्तें आरोपित करने की स्थिति में नहीं है। पिछले साल के अंत में हुए राज्यों के चुनाव में खराब प्रदर्शन ने कांग्रेस की मोलभाव करने की क्षमता को और कम कर दिया। अब स्थिति यह है कि वह महाराष्ट्र में दूसरे नंबर की पार्टी के तौर पर लड़ेगी तो पश्चिम बंगाल में सभी सीटों पर उम्मीदवारों की ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा के बावजूद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कह रहे हैं कि अब भी तालमेल हो सकता है। कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल में कई जगह समझौता करना पड़ा है। उसके नेता मजबूरी बताते हुए कह रहे हैं कि कैसे गुजरात में भरूच की अहमद पटेल की सीट आप के लिए छोडी पड़ी। लोकसभा सीटों के समझौते के नाम पर झारखंड में जेएमएम ने राज्यसभा की कांग्रेस की सीट हथिया ली है।बहरहाल, कांग्रेस की कमजोरियां अपनी जगह हैं और सत्ता से बाहर होने के अलावा भी उसके कई कारण हैं। उसके बरक्स भाजपा सभी नए और पुराने सहयोगी दलों के साथ अपनी शर्तों पर समझौता कर रही है। भाजपा ने 38 पार्टियों का गठबंधन बनाया है लेकिन यह सुनिश्चित किया है कि पिछले एनडीए की छाया इस पर नहीं रहे। यह नया एनडीए है, जिसमें सब कुछ भाजपा के हिसाब से हो रहा है। बिहार एकमात्र अपवाद है, जहां भाजपा को मशक्कत करनी पड़ रही है। लेकिन उसके भी ऐतिहासिक कारण हैं। बिहार में भाजपा कभी भी मजबूत ताकत नहीं रही है। तभी उसे हमेशा नीतीश कुमार के सहारे की जरुरत पड़ती है। जब वह 2014 में अकेले लड़ी थी तब भी उसे रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा के सहारे की जरुरत थी। 2019 से पहले भाजपा ने प्रयास करके नीतीश की एनडीए में वापसी कराई थी और जब वे 2022 में फिर साथ छोड़ कर चले गए थे तो तमाम नाराजगी के बावजूद 2024 में फिर उनकी वापसी कराई गई है। लेकिन इस बार मामला थोड़ा उलझा हुआ है। भाजपा पुराने सहयोगियों को भी साथ में रखना चाहती है तभी सीटों की संख्या का पेंच उलझ गया है। नीतीश अपने हिस्से की सीटें नहीं छोड़ रहे हैं तो चिराग पासवान, पशुपति पारस, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी भी अपनी अपनी मांग पर अड़े हैं। सो, देश के बाकी राज्यों के मुकाबले भाजपा के लिए बिहार थोड़ा मुश्किल दिख रहा है फिर भी भाजपा सारे विवाद सुलझाने में जुटी है।इसके मुकाबले देश के लगभग सभी राज्यों में भाजपा अपने हिसाब से समझौता कर रही है। यहां तक कि ओडिशा जैसे राज्य में, उसने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल को इस बात के लिए तैयार किया है कि वह भाजपा के लिए अपनी जीती हुई लोकसभा सीटें छोड़े। यह आमतौर पर नहीं होता है। ध्यान रहे भाजपा का पूरा फोकस इस समय लोकसभा चुनाव पर है। वह विधानसभा चुनाव पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है।उसे केंद्र में तीसरी बार सरकार बनानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ सीटों का लक्ष्य रखा है। पिछली बार ओडिशा में भाजपा को छप्पर फाड़ सीटें मिली थीं। वह 21 में से आठ सीट जीतने में कामयाब रही थी। इस बार अपनी सीटें बढ़ाने के लिए वह 15 साल बाद बीजू जनता दल की एनडीए में वापसी करा रही है और उसको इस बात के लिए तैयार किया है कि वह अपनी जीती हुई पांच सीटें छोड़ें ताकि भाजपा 14 सीटों पर लड़े। बीजद की पांच जीती हुई सीटें लेने के बावजूद भाजपा उसे लोकसभा में एकतरफा बढ़त नहीं देना चाहती है। तभी वह 15 साल पुराने फॉमूर्ले के आधार पर विधानसभा सीटों का बंटवारा चाहती है।छह साल बाद टीडीपी की भी एनडीए में वापसी हो रही है और उसके साथ गठबंधन में भाजपा आंध्र प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर लड़ेगी। सोचें, पिछले चुनाव में भाजपा को एक फीसदी वोट नहीं मिला था, जबकि टीडीपी ने 39 फीसदी वोट हासिल किए थे। फिर भी टीडीपी और जन सेना पार्टी के साथ तालमेल में भाजपा छह सीटें लड़ेगी। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में तो भाजपा का समझौता इस बात की मिसाल है कि कैसे बड़ी और ताकतवर पार्टी अपने हिसाब से गठबंधन को संचालित करती है।पिछले चुनाव में शिव सेना के साथ तालमेल में भाजपा 25 सीटों पर लड़ी थी लेकिन इस बार दो सहयोगी होने के बावजूद वह 30 सीटों पर लडे की तैयारी कर रही है। असली शिव सेना और असली एनसीपी के लिए वह सिर्फ 18 सीटें छोडा चाहती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने अपना दल के अलावा राष्ट्रीय लोकदल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को भी अपने गठबंधन में शामिल किया है लेकिन अपनी शर्तों पर। जयंत चौधरी की पार्टी रालोद को समाजवादी पार्टी ने लोकसभा की सात सीटें दी थीं लेकिन वे भाजपा के साथ सिर्फ दो सीटों पर लडे को तैयार हो गए। चार पार्टियों के साथ तालमेल के बावजूद उत्तर प्रदेश में भाजपा 74 सीटों पर लडे वाली है।ऐसा नहीं है कि भाजपा ने सिर्फ सीटों के बंटवारे में अपनी मर्जी चलाई है ।

# भारतीय मुसलमानों के खिलाफ नहीं है नागरिकता संशोधन कानून

**प्रभुनाथ शुक्ल**

नागरिकता संशोधन कानून यानी सिविल एबेडमेंड एक्ट (सीएए) आखिरकार देश में लागू हो गया है। इस कानून को लागू करना क्या मोदी सरकार की मजबूरी थी। यह कानून क्या इतना आवश्यक था कि लोकसभा चुनाव के ठीक पहले लागू किया जाता। क्या यह कानून पूरी तरह से पारदर्शी और देश के हित में है। क्या भारीतय मुसलमानों की नागरिकता पर इस कानून का कोई असर पड़नेवाला है। अगर ऐसा नहीं है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध क्यों किया जा रहा है। विपक्ष सरकार पर सवाल खड़े क्यों कर रहा है। देश के मुसलमानों को डराया क्यों जा रहा है। हिंदुत्व और संघ का एजेंडा इसे क्यों बताया जा रहा। विपक्ष इस कानून पर भ्रम क्यों फैला रहा है। क्या चुनावी लाभ के लिए विपक्ष मुसलमानों में असुरक्षा की भावना पैदा करना चाहता है। क्या मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस कानून के संबंध में भ्रामक प्रचार किया जा रहा है? सवाल उठता है की क्या मोदी सरकार वास्तव में पारदर्शी रूप से इस कानून को लागू किया है। क्या सरकार कानून के जरिए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन और इसाई समुदाय का ध्रुवीकरण करना चाहती है। लोकसभा चुनाव के एन वक्त पर ऐसे कानून लाकर क्या भाजपा सीधा लाभ नहीं लेना चाहती। विपक्ष आखिर ऐसे कानून का विरोध क्यों कर रहा है। वह डर क्यों रहा है। सच तो यह है इस कानून के जरिए जहां सरकार गैर मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करना चाहती है वहीं विपक्ष मुसलमानों को सीएए का भय दिखा कर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण करना चाहता है। हालांकि यह कानून लोकसभा चुनाव के बाद भी लागू किया जा सकता था। लेकिन गृहमंत्री अमित शाह बार-बार यह कह रहे थे कि नागरिकता संशोधन कानून चुनाव के पहले लागू किया जाएगा और लागू भी कर दिया गया। विचारणीय बिंदु यह है कि विपक्ष इस कानून को लेकर लोगों को भ्रमित क्यों कर रहा है। कानून को हिंदुत्व का एजेंडा क्यों बताया जा रहा है। क्या यह कानून एंटी मुस्लिम है। क्या इस कानून के लागू होने के बाद भारत में रहने वाले मुसलमानों की नागरिकता खत्म जाएगी। क्या देश के किसी भी नागरिक की नागरिकता समाप्त करने के लिए यह कानून लाया गया है। यह सब भ्रामक प्रचार है। इस कानून में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। भारत में रहने वाले गैर हिंदू यानी मुसलमानों की नागरिकता पर कोई सवाल नहीं उठाता है। यह कानून सिर्फ उन्हीं गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों नागरिकता प्रदान करेगा जो पाकिस्तान, बग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक रूप से प्रताड़ित हैं और 31 दिसम्बर 2014 से पूर्व भारत में शरणार्थी जीवन यापन कर रहे हैं। इसमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यक शामिल हैं। कानून के लागू होने के बाद ऐसा भी नहीं होगा कि संबंधित अल्पसंख्यक भारत में आते रहेंगे और सरकार उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करती रहेगी। वैसे यह साबित करना भी एक मुश्किल काम होगा की सम्बंधित देशों से भारत आए लोगों में कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहु संख्यक। क्या इस कानून के लागू होने के बाद पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान से अवैध रूप से आए मुस्लिम भारत में निवास कर सकते हैं जिन्हें भारतीय नागरिकता नहीं हासिल है। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर इसके पूर्व में भारी विरोध-प्रदर्शन भी हो चुका है। देश को दंगे की आग में भी झुलसना पड़ा है। लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ी है। दिल्ली के शाहीनबाग में लंबे समय तक धरना प्रदर्शन भी चला। इस कानून को लेकर तकरीबन 6 बार संशोधन किए जा चुके हैं। साल 2019 के पहले भारतीय नागरिकता लेने के लिए 11 साल भारत में रहना अनिवार्य था लेकिन बाद में इसे घटाकर 6 साल कर दिया गया। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान तीनों मुस्लिम बहुल देश है। वहां मुस्लिम नहीं अल्पसंख्यक असुरक्षित है।

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद में एक व्यक्ति की हुई मृत्यु, प्राथमिकी दर्ज

छपरा। दरियापुर थाना अंतर्गत दरबेसा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई है। इसकी सूचना मिलते हैं दरियापुर पुलिस ने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया। इस संबंध में एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद समीर, पिता सरफराज आलम माता तमन्ना खातून को गांव के ही शाहनवाज आलम पिता स्वर्गीय कुद्दूस द्वारा आपसी विवाद को लेकर चाकू मार्केट जख्मी कर दिया गया। इस बाबत सूचना मिलते ही दरियापुर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। इलाज के दौरान मोहम्मद समीर की मृत्यु हो गई है।

### पुलिसया कार्रवाई में 43 अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 43 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि शराब व अन्य सामानभी बराबर हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों में चोरी कांड के तीन, उत्पाद कांड के 27, फरार वारंटी 6 तथा अन्य कांड के सात अपराधी शामिल है।वहीं 819 वारंट का भी निष्पादन किया गया है, एवं 6 कुर्की का भी निष्पादन हो गया है। जबकि सारण पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में भी जुमार्ना के रूप में 105,500 रुपए वाहन मालिकों से वसुला गया है।

# एसएसबी आईजी पंकज दराद ने भारत-नेपाल के उच्चधिकारियों के साथ की बैठक

● इसी सन्दर्भ में सशस्त्र सीमा बल के सभी बल कर्मियों को समय-समय पर दिशा निर्देश दिए जाते रहते हैं

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। बुधवार को भारत-नेपाल के उच्चधिकारी के साथ महानिरीक्षक आईपीएस पंकज दराद, सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल पटना द्वारा एक विशेष बैठक ली गयी। जिसमें भारत-नेपाल के मध्य मैत्रिक संबंधों में सुधार, आम लोगों को असुविधा, भारत नेपाल की सीमा क्षेत्र में कार्य करने वाली दोनों ओर की सरकारी एजेंसीयों के मध्य आपसी सहयोग, लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष दिशा निर्देशन हेतु चर्चा की गयी।।भारत-नेपाल के मध्य मैत्रिक संबंधों के विषय में कहा कि भारत नेपाल के प्राचीन काल से ही सम्बन्ध रहे हैं, इसलिए सशस्त्र सीमा बल का भी मोटो है कि यह रोटी बेटी का रिश्ता बना रहे, इसलिए आप जनता की सुविधा और सुरक्षा का पहला दायित्व मानते हैं। इसी सन्दर्भ में सशस्त्र सीमा बल के सभी बल कर्मियों को समय समय पर दिशा निर्देश दिए जाते रहते हैं।इसके लिए मैत्री पुल पर एक हेल्प डेस्क स्थापित करने की जायेगी जो नेपाल से आने वाले लोगों और नेपाल जाने वाले लोगों को सहयोग करेंगे। भारत-नेपाल की सीमा क्षेत्र में कार्य करने वाली दोनों ओर की सरकारी एजेंसियो के मध्य आपसी सहयोग के विषय में कहा कि सभी एजेसियों का मुख्य उद्देश्य देश और समाज का हित है। अतः कहा कि सशस्त्र सीमा बल, नेपाल आर्म्ड पुलिस बल, भारत नेपाल कस्टम, भारत नेपाल पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को आपसी ताल मेल और सहयोग से कार्य में बढोत्तरी करनी होगी तभी अपराध, असमाजिक गतिविधि, भारत-नेपाल विरोधी गतिविधि पर नियंत्रण, मादक पदार्थ की तस्करी, मानव तस्करी और अपराधिक गतिविधियों पर अंकूश लगाया जा सकेगा। भारत में होने वाले चुनाव को निष्पक्ष सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से भारत नेपाल के अधिकारियों की बैठक हुई, आईजी पंकज दरार ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि बैठक में भारत में आगामी माह में होने वाले लोकसभा चुनाव में नेपाल सरकार द्वारा सहयोग करने पर सहमति बनी है। बैठक में सशस्त्र सीमा बल के उप-महानिरीक्षक एस सुब्रमणियम, भारतीय महावाणिज्य दूतावास से कौंसुल शैलेन्द्र कुमार, सुरेश पट्टपू, नेपाल पुलिस एसपी कुमोध धुन्गेल, कस्टम रक्सौल से सहायक आयुक्त रामानन्द सिंह, आप्रवासन ब्यूरो आदि अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पिठौरी गांव में अगलगी से तीन फुसनुमा मकान जल कर राख

प्रातः किरण, संवाददाता

बनियापुर। थाना क्षेत्र के पिठौरी गाव मे अचानक हुई आगलगी मे तीन फुसनुमा मकान जल कर राख हो गयी ह, जिस घटना मे ग्रामीणों ने काफी मशक्त के बाबजूद फुस नुमा मकान मे रखे कपड़े, वर्तन अनाज सहित अन्य सामग्री जल कर राख हो गयी है। घटना के संबंध मे बताया गया है, पिठौरी गाव मे कृष्णा राय बकुला राय तथा राजू राय के घर आचनक आग लग गयी जिसमे सभी सामग्री जल कर राख हो गयी,इस संबंध मे स्थानीय मखिया किरण देवी ने स्थानीय अंचलाधिकारी को मांग पत्र समर्पित करते घटना की चर्चा करते मुआवजे की मांग किया है,उन्होंने अपने स्तर से जाँच कर मुआवजे की राशि निर्गत करने की मांग की है।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेडिकल कॉलेज के छात्रों को किया गया सम्मानित




● मौके पर कॉलेज के निदेशक ओम प्रकाश अमृत ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लगन से अध्ययन कर अपने आप को बेहतर बनाए

प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुर प्रखंड के ओएईएच मेडिकल कॉलेज मे वर्तमान सेमेस्टर मे बेहतर करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर कालेज के निदेशक ओम प्रकाश अमृत ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लगन से अध्ययन कर अपने आप को बेहतर बनाए`कालेज हमेशा आपके मान सम्मान का ख्याल रखेगोआप यहां के उत्कृषट शैक्षणिक वातावरण का लाभ उठावें कालेज के छात्रों राजू कुमार, शिबू कुमार सिंह, सुनील कुमार, सरिता देवी, संजय कुमार, राजीव कुमार रंजन, रोहन कुमार सिंह, अभिषेक प्रसाद, अभिषेक कुमार राम, मो.आफताब आलम, मो.हसन राजा, अयान रिजवी, आरती कुमारी, ललन शर्मा अक्षय कुमार पिंकी कुमारी व अन्य को मेडल ,डायरी पेन व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

# खेत में काट कर रखे गए 80 बोझा सरसों के ढेर में शरारती तत्वों ने लगाया आग

प्रातः किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के चकिया गांव के समीप खेत में काट कर रखे गए 80 बोझा सरसों के ढेर में शरारती तत्वों ने आग लगा दिया जिससे सरसो का ढेर जलकर राख हो गया। बुधवार की सुबह खेत में पड़े राख को दिखाते हुए खेत मालिक मनु जी श्रीवास्तव ने बताया कि उनके घर शादी समारोह था सब लोग उसी में लगे हुए थे उनकी ब्यस्तता का फायदा उठाकर शरारती तत्वों ने आगलगी की घटना को अंजाम दिया। देर रात्रि को उनके सरसो के ढेर से निकल रही आग की लपटों को देखकर गाँव के लोगों ने शोर मचाया। मौके पर पहुँचने पर पता चला कि आग लगाने वाले शरारती तत्वों ने उनके चापाकल एवम बोरिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। बाद में गाँव को लोग आग बुझाने हेतु अपने घर से पानी लेकर पहुँचे तबतक सारा बोझा जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि पिछले दोनों उनको परेशान करने के उद्देश्य से शरारती तत्वों ने उनके लहसुन की फसल को भी नष्ट कर दिया था।

## रोजगार सेवक ने किया आत्म हत्या

प्रातः किरण, संवाददाता

बनियापुर। बनियापुर मे सरेया पंचायत मे कार्यरत पंचायत रोजगार सेवक ने फासी लगाकर आत्म हत्या कर लिया है, जिससे उनके परिजनों मे शोक की लहर दौड़ गयी है। सरेया पंचायत मे कार्यरत सोनपुर ब्लाक निवास 37 वर्षीय नीरज कुमार ने अपने डेरा मसरख मे आत्म हत्या कर लिया है। जिसकी सूचना परिजनों को दी गयी,जहा परिजनों मे शोक की लहर है।सूचना पर मौके पर पहुंचीम पुलिस ने शव की कब्जे मे लेकर पोस्टमाटम के लिए सदर अस्पताल भेह दिया।जहा रोजगार सेवक के इस मौत की घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया है। जहा स्थानीय मुखिया सीमा देवी मनरेगा पदाधिकारी सहित अन्य से संवेदना व्यक्त किया है।

## पुलिस ने चार अपराधियो को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

तरैया। थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव स्थित नहर पर अपराध की योजना बनाते चार अपराधियो को देशी कट्टा व गोली के साथ तरैया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार अपराधियो में तरैया थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव निवासी अजय कुमार सिंह उर्फ राणा, किशुनपुरा के प्रिंस कुमार व अमित कुमार गिरी तथा इसुआपुर थाना क्षेत्र के उसरी खुर्द गांव निवासी राहुल कुमार शामिल है।घटना की जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष श्वेता गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामपुर महेश नहर पर अपराधी लूट की योजना बना रहे है।

# एक दिवसीय रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर सम्पन्न

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। श्रम संसाधन विभाग , अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा , सारण द्वारा बुधवार को प्रातः 10:30 से शाम 4:00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा कार्यालय परिसर में ( बाजार समिति के नजदीक, प्रेम नगर, कजारिया टाइल्स के सामने, रेडिएंट आईटीआई के बगल में ) एक दिवसीय रोजगार-सह -मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया' जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा बताया गया कि इस रोजगार शिविर में ऑपरेटर, हेल्पर एवं क्वालिटी इंस्पेक्टर पद के लिए नेहा एंटरप्राइजेज नियोक्ता कंपनी भाग ली' ऑपरेटर एवं क्वालिटी इंस्पेक्टर पद के लिए के लिए न्यूनतम योग्यता आईटीआई पासहोना जरूरी था' न्यूनतम उम्र 18 वर्ष से 28 वर्ष एवं वेतन 20000 एवं पीएफ ईएसआईसी इत्यादि की सुविधा दी जाएगी कनियोक्ता कंपनी के एचआर मैनेजर रामेंद्र कुमार द्वारा कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर 45 अभ्यर्थी शामिल हुए जिसमें 15 लोगों का चयन किया गया' इनका कार्य स्थल अहमदाबाद गुजरात होगा' रोजगार एवं मार्गदर्शन शिविर में जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा, अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा द्वारा जिले में संचालित टूल किट एवं स्टडी किट योजना के लाभार्थियों को टूल्कित एवं स्टडी किट वितरित किया गया एवं रोजगार एवं मार्गदर्शन शिविर में आए हुए सभी अभ्यर्थियों को इन दोनों योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा जिले में चलाए जा रहा है कुशल युवा कार्यक्रम एवं जिला कौशल विशेषज्ञ सुधीर कुमार सिंह द्वारा कौशल विकास के अन्य योजनाओं का विस्तृत जानकारी उपस्थित अभ्यर्थियों को दिया गया' इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक बिजेंद्र कुमार, एवं कार्यालय के अन्य कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

# चौबीस घण्टे का अखण्ड अष्टयाम आरम्भ, माहौल हुआ भक्तिमय



● गुरुवार की दोपहर पूणार्हुति के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा

प्रातः किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर।सीमावर्ती दरियापुर प्रखंड के सज्जनपुर मटिहान पंचायत के सज्जनपुर गांव में स्थित देवी मंदिर के 11वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर बुधवार से 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू हुआ। अष्टयाम की शुरूआत होने के बाद माहौल भक्तिमय होता नजर आया। गुरुवार की दोपहर पूणार्हुति के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इससे पूर्व आमी स्थित मां अंबिका भवानी घाट के गंगा नदी से श्रद्धालुओं द्वारा लाए गए गंगाजल को अष्ट्याम स्थल पर स्थापित करवाया गया फिर पुजारी अमित बाबा व गणेश बाबा के मंत्रोचार के बीच 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू हुआ।अष्टयाम की शुरूआत होने से फिजाओं में मंत्रों के स्वर के गूंजने से श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।अष्टयाम के आयोजन में अखिलेश सिंह, सविता देवी,धर्मवीर शर्मा, हरिहर साह, अशोक साह, धनंजय शर्मा,राकेश, देवानंद शर्मा समेत सचिन पटेल,शुभम पटेल,अभिनंदन पटेल,पीयूष,आयुष,सुमित, सरीखे युवा हरसंभव सहयोग दे रहे हैं। पूणार्हुति के बाद भोला भंडारी व मनोज व्यास के बीच दो गोला कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।बता दें कि सज्जनपुर मटिहान स्थित देवी मां में स्थानीय लोगों की गहरी आस्था है और पूरे गांव के लोग मंदिर की स्थापना के दिन को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाते हैं। इस दौरान पूरे गांव के लोग मां देवी की आराधना के लीन नजर आते हैं। ऐसी धारणा है कि मां के इस दरबार में मांगी श्रद्धालुओं की हर मुराद पूरी होती है।

# जदयू कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए रहे तैयार : सतीश कुमार

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू की अध्यक्षता एवम पूर्व विधान पार्षद सारण प्रमंडल प्रभारी सतीश कुमार के उपस्थिति में पटेल छात्रावास छपरा में जिला कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद सह सारण प्रमंडल प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि लोसाभा चुनाव में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सभी बूथों पर चट्टानी एकता के साथ मौजूद रहेंगे इसके लिए प्रखण्ड प्रभारी एवम बूथ कमेटी गठित किया गया है सारण जिला में महराजगंज एवम सारण लोकसभा में रास्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार की जीत होगी साथ ही साथ कार्यकताओं से कहा गया है की सत्रह साल में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन पहुंचने का काम करे जिला अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी समर्पित कार्यकर्ता साथी पार्टी के रीढ़ है आप कार्यक्रता साथियों के सहयोग से बूथ और चुनाव जीता सा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से आनंद किशोर कुमार सिंह,मुरारी सिंह, जयप्रकाश यादव,विशाल सिंह राठौर,महेश्वर चौधरी,पशुपतिनाथ पटेल,चंद्रभूषण पंडित,मनोज पटेल,मदन कुशवाहा, ई0 प्रभास शंकर, बरजेश सिंह,पवन वर्मा,संजय राम, चांदनी सिंह,कुसुम रानी,काजिम राजा रिजवी, सुनील सिंह, तरुण सिंह, बर्जकिशोर चंदवनसी, सलेंदर सिंह उपस्थित थे

## होली को ले चलेगी विशेष ट्रेन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता के सुविधा हेतु 05049/05050 छपरा-अमृतसर-छपरा होली विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 22 एवं 29 मार्च, 2024 दिन शुक्रवार को तथा अमृतसर से 23 एवं 30 मार्च, 2024 दिन शनिवार को 02 फेरों के लिये किया जायेगा। 05049 छपरा-अमृतसर होली विशेष गाड़ी 22 एवं 29 मार्च, 2024 दिन शुक्रवार को छपरा से 09.55 बजे प्रस्थान कर सीवान से 10.50 बजे, थावे से 11.28 बजे, तमकुही रोड से 12.05 बजे, पड़रौना से 12.40 बजे, कप्तानगंज से 13.30 बजे, गोरखपुर से 14.40 बजे, खलीलाबाद से 15.22 बजे, बस्ती से 15.50 बजे, गोण्डा से 17.15 बजे, बुढ़वल से 18.22 बजे, सीतापुर से 19.55 बजे, बरेली से 23.10 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.53 बजे, सहारनपुर से 04.02 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 04.27 बजे, अम्बाला छावनी से 05.20 बजे, लुधियाना से 07.05 बजे, जलन्धर सिटी से 08.10 बजे तथा व्यास से 08.45 बजे छूटकर अमृतसर 09.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05050 अमृतसर-छपरा 23 एवं 30 मार्च, 2024 दिन शनिवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान कर व्यास से 13.17 बजे।

## पंडित महेंद्र मिश्र की जयंती पर, 16 मार्च को पूर्वी गीतों से गुलजार होगा जलालपुर बाजार

प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुरे पूर्वी धून के सम्राट, कवि व स्वतंत्रता सेनानी पंडित महेंद्र मिश्र की जयंती पर 16 मार्च शनिवार को पूर्वी गीतों से जलालपुर बाजार गुलजार होगोबिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चोटी के गायक व गायिका अपनी प्रस्तुति देंगेइस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित महेंद्र मिश्र स्मारक समिति के सदस्य कन्हैया सिंह तूफानी ने बताया कि 15 मार्च 2024 को प्रखंड मुख्यालय परिसर मे संध्या 5:00 बजे से 8:00 तक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है वही 16 मार्च को पंडित महेंद्र मिश्र की प्रतिमा पर सुबह 9:00 बजे माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित है जबकि प्रखंड कार्यालय सभागार में 11:00 बजे से परिचर्चा आयोजित है।

# विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा: प्राचार्य

● कार्यक्रम के उपरांत छात्रों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण किया गया

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा।बुधवार को राजेंद्र कॉलेज में राजेंद्र कॉलेज अकादमिक मण्डल के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार सेमी कंडक्टर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में माननीय प्रधानमंत्री के अभिभाषण को लाइव सुना गया और उनकी अध्यक्षता में छात्रों के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा । इसमें मुख्य वक्ता भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश नाथ त्रिपाठी थे । उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग में दिनों दिन वृद्धि हो रही है । भारत में सेमीकंडक्टर की मांग के कारण देश में सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए अवसर भी बढ़ते जा रहे हैं। भारत को विनिर्माण का गढ़ बनाने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए ह्यमेक इन इंडियाह्व जैसे महत्वाकांक्षी अभियान के तहत इसके उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता है । इस कार्यक्रम के उपरांत छात्रों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण किया गया । विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान प्रो. संजय कुमार, डॉ. तनु गुप्ता, डॉ. विशाल कुमार सिंह, डॉ. अनुपम कुमार सिंह, डॉ. राकेश, डॉ. प्रवीण कुमार झा, भावेश कुमार समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे ।

## वृद्ध की हत्या

आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण, संवाददाता

डोरीगंज। खेत में लगे फसल की सिंचाई के लिए महज पड़ोसी के खेत से पानी का पाईप लेकर जाना एक वृद्ध किसान के लिए मौत का कारण बन गया जिसकी लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली यह शर्मनाक घटना अवतार नगर थाना क्षेत्र के झौवा टोला गांव की है मृतक अवतार नगर थाना क्षेत्र के झौवा टोला निवासी 78 वर्षीय शोभन राय बताया जाता है । इस संबंध में मृत वृद्ध किसान के पुत्र गब्बर राय ने पड़ोसी झौवा टोला निवासी बसावन राय के दो पुत्र राजन राय और भोला राय समेत कुल आठ लोगों को आरोपित कर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है ।जिसमें मृतक के पुत्र ने बताया है कि खेत में लगी फसल की सिंचाई के लिए पड़ोसी के खेत से पाईप ले जाने के कारण आरोपियों ने उसके पिता की लाठी डंडे व ईंट से पीटकर हत्या कर दी ।राजन द्वारा दिए आवेदन मे यह भी बताया गया कि जिनसे विवाद हुआ उस खेत मे दुसरे के पटवन के लिए पहले से ही पाइप बिछाया गया था,जिसका खेत पटने के बाद मेरे पिता द्वारा पटवन किया गया। जिसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची अवतार नगर पुलिस ने मृतक का शव अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में अवतार नगर थानाध्यक्षा लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि मृतक के पुत्र के आवेदन पर घटना की प्राथमिकी दर्ज हत्यारोपी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी शुरू कर दी गई है ।वहीं इस घटना के बाद से आरोपित घर छोड़ फरार हैं।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ के साथ विभागीय अधिकारियों ने की समीक्षात्मक बैठक

● एचडब्ल्यूसी पर लगभग 151 प्रकार की दवाओं और 14 प्रकार की जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकताः डीपीसी

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्धेश्य से स्वास्थ्य संस्थानों में हर तरह की सुख सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। क्योंकि सामुदायिक स्तर पर बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत (सीएचओ) सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की होती है। उक्त बातें सारण जिले के सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक के दौरान कही। जिले के सभी पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के साथ विभागीय अधिकारियों द्वारा सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, एनसीडीओ डॉ भूपेंद्र कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, जपाइगो की क्षेत्रीय समन्वयक बनानी मिश्रा, पीएसआई के कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रबंधक मुरलीधर शुक्ला और वरीय परिवार नियोजन समन्वयक राजीव कुमार, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से डेटा ऑपरेटर सुमन कुमार, सदर अस्पताल छपरा और अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर के उपाधीक्षक, जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। एचडब्ल्यूसी पर लगभग 151 प्रकार की दवाओं और 14 प्रकार की जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकताः डीपीसी जिला योजना समन्वयक सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के नोडल अधिकारी रमेश चंद्र कुमार ने कहा कि मिशन बुनियाद, टेली कंसलटेंसी, जन अरोग्य समिति, गैर संचारी विभाग (एनसीडी) से संबंधित जांच, एचडब्ल्यूसी में प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं पर उन्मुखीकरण, सेंटर पर उपलब्ध लगभग 151 प्रकार की दवाओं और 14 प्रकार की जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करना, एचडब्ल्यूसी के लिए कायाकल्प को लेकर उन्मुखीकरण, एचडब्ल्यूसी पर आयोजित विभिन्न प्रकार के आयोजन या कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

# अनियंत्रित हाइबा में वृद्ध व्यक्ति को रोंदा, घटना स्थल पर मौत

प्रातः किरण, संवाददाता



परसा। परसा-मकेर मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र फतेपुर में मंगलवार की रात्रि में परसा तरफ से मकेर की तरफ जा रही बालू लोड अनियंत्रित हाइबा ने बिजली का पोल तोड़ते हुए दरवाजे पर बैठे 63 वर्षीय एक व्यक्ति को रोद दिया। जिसकी बृद्ध ब्यक्ति पूरी तरह घायल हो गया।घायल बृद्ध थाना क्षेत्र के फतेपुर निवासी स्व कमल राय का 63 वर्षीय पुत्र जीतलाल राय बताया जाता है। परिजनों द्वारा आनन. फानन में प्राथमिकी उपचार हेतु परसा समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया.जहाँ चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया.घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया.और पुलिस ने चालक दिघवारा थाना क्षेत्र के मानपुरा निवासी लक्ष्मण राय का पुत्र मनिस्टर राय को हिरासत में कर पूछ ताछ कर रही है।मौत की घर खबर मिलते भाई देवीलाल राय, गोपाल राय, पंकज कुमार, मुन्ना कुमार, टुन्ना कुमार, देवंती देवी, मनोरमा देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अमियत्रित हाइवा से एक बृद्ध ब्यक्ति का मौत हो गई है।आवेदन के आधार पर पुलिस करवाई में जुटी है।

# माँझी के मझनपुरा में स्कूली बच्चों के बीच बांटे बैग

**प्रातः किरण संवाददाता।** माँझी प्रखंड के मझनपुरा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच शिक्षा विभाग द्वारा बैग वितरण किया गया। कक्षा पहली से तीसरी कक्षा तक के बच्चों को कौरु धौरु पंचायत की मुखिया वीणा देवी साथ मे मुखिया प्रतिनिधि सह जनसुराज के अनुमंडल अध्यक्ष उदय शंकर सिंह के मौजूदगी में छात्रों को बैग प्रदान किया गया इस दौरान बच्चों को सम्बोधित करते हुए मुखिया वीणा देवी ने कहा कि सरकार ने सभी बच्चों को इसलिए बैग उपलब्ध कराया है ताकि उसमें पुस्तक आदि लेकर बेहतर ड्रेस के साथ विद्यालय पहुंचकर अध्ययन का कार्य कर सकें। प्रधानाध्यापक ने कहा कि सभी नियमित बैग लेकर विद्यालय पहुंचे। बेहतर तरीके से अध्ययन का कार्य करें।अपना विद्यालय सभी को बेहतर शिक्षा देने की दिशा में गंभीर है जरुरत है मन लगाकर पढ़ने की जो भी पढ़ाई विद्यालय में होती है उसे घर में पहुंचकर अभ्यास करने का प्रयास करें। यदि पढ़ने में कठिनाई हो तो दूसरे दिन विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से आवश्यक सुझाव लें। जनसुराज के अनुमंडल अध्यक्ष उदयशंकर सिंह ने कहा कि शिक्षा ऐसी वस्तु है जिसे लेकर अपने आप को संस्कारित कर सकते हैं। अभी से ही संस्कारित रहें, प्रतिदिन अध्ययन का कार्य करें। अपने स्वास्थ्य आदि पर भी ध्यान दें। यदि शिक्षकों के बताए रास्ते पर चलेंगे तो निश्चित रूप से उन्नति होगी,इस।अवसर पर शिक्षा समिति के सचिव सुनीता देवी के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक और अभिभावक भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी कर पुलिस ने महुआ शराब की जब्त, कारोबारी फरार

कोचस (रोहतास) बुधवार को पुलिस ने नगर पंचायत वार्ड नंबर 3 में छापेमारी करते हुए ढाई लीटर महुआ शराब को जप्त की है। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी थाना अध्यक्ष विजय कुमार बैठा ने बताया कि शराब के विरुद्ध पुलिस ने कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में छापेमारी की जिसमें पुलिस को देख शराब कारोबारी गुड़िया देवी भागने में सफल रही, जबकि उसके यहां से पुलिस ने ढाई लीटर महुआ निर्मित शराब को जप्त कर ली है। वहीं पुलिस कारोबारी के ऊपर मध्य निषेध के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर कार्यवाही कर रही है।

### दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोचस (रोहतास) कोचस थाने की पुलिस ने कोर्ट के द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर फरार चल रहे एनबी ब्ल्यू के दो वारंटी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि करते हुए प्रभारी थाना अध्यक्ष विजय कुमार बैठा ने बताया कि एनबी ब्ल्यू के केश मे लंबे समयो से दो वारंटी फरार थे, जिसमे कोर्ट से निर्गत वारंट के आधार पर अमैसी डिहरा गांव के मुकेश कुमार व राहुल कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। जहा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर कोर्ट के लिए भेजा जा रहा है।

### दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बिक्रमगंज(रोहतास)। रोहतास पुलिस ने अलग-अलग जगहों से विविध कांडों के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए रोहतास पुलिस कप्तान विनीत कुमार ने बताया कि दिनारा थाना कांड संख्या 61/24 के आलोक में सुसंगत धारा 363/365 भादवि के अभियुक्त पुष्पराज पिता सुनील प्रताप चौरसिया साकिम नया भोजपुर थाना नया भोजपुर जिला बक्सर को गिरफ्तार किया गया। तो वहीं दूसरी ओर बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 138 /24 के आलोक में सुसंगत धारा 341/323/384/ 386/504/506/34 भादवि एवं 25 (1-बी )ए/29 (बी) के अभियुक्त रवि पासवान पिता रमेश पासवान साकिम गोसाई मोहल्ला वार्ड संख्या 12 थाना बिक्रमगंज को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नासरीगंज(रोहतास)। नासरीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मारपीट मामले में संलिप्त तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के लाला अतिमी निवासी कांड संख्या 90/24 के आलोक में सुसंगत धारा 341/323/308/379/ 447/34 भादवि के अभियुक्त अवधेश सिंह तो वहीं दूसरी ओर उक्त मामले में ही उक्त गांव के रहने वाले कांड संख्या 91/ 24 के आलोक में सुसंगत धारा 341/323/308/34 भादवि के अभियुक्त श्रीनाथ सिंह एवं राजनाथ सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को जांच कराने के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### नासरीगंज पुलिस इंस्पेक्टर के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

नसरीगंज(रोहतास)। रोहतास व भोजपुर के बॉर्डर पर पुलिस इंस्पेक्टर नासरीगंज एवं कछवां थाना के द्वारा सयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिस क्रम में पुलिस इंस्पेक्टर नासरीगंज के द्वारा 33 हजार 500 रुपये और कछवां थाना के द्वारा 32 हजार रुपये यानी कुल मिलाकर 65 हजार 500 रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया। वाहन जांच के क्रम में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ध्यान में रखते हुए गहन रूप से सभी विन्दुओं पर छोटे एवं बड़े वाहनों की जांच की गई। इसकी जानकारी कछवां थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने दी।

### छापेमारी दौरान 38 कार्टून विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

दिनारा(रोहतास):दिनारा पुलिस ने छापेमारी दौरान विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को मौके वारदात किया गिरफ्तार, दूसरा फरार। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ध्यान में रखते हुए वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र में शराब माफियाओं के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सरोसेर गांव में चिन्हित जगहों पर पुलिस बल के द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें उक्त चिन्हित जगह से 38 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसमें 816 पीस एट पीएम एवं 926 पीस ब्लू लाइन कंपनी का शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ पुलिस ने मामले में शामिल गिरफ्तार एक शराब तस्कर उक्त गांव का ही रहने वाला मंटू कुमार बताया जाता है।

# भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक कार्यशाला का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत स्थित एमएसएमईझविकास कार्यालय, पटना द्वारा पटना में बिहार राज्य के उद्योग संघों, चैम्बर्स, सामान्य सुविधा केंद्र (उरउ), बिहार एवं भोजपुर व समीपवर्ती जिले में कार्यरत उद्यमियों के सहयोग से पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक कार्यशाला का आयोजन होटल आरा ग्रांड, आरा के सभागार में किया गया। पीएम विश्वकर्मा के तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके पारंपरिक उत्पादों और सेवाओं को बढ़ाने में शुरू से अंत तक समग्र सहायता प्रदान करने की कल्पना की गयी है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस योजना के विभिन्न हितधारकों की मदद से इसके विभिन्न पहलुओं पर तकनीकी सत्र में योजना के बारे में वृहद रुप से जागरुकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम का होटल आरा ग्रैंड के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विक्रम विरकर,भा॰प्र॰से॰, उप- विकास आयुक्त,भोजपुर द्वारा किया गया क कार्यक्रम की अध्यक्षता इस कार्यालय के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख श्री सी॰एस॰एस॰ राव,भा॰उ॰वि॰से॰ ने किया क

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री अभिषेक कुमार सिंह, सहायक निदेशक, उद्यमशीलता एवं कौशल विकास मंत्रालय, पटना, श्री सजीव कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, भोजपुर,



श्री राजेश कुमार चौधरी, अग्रणी जिला प्रबंधक, पीएनबी बैंक, भोजपुर, श्रीमती मधु कुमारी महाप्रबंधक प्रभारी, जिला उद्योग केंद्र, उद्योग विभाग, बिहार सरकार, भोजपुर, श्री आदित्य विजय जैन , महासचिव, भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स, भोजपुर, श्रीमती अनिता गुप्ता, जिला संयोजक, लघु उद्योग भारती, बिहार, श्री चंदन कुमार, जिला प्रबंधक, सामान्य सुविधा केंद्र, बिहार, श्री संजीव आजाद, सहायक निदेशक सह भोजपुर जिला समन्वयक, श्री रविकांत, सहायक निदेशक एवं अन्य एमएसएमई हितधारक कार्यक्रम मे सम्मलित हुए एवं उनके द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया।

कार्यक्रम के उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री विक्रम विरकर,भा॰प्र॰से॰, उप- विकास आयुक्त,भोजपुर ने बिहार के एमएसएमई उद्यमियों के लिए कार्यक्रम को लाभकारी बताया एवं वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में प्रतिस्पर्धा में अपने को सक्षम बनाने हेतु एक कदम बताया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एमएसएमई झविकास कार्यालय, पटना के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख महोदय श्री सी॰एस॰एस॰ राव को बधाई एवं शुभकामनाएँ ज्ञापित की।

कार्यक्रम के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यालय के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख महोदय श्री सी॰एस॰एस॰ राव ने कहा कि समाज के हर वर्ग के उत्थान के आवश्यकता को देखते हुई पीएम विश्वकर्मा योजना बहुत ही लाभकारी साबित होगी जो उनको प्रारम्भिक सहायता के साथ ही टूलकिट, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता के माध्यम से उनको जीवन में आगे बढ्ने में सहयोग प्रदान करेगा। कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता, कौशल उन्नयन, बेहतर और आधुनिक उपकरणों के लिए सहायता प्रदान करना, समपार्श्विक मुक्त ऋण तक आसान पहुँच, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना, ब्रांड प्रचार और बाजार लिंकेज के लिए मंच प्रदान करना, इस योजना के प्रमुख उद्देश्य था।

कार्यक्रम के में पीएम विश्वकर्मा, सामान्य सुविधा केंद्र द्वारा पंजीकरण प्रक्रिया, कौशल एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कौशल उन्नयन इत्यादि विषयों पर प्रतिभागियों हेतु प्रस्तुतीकरण संबन्धित विशेषज्ञों द्वारा दी गई एवं सेमिनार भी आयोजित की गई क कार्यक्रम में श्री सजीव कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, भोजपुर द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के वित्तीय सहायता अवयव पर भी प्रस्तुति दी गयी। उद्योग संघो के के प्रतिनिधियों द्वारा टूलकिट के महत्व एवं उससे होने वाले मुनाफे पर भी प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक एमएसएमई प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संयोजन, समन्वयन व स्वागत भाषण सह थीम प्रस्तुतिकरण , इस कार्यालय के श्री सम्राट एम. झा, भा.उ.वि.से. ,सहायक निदेशक ग्रेड-क द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के ऊपर प्रस्तुतिकरण इस कार्यालय के श्री रविकांत, सहायक निदेशक द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री संजीव आजाद, सहायक निदेशक सह भोजपुर जिला समन्वयक द्वारा किया गया।

# पीएचडी में नियमों के उल्लंघन पर राज्यपाल को लिखा पत्र

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्री पीएचडी सत्र 2022 में आवेदन लिए जा रहे हैं। मगर पैट प्रवेश परीक्षा में राजभवन द्वारा निर्देशित पीएचडी अधिनियम के उल्लंघन को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। पैट की अधिसूचना में नियमों को दरकिनार किये जाने को लेकर पूर्ववर्ती छात्र संघ और दिल्ली सरकार की मैथिली भोजपुरी अकादमी के सदस्य तथा शोधार्थी रवि प्रकाश सूरज ने कुलाधिपति सह राज्यपाल को अलग अलग पत्र भेजकर पैट परीक्षा की अधिसूचना को अविलंब रद्द करने तथा दोषी अधिकारियों को दण्डित करने की मांग की है। पूर्ववर्ती छात्र संघ के सह संयोजक अभिषेक कुमार ने कहा कि पैट सूचना में सीटों की जानकारी नहीं है पिछली बार भी यह कहकर कि बाद में सीटों की संख्या जारी की जाएगी मगर नहीं की गयी जिसका नतीजा यह है कि गणित सहित कई विभागों में कोर्सवर्क के समय विवाद हुआ। न्यूनतम योग्यता में स्नातकोत्तर में 55 % अंक से उत्तीर्ण छात्र अनिवार्य है मगर अपेयरिंग छात्र से भी आवेदन लिए जा रहे। रवि प्रकाश सूरज ने कहा कि राजभवन से निर्देशित और अकादमिक कौंसिल से अनुमोदित फीस ही कोर्सवर्क छात्रों से लिया जाना है मगर 500 रु कम्प्यूटर के नाम पर जबरन वसूले जा रहे। पूर्ववर्ती छात्र संघ ने पूरे मामले को दुःखद बताते हुए कहा कि कुलपति के समक्ष ही राजभवन के परिनियमों की धज्जियाँ उड़ रही हैं और सभी छात्र संघ मौन हैं। भ्रष्टाचार का ऐसा माहौल किसी अन्य विश्वविद्यालय में नहीं इसलिए मजबूर होकर पारदर्शिता और स्वच्छ शिक्षा के माहौल की स्थापना के लिए राज्यपाल को लिखा जा रहा है।

# चित्रकार रौशन राय को स्टेट सेक्रेटरी का प्रभार सौंपा गया

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन बिहार स्टेट। भारतीय कलाकार संघ बिहार राज्य, के बैनर तले स्थानीय चित्रकार रौशन राय को स्टेट सेक्रेटरी का प्रभार यानी जिम्मेवारी सौंपा गया है। इस सम्मान के लिए ढेरों चित्रकार समाजसेवी लोगों ने बधाईयां दी है। चित्रकार रौशन राय ने स्थानीय व समकालीन कला को बढ़ावा मिले समाज के मुख्यधारा से कला जुड़ी रहे इसके लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं। खासकर स्थानीय भोजपुरी चित्र शैली कोहबर लेखन और पिडिया लेखन को मुख्यधारा में लाया जाए हमेशा प्रयास किया है। स्थानीय चित्रकार व बिहार के चित्रकारों सहित सबने मिलकर इस जिम्मेदारी के लिए स्वागत अभिनन्दन किया है। कला के क्षेत्र में बेहतर और व्यापक कार्य हो,कला को जनसुलभ और मौलिक बनाया जाए इस विचार के साथ रौशन राय को स्टेट सेक्रेटरी बनाया गया है। बिहार के वरिष्ठ चित्रकार मुकेश सोना जो बिहार कलाकार संघ के अध्यक्ष हैं इस जिम्मेवारी के लिए बधाईयां दी है। अपने विचार में उन्होंने कहा है कि युवाओं में कला कि समझ विकसित हो और इस क्षेत्र में भी अपना भविष्य ढुंढे। चित्रकार रौशन राय ने कहा कि निश्चित रूप से इस जिम्मेवारी को अपने समझ से बेहतर और व्यापक रूप देने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय कला और समकालीन समझ को समाज के समने रखने का प्रयास किया जाएगा।

# आरा रोटी बैंक का 6वां रक्तदान महोत्सव के अवसर पर शिविर का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा रोटी बैंक का 6वां रक्तदान महोत्सव अवसर पर रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय सदर अस्पताल,भोजपुर (ब्लड बैंक) परिसर में आरा रोटी बैंक के सदस्यों द्वारा रक्तदान महोत्सव शिविर का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर,संतोष सिंह भारद्वाज,उपाधीक्षक डॉ अरुण कुमार,जिला स्वास्थ्य समिति के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ रवि कुमार,जिला लेखा प्रबंधक अश्विनी कुमार ,प्रधान लिपिक राजीव सिंह,मैनेजर शशि कुमार,मेयर प्रतिनिधि प्रेम पंकज, आरा रोटी बैंक अध्यक्ष श्रीमती सोनाली देवी ने किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर ने कहा आरा रोटी बैंक आरा शहर के लिया गर्व है। आज रक्तदान को प्रखंड स्तर के हर पंचायत तक ले जाने की जरूरत है।शहर के युवाओं से अपील है कि रक्तदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले।रक्तदान करना



सबसे बड़ा पुण्य कार्य है साथ ही समाज को कुछ वापस करने का सबसे बेहतर तरीका है।आरा रोटी बैंक की कार्य प्रणाली वाकई काबिले तारीफ है जहां समाज के अंतिम पायदान के तबके के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है साथ ही आरा रोटी बैंक को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भोजपुर जिले में देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे लोग है, जिनको अभी भी रक्तदान करने से डर लगता है। तो हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें और जागरूक करें।

आरा रोटी बैंक के संतोष सिंह भारद्वाज ने बतलाया विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 14जून 1997 से विश्व रक्तदान दिवस मनाने की शुरूआत की गई जिससे समाज में रक्तदान को लेकर एक नई चेतना आ सके और उसी का परिणाम है आज समाज के हर वर्ग के लोग बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे है। संतोष सिंह भारद्वाज ने ये भी कहा आज के दिन संस्था के 15सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया और साथ ही हर वर्ष मार्च की 13 तारीख को संस्था द्वारा इसी प्रकार से रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।जैसा कि विदित है आरा रोटी बैंक जरूरतमंदों के बीच विगत 6वर्षो सेसमाज में उनको मुख्यधारा में जोड़ने के लिए कार्य कर रहा है साथ है आने वाले समय में सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दे पर भी काम किया जाएगा।

सोनाली देवी ने कहा आरा रोटी बैंक विगत 6वर्षो से ज्यादा से ससमय जरूरतमंदों के रक्त की जरूरत को पूरा करता रहा है और संस्था ने रक्तदान महोत्सव का अयोजन किया जिसमें सभी सदस्य बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।साथ ही अपील की गई रक्तदान को लेकर समाज में भ्रांतियां को आज दूर करने की जरूरत है।

इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ अरुण कुमार ने कहा आरा रोटी बैंक समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लंबे समय से प्रतिबद्ध है साथ ही डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसायटी के डीपीएम डॉक्टर रवि कुमार, डैम अश्विनी कुमार , ए एन एम स्कूल प्रचार्या ममता भर्ती,राजीव सिंह आदि उपस्थित होकर आरा रोटी बैंक टीम का उत्साहवर्धन किया। मेयर प्रतिनिधि प्रेम पंकज ने कहा आरा रोटी बैंक सामाजिक उत्थान की दिशा में लंबे अरसे से कार्य करते आ रहा है।इनके द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है साथ ही आने वाले समय में रक्तदान को लेकर जिला स्तर पर जागरूकता अभियान आरा रोटी बैंक के माध्यम से चलाया जाएगा। रक्तदान महोत्सव को सफल बनाने में आरा रोटी बैंक के सोनाली देवी,सोनाली पाल,निशा गुप्ता,अखौरी दीपक बिहारी, अमिताभ शंकरने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन मुक्तिकांत ने दिया।

# आरा नगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा नगर थाना क्षेत्र में नकाबपोश बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने के बाद युवक घायल होकर वही गिर पड़ा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया और इसकी जानकारी परिजनों को दी। बताया जाता है कि घायल युवक किसी व्यक्ति को जमीन दिखाने जा रहा था तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने हमला बोल दिया। अपराधियों ने युवक पर गोली दाग दी। गोली युवक के पेट में जा लगी। जिसके बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। घटना आरा नगर थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित जहूर आईटीआई के पास की है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। घटना के संबंध में भोजपुर एएसपी परिचय कुमार ने बताया की घायल युवक की पहचान हो गयी है। नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा निवासी 35 वर्षीय दीपनारायण सिंह अपने एक साथी के साथ जमीन के सिलसिले में गया था। तभी पहले से घात लगाये बैठे 3 अपराधियों ने गोली मार दी।

एएसपी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। वही घायल युवक का इलाज कर रहे डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि युवक को दाहिने साइड कमर के पास गोली लगी है जो पेट में जाकर फंस गई। गोली निकालने के लिए युवक का ऑपरेशन किया जा रहा है। ऑपरेशन के बाद उसे ऑब्जरवेशन में रखा जाएगा।

# बालू माफियाओं के द्वारा बालू खनन नीति के नियमावली को ताक पर रखकर बालू का किया जा रहा है खनन

प्रातः किरण संवाददाता

रोहतास। बिहार के रोहतास जिले में बालू माफिया अधिकारियों को अपनी जेब में और नियमों को ताख पर रखकर अवैध रूप से बालू का खनन कर रहे हैं। जैसे मानो इन्हें ना तो कोई अधिकारियों का भय है और ना ही नियमो के पालन की चिंता। बस बालू माफिया किसी तरह से सोन नदी का दोहन करके बालू खनन कर अकूट धन अर्जित करना ही उनका लक्ष्य है।

ऐसा ही कुछ नजारा रोहतास जिले के इंद्रपुरी थानाक्षेत्र के कटार बालू घाट पर देखने को मिल रहा है। दरअसल कटार बालू घाट के संचालक के द्वारा निर्धारित सीमा क्षेत्र से बाहर जाकर अवैध रूप से पोकलेन मशीनों के द्वारा सोन नद से बालू का खनन किया जा रहा है। निर्धारित सीमा से तकरीबन तीन किलोमीटर की दूरी पर डेहरी नगर थानाक्षेत्र के औधोगिक क्षेत्र स्थित सुधा डेयरी प्लान्ट और एनीकट टाल बाँस के सामने सोन नद के बीचो-बीच बालू का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। अपने सीमांकित क्षेत्र से तकरीबन तीन किलोमीटर की दूरी पर घाट संचालक के द्वारा बड़े-बड़े पोकलेन मशीनों से ट्रको पर बालू लोड किया जा रहा है।

जबकि बालू खनन नीति के अनुसार अपने सीमांकित सीमा क्षेत्र में ही बालू



खनन करने की अनुमति है। इसके साथ ही पोकलेन मशीनों से ट्रक के ऊपर बालू लोड करने की अनुमति नहीं है। ट्रको पर बालू मजदूरों द्वारा ही लोड करने की अनुमति है। जिस तरीके से घाट संचालक के द्वारा बालू खनन नीति और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों को ताख पर रखकर बालू का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है उससे सोन नद और पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। जिसके कारण अभी से ही जल संकट की समस्या उत्पन्न होने लगी है। अगर समय रहते अधिकारियों के द्वारा ऐसे घाट संचालकों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में सोन तट से सटे जिलों को जल संकट सहित अन्य समस्याओं से जूझना पड़ेगा।

बालू घाटो द्वारा नियमों का उल्लंघन कर बालू खनन करने के कारण सोन नद के डीलो पर खेती कर रहे हैं किसानों के फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। खेती कर रहे किसान कमलेश चौधरी ने बताया कि कटार बालू घाट के संचालक के द्वारा तीन किलोमीटर दूर बीच सोने में पोकलेन मशीनों के द्वारा बालू खनन कर ट्रको पर बालू लोड किया जा रहा है जिसके कारण हम लोगों के फसलों को बालू माफियाओं द्वारा बलपूर्वक ध्वस्त कर दिया गया है। इसका विरोध करने पर घाट संचालक के द्वारा मारपीट और लूटपाट का झूठा आरोप लगाकर उनके विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कर उन्हें झूठे केस में फंसा दिया जा रहा है। और इसके साथ ही उन्हें धमकी भी दी जाती है। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद भी बालू माफिया पर कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि उल्टे उन्हीं के ऊपर मुकदमा दर्ज करने झूठे केस में फंसा दिया जा रहा है। ोहतास जिले के खनन विभाग के अधिकारी बालू घाट संचालको से बालू खनन नीति के नियमों का अनुपालन करने में विफल साबित हो रहे हैं। जिला खनन पदाधिकारी के अलावा अनुमंडल स्तर पर सरकार के द्वारा खान निरीक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। लेकिन जिस तरीके से कटार बालू घाट संचालक के द्वारा सोन नद में अपने निर्धारित सीमाक्षेत्र से अधिक क्षेत्र में बालू का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है उससे साफ जाहिर हो रहा है की कटार बालू घाट संचालक को बालू खनन नीति और एनजीटी के नियमों की खुली छूट मिली हुई है। यही नही बालू माफियाओं के द्वारा बीच सोन नद में कृत्रिम बाँध बनाकर सोन नद की धारा को मोड़ दिया जा रहा है। जिसके कारण सोन नदी और पर्यावरण सहित किसान के फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। नियमानुसार जिला खनन पदाधिकारी के साथ-साथ खान निरीक्षकों को सभी बालू घाटों का निरीक्षण नियमित रूप से करना है। लेकिन खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त घाट संचालक पर मेहरबान होने का मतलब सभी को सभी को समझ मे आ रहा है।

वही इस मामले में डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि कटार बालू घाट संचालक के द्वारा अपने सीमांकित क्षेत्र से बाहर जाकर बालू का खनन किया जा रहा है। वही सोन नद में कृत्रिम बाँध बांधकर सोन नदी की धारा को मोड़ा गया है। एसडीएम और एसडीपीओ के नेतृत्व में संयुक्त रूप से नियमों का उल्लंघन कर बालू का खनन करने वाले घाट संचालकों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही सोन नदी में बनाये गये कृत्रिम बाँध को भी ध्वस्त किया जाएगा। इसके साथ ही बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राशन देने में डीलर करें मनमानी तो उपभोक्ता जल्द करें शिकायत : एसडीएम

बिक्रमगंज (रोहतास) यदि राशन देने में डीलर करें मनमानी तो राशन कार्ड धारक जल्द शिकायत करें। इसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए बताया कि वह अपनी शिकायत स्वयं एसडीएम अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर सकते है। जो उनके द्वारा लगातार अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में औचक जांच से जन वितरण प्रणाली के डीलरों में हड़कंप मची है। वही कार्डधारकों में एसडीएम के इस सराहनीय कार्य से खुशी व्याप्त है।

ज्ञात हो कि विगत दिनों उन्होंने बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के लगभग 30 जन वितरण दुकानों का अबतक औचक निरीक्षण करते हुए बहुत से डीलरों से स्पष्टीकरण की मांग भी किया है। जिसमें



नोहर और परसिया के डीलरों पर जन वितरण दुकान की जांच खामियां मिलते है उनके विरुद्ध एसडीएम द्वारा प्राथमिकी दर्ज भी कराया गया है। दूसरी तरफ देखा जाए तो जगहों पर राशन डीलर या तो चावल या गेहूं ही देते हैं और वह भी पूरी मात्रा में वजन भी लोगों को नहीं मिल पाता है। जिसको लेकर उपभोक्ता निरंतर डीलरों से शिकायत भी करते है। जिसके बाद डीलर उनकी राशन कार्ड को बंद कराने की बातें कह उन्हें डराते नजर आते है। दूसरी तरफ एसडीएम अनिल बसाक ने राशन कार्डधारकों को जागरूक करते हुए बताया कि केंद्र सरकार कोविड के दौर में गरीबों की मदद के लिए शुरू की गई 'मुफ्त राशन योजना' जिस योजना को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा अगले 5 साल और बढ़ाने का ऐलान किया गया है। जो सत्र 2024 ही नहीं, बल्कि 2029 के चुनाव से पहले तक विभिन्न प्रकार के मुफ्त राशन मिलेगी। जो प्रधानमंत्री योजना तहत बिहार में भी फ्री राशन उपभोक्ताओं को मिलेगी। लेकिन कई जगहों पर देखा जाता है कि राशन डीलर या तो चावल या गेहूं ही देते हैं और वह भी पूरी मात्रा में लोगों को नहीं मिल पाता है। जिसे लेकर लोग परेशान रहते हैं कि आखिर राशन पूरी मात्रा में नहीं मिल रहा है तो इसकी शिकायत किससे और कहां करनी चाहिए।

# वाणी, भोजन एवं व्यवहार सत्य होना चाहिए : जीयर स्वामी

बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज प्रखंड के जोन्ही निज ग्राम में 11 मार्च से चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि माता देवहुति ने अपने पुत्र भगवान कपिलदेव जी से पूछा कि आत्मोद्धार कैसे हो सकता है। उन्होंने बताया कि आत्मोद्धार का सबसे सरल तथा सहज उपाय यह है कि मन को जगत के साथ साथ जगदीश में भी जोड़िए।

मन को केवल जगदीश में जोड़ना संभव नही है। उसी प्रकार से जगदीश में यदि संबंध जोड़ लेते हैं तो सही



मायने में हमें जगत का संबंध पास कर लेगा। जगत का व्यवहार हमें पास कर देगा। अगर जगदीश से संबंध में पास नही करते हैं तो व्यवहार से जगत से पास होने के बाद भी फेल माने जाएंगे। इसलिए जगत की व्यवस्था में रहें लेकिन जगदीश से संबध जोड़ कर रहें। कहीं किसी कारण से जाने अनजाने में बुरी आदत जो हो उसको त्याग दीजिए। हर पल हर क्षण उसके जीवन का कार्य हमारा भजन बन जाएगा। स्वामी जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण में बताया गया है कि बंधन और मोक्ष का कारण मन है। यदि जगदीश में फंसा हुआ है तो मोक्ष है। यदि मन कहीं जगत में फंसा हुआ है तो बंधन है।

मोक्ष का सरल और सहज साधन मन है। मन को अपने आप में दुनिया से समेट लिए तो ठीक है। यदि मन को दुनिया में लगा दिए तो कहीं न कहीं उलझन में फंसना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सत्य ही नारायण हैं और नारायण ही सत्य हैं। भक्ति को पुष्टि करने के लिए 15 साधन बताया गया है। पहला यम नियमादि का पालन करना। वाणी , भोजन और व्यवहार सत्य होना चाहिए। हमारी धारणा व ध्यान भी एकाग्रचित होना चाहिए, इसी का नाम सत्य है। अगर नारायण से हमारा प्रेम नहीं हुआ तो हमारे द्वारा जो सत्य बोला गया है सत्य बोलने पर भी उसका फल प्राप्त नही होगा। मौके पर प्रवचन स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग मौजूद थे।

# दो दिवसीय किसान मेला सम्पन्न

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा बुधवार को अनुसूचित जाति ऊप योजना के अंतर्गत आयोजित किसान मेले का सफलता पूर्वक समापन किया गया। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बिक्रमगंज त्रिलोकी नाथ सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए केंद्र की प्रधान वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए ज्ञान का मंदिर है एवं किसानों की सेवा के लिए तत्पर है। केंद्र द्वारा आयोजित किसान मेला कृषि एवं उससे जुड़े हुए अन्य क्षेत्रों की नवीनतम तकनीकियों को किसानों के बीच पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। इस मेले में कई तरह के कृषि यंत्र जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के ग्रामों में किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र में अवस्थित विभिन्न प्रत्यक्षण इकाइयों के द्वारा किसानों को समेकित कृषि, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मत्स्य पालन, सेड नेट, पॉलीहाउस इत्यादि की जानकारी प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण के माध्यम से अनवरत दी जा रही है। मेले के दूसरे दिन तकनीकी सत्र के बाद विभिन्न तरह के प्रतियोगिताओं का प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# सीएचसी काराकाट में बच्चों के जीवन से खिलवाड़, टीकाकरण में बरती अनियमितता

## स्वास्थ विभाग कर्मी पर ग्रामीण ने लगाया गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग

काराकाट (रोहतास): काराकाट प्रखंड क्षेत्र के नन्हे बच्चों के साथ सीएचसी काराकाट द्वारा टीकाकरण में भारी अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। काराकाट प्रखंड में स्वास्थ विभाग का अक्सर शिकायत मिलने से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। बच्चों के साथ खिलवाड़ करने से स्वास्थ्य कर्मी बाज नहीं आ रहे है। मामला मोथा पंचायत के संसार डिहरी गांव का हैं जहां टीकाकारण केंद्र पर एएनएम बिंदु कुमारी ने 4 माह के बच्ची आनवी कुमारी को पांच प्रकार का इंजेक्शन दिया गया। जिसमे एक इंजेक्शन पेंटा-3 लगाया गया। जिसके बाद बच्ची के पिता दिव्य प्रकाश पांडेय ने बुखार की टैबलेट या सीरप की मांग किया तो किसी प्रकार की दवा नहीं होने की बात बतायी। दिव्य प्रकाश पांडेय ने बताया कि एएनएम का कहना था कि




सीएचसी काराकाट से बुखार की कोई दवा नहीं दी जाती है। बताया कि अब तक एक बार भी बुखार की कोई दवा नहीं दी गयी उसके बाद हमने बुखार की दवा की मांग किया उसके बाद भी दवा नहीं होने का बहाना बना दिया गया। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ॰. राजीव कुमार का नाम लेते हुये बताई कि बुखार की दवा मांगने पर अनसुना करते है। संसारडिहरी गांव के केंद्र पर 16 बच्चों का टीकाकरण किया गया लेकिन किसी बच्चे को बुखार की दवा नहीं दी गई। गौरतलब हो कि सामान्यतः टीकाकरण के बाद बच्चों में हल्की बुखार आने की शिकायत होती है। उसके लिए स्वास्थ्य विभाग से पैरासिटामोल का टैबलेट्स या बुखार का सीरप दिया जाता है लेकिन एएनएम बिंदु कुमारी से जब बच्चों के परिजनों ने बुखार दवा की मांग किया तो बताया गया कि सीएचसी से ही दवा नहीं दिया गया तो हम लोग कहां से दवा देंगे। इस पर बच्चों के परिजनों से एएनएम से काफी नोक झोंक हुआ। जब इसकी जानकारी सीएचसी प्रभारी चिकित्सा डॉ॰. राजीव कुमार से लि गई तो उन्होंने कहा कि सीएचसी काराकाट से बुखार के लिए काफी मात्रा में दवा उपलब्ध है। एएनएम की भारी लापरवाही है जान बूझकर दवा नहीं ले गयी है और सीएचसी को बदनाम करती है। बताया गया कि सुनने में आया कि परिजन से नोक झोंक भी कर रही थी। ये मामला मेरे पास आया है। इसकी जांचकर कर कारवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, गुरुवार, 14 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी। पुलिस ने थाना क्षेत्र के झौर गांव से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल थानाध्यक्ष ट्रेनिंग आईपीएस शिवम धाकड़ ने बताया कि आरोपी बीते कई महीने से फरार चल रहा था, इसके खिलाफ कोर्ट का वारंट जारी किया गया था कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कार्यवाही करते हुए कोर्ट में पेशी के कर जेल भेज दिया गया है।

### त्योहार को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

शेरघाटी। होली व चुनाव के मद्द नजर रखते हुए विधि व्यवस्था बनाने को लेकर शहर में थानाध्यक्ष सह ट्रेनिंग आईपीएस शिवम धाकड़ के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि शहर में असामाजिक तत्व एवं लहरिया कट बाइक चलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह फ्लैग मार्च शेरघाटी थाना मोड़ से मुख्य मार्ग गोल बाजार होते हुए चट्टी मोहल्ला, रमना मोहल्ला, दुल्हन मंदिर, बढ़ई टोला, समेत कई इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च किया गया।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, वसूला गया जुर्माना

शेरघाटी। पुलिस ने थाना मोड़ के निकट चलाया वाहन जांच अभियान उक्त जांच के दौरान बिना हेलमेट एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के पाए जाने वाले लोगों से फाइंड वसूला गया, थानाध्यक्ष सह ट्रेनिंग आईपीएस शिवम धाकड़ ने बताया कि बिना हेलमेट एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के बाइक चलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी नजर रखी जा रही है और सख्त कार्रवाई भी की जा रही है, वहीं लगातार शहर में वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है, उक्त वाहन जांच के दौरान हजारों रुपए की फाइंड वसूली की गई।

### डा मनीष ने संगठन महामंत्री से मिलकर पीएम कार्यक्रम पर की चर्चा

गया।भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री भीकू भाई दलसाणिया ज का भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा के के द्वारा मिलकर भगवान विष्णु का चरण चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने संगठन महामंत्री से मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के के द्वारा लाभार्थियों से मिलकर प्रणाम करने का कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं घर-घर जाकर लाभार्थियों से मिलने का कार्यक्रम का भी विस्तृत रूप से जानकारी दी सभी लाभार्थियों के द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति खुशी जाहिर की एवं भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी बनेंगे।

### नवनिर्मित नाला का हुआ शिलान्यास

नोखा (रोहतास) नगर परिषद नोखा द्वारा वार्ड नंबर 11 एवं 12 में नाला एवं स्लैब का निर्माण को लेकर के शिलान्यास किया गया। वहीं वार्ड नंबर 12 में पुल निर्माण को लेकर के पूजन की गई। इस मौके पर नगर परिषद के सभापति राधेश्याम सिह उपसभापति धनजी सिह ने शिलापट का शिल्यानस किया। पूजन की नारियल फोड़ा गया। विकास कार्यो में एक और कड़ी जोड़ दी। नगर परिषद सभापति ने बताया कि वार्ड नंबर 11 में नाला निर्माण जरूरी था। ताकि बरसात का पानी और घर उसे निकालने वाले गंदा पानी को निकाला जा सके। जिसको लेकर के नाले का निर्माण किया जा रहा है और संवेदक से कहा कि जल्द से जल्द बनाकर पूरा करे। उपसभापति धनजी सिह ने कहा कि नाला निर्माण की गुणवत्ता में कमी नहीं बरतनी होगी और लोगों की सुविधा को देखते हुए यह नल का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर वार्ड प्रतिनिधि लखन चंद्रवंशी, आफताब आलम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### भंडारा के साथ समापन हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा

सासाराम(रोहतास)। भंडारा के साथ समापन हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञासा प्रज्ञा पुराण कथा का स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ न्यू एरिया सासाराम में गायत्री परिवार ट्रस्ट सासाराम के द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा 5 दिनों से चल रहा था इस पर अवसर पर ऋषि पुत्रों ने प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति 16 संस्कारों एवं पूज्य गुरुदेव पूज्य गुरुदेव के निशान मनुष्य में देवत्व का जागरण एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा हम बदलेंगे युग बदलेगा, व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला 'दीप यज्ञ में हजारों दीपक एक साथ जलाए गए' सैकड़ो की संख्या में लोग प्रतीदिन हवन पूजन किए ' आयोजित भंडारे मे लगभग सात हजार से अधिक लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया 'इस अवसर पर टोली नायक श्री अनिल जी, नरेंद्र मिश्रा जी, सक्षम मिश्रा जी सहित सैंकड़ों गायत्री परिवार के लोग भाग लिए।

# डीएम ने पंचायत राज पदाधिकारी को दिया निर्देश सेल का गठन कर पेयजल का कराएं मोनिटरिंग

प्रात: किरण संवाददाता



गया। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने गया जिले में गर्मी के मौसम में शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट के समाधान हेतु बैठक की गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से छुटे हुए बसावट में नल जल योजना के क्रियान्वयन की स्थिति, क्रियाशील नल जल योजना की स्थिति, अपूर्ण नल जल योजना की कार्य योजना एवं किसी भी सरकारी फंड से लगाए गए सार्वजनिक चापाकल जो वर्तमान में खराब है, उसकी सर्वे एवं मरम्मत की स्थिति पर विस्तार से समीक्षा की गई है। इस वर्ष गर्मी के मौसम में किसी भी टोले में एवं कस्बे में पानी की कोई समस्या ना हो, इसके लिए अभी से ही माइक्रो लेवल पर सर्वेक्षण करवाने का निर्देश जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। डीएम ने पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आज से ही एक सेल का गठन कर पेयजल का मोनिटरिंग करवाये।नल जल योजना के संबंध में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायत राज विभाग द्वारा निर्मित नल जल योजनाओं का सर्वेक्षण अपने सभी टी०ए० टेक्निकल असिस्टेंट के माध्यम से 20 मार्च तक हर हाल में करवा लें। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार जो भी बंद पड़ी योजना है, उसे तुरंत पीएचईडी मरम्मत कर चालू करवाये। साथ ही पीएचईडी विभाग की खुद की नल जल योजना का सर्वेक्षण खुद अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एव कर्मियों से करवाते हुए फंक्शनल करवाये। मार्च अंतिम तक पीएचइडी सभी योजनाएं, सभी वार्डों में फंग्शनल बनाएं। पेयजल को इस गर्मी के मौसम के पहले ही दुरुस्त करा दे। इस गर्मी में कोसिस करे की किसी भी कस्बे में पानी की दिक्कत न हो। ज्यादातर मोटर एवं मोटर स्टार्टर जलने की सूचना मिलती है, जिसके कारण पेजल बंद रहता है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस गर्मी में पूरी तत्परता से छोटी-छोटी समस्याओं को मरम्मत करवाते हुए जलापूर्ति सुचारू रखें। जहां भी नल जल योजना का अधूरा काम हुआ है या आधा काम कर कर के संवेदक भाग गया है, वैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए संवेदक से सुनिश्चित करवाएं कि मार्च अंतिम तक कार्य पूर्ण कर ले। जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने स्तर से भी प्रत्येक सप्ताह पेयजल समस्या का समीक्षा करते रहें। डीएम ने कहा कि मैटेरियल की उपलब्धता, मैन पावर की उपलब्धता इत्यादि के साथ सभी पीएचईडी की सभी एजेंसी एक्टिव होकर संभावित जल संकट की समस्याओं पर काम करे।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि जिले के सभी प्रखंडों में किसी भी सरकारी फंड से लगाए गए हो। सार्वजनिक चापाकलो जो वर्तमान में बंद पड़े हैं, उसकी सूची तैयार करे। सार्वजनिक बंद पड़े चापाकल का संरक्षण हेतु एक विशेष प्रकार का प्रपत्र तैयार किया गया है उसी विहित प्रपत्र में पूरी जानकारी भरकर के 25 मार्च तक हर हाल में प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध करवाएं। ताकि उसे मरामति पूरी की जा सके। सर्वेक्षण के कार्य मे विकास मित्र एव पंचायत सचिव को लगाकर गाँव वार टोला वार सरकारी चापाकलों का सर्वे करवाये। चापाकल मरम्मति गैंग दल जब फील्ड में जाएंगे तो उस क्षेत्र के संबंधित मुखिया एवं वार्ड सदस्य को भी निश्चित तौर पर सूचित करेंगे कि उनके क्षेत्र में आज सार्वजनिक चापाकलो की मरम्मत की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक चापाकल मरम्मत का सोशल ऑडिट भी उसी समय किया जाना है। चापाकल मरम्मत के बाद स्थानीय 2-4 लोगों से हस्ताक्षर एवं प्रमाण पत्र भी प्राप्त करना है, कि चापाकल को मरम्मत की गई है।जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचइडी को निर्देश दिया कि अपने अधीनस्थ सभी असिस्टेंट इंजीनियर जूनियर इंजीनियर तथा अन्य कर्मियों को पूरे जिम्मेदारी के साथ लगातार फील्ड में रखते हुए पेयजल समस्याओं को नजर रखें। इसके अलावा सरकारी विद्यालयों, महादलित बस्तियों,टोलों, आंगनवाड़ी केंद्रों के समीप वाले चापाकलों को प्राथमिकता से सर्वे करवाते हुए मरामती करवाये।

## स्वच्छता कर्मियों को आयुष्मान कार्ड किया गया वितरित

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत नगर परिषद अरवल के स्वच्छता कर्मियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। साथ ही स्वच्छता कर्मियों को सलाह दी गई कि अपने परिवार के बाकी सदस्यों का भी आयुष्मान कार्ड अतिशीघ्र बनवा लें। चूँकि स्वच्छता कर्मी सफाई का कार्य करते है और उनके बीमार पड़ने की आशंका ज्यादा रहती है, अतः आयुष्मान कार्ड बनवाकर वे स्वास्थ्य पर खर्च होने वाले आर्थिक बोझ से मुक्त रह सकते है।

इसके साथ ही वे जल्द बीमार ना पड़े इसके लिए पीपीई किट भी प्रदान किया गया। इस दौरान उनको पीएम स्वनिधि योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस योजना के तहत दस हजार, बीस हजार, पच्चास हजार की राशि तीन किस्तों में दी जाती है। इस योजना का लाभ उठाकर वे कोई अपना रोजगार चालू कर सकते है और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा हिट एण्ड रन केस में अपने स्वजन को खोने वाले कुल 05 लोगों मनिषा देवी दूर्गन बिगहा करपी, मनोरमा देवी बाजितपुर करपी, चाँदनी कुमारी बेलाबिगहा अरवल, सोनफी कुमारी सतपुरा बारा कोरियम अरवल, कमख्या नारायण चौधरी ओझा बिगहा अरवल प्रत्येक को दो लाख रुपए का डमी चेक प्रदान किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं सिविल सर्जन के साथ अन्य उपस्थित रहें।

## भाजपा नेता सह पूर्व कृषि वैज्ञानिक दयानंद पांडेय को मंत्री ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



गया। शहर के सर्किट हाउस में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने फतेहपुर निवासी भाजपा नेता सह पूर्व कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय को सम्मानित किया। उस दौरान भाजपा नेता दयानंद पांडे ने भी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार को अंग वस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया है।विशेष मुलाकात के दौरान पूर्व कृषि वैज्ञानिक सह भाजपा नेता ने बोधगया विधानसभा व फतेहपुर प्रखंड के कृषि संबंधित सहित अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्य योजनाएं पर भी परिचर्चा भी की है।

गौरतलब हो कि हाल में ही पूर्व कृषि वैज्ञानिक दयानंद पांडे भाजपा में शामिल हुए थे। इससे पूर्व इनके पिताजी स्वर्गीय रामानुग्रह पांडेय ने भी अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए भी जीवन भर संघर्ष करते रहे हैं। इसके अलावा आजादी की लड़ाई में भी वे बहुत बार जेल भी गए। उन्हीं की परंपरा को आगे बढ़ते हुए उनके पुत्र दयानंद पांडेय ने भी बीजेपी पार्टी के साथ जन सेवा का निश्चित किया है। वे चाहते हैं कि रिटायरमेंट के बाद इस 75 वर्ष के उम्र में पीएम नरेंद्र मोदी के तमाम योजनाओं को जन-जन तक पहुंचे हैं। जिससे केंद्र और बिहार की हर योजनाओं से लोग वंचित न रहे हैं।भाजपा नेता दयानंद पांडेय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी जो गरीबों के उत्थान के लिए अग्रसर है। इसलिए बिना किसी लाभ के जनसेवा के लिए आगे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा यही सोच है कि जन-जन तक शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि सहित तमाम योजनाओं का लाभ लोगों तक ईमानदारी पूर्वक पहुंचा सकूं।

## गया कॉलेज गया में शोक सभा का आयोजन



गया। कॉलेज गया में आज भूतपूर्व प्राचार्य डा कमलदेव नारायण सिंह एवं महाविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग के प्रोफेसर डा बिरेंद्र कुमार सिंह उनके निधन उपरांत शोक सभा के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई प्रधानाचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि दुख की इस घडी मे ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करे उनका असमय जाना सब की लिए दुखद है। कमलदेव बाबू ने 01/04/95 से 21/02/99 तक महाविद्यालय मे अपनी सेवाएँ दी और उनका नाम देश के जाने-माने शिक्षाविदों में शुमार है कमलदेव बाबू के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए वे समय परायणता एवं कर्तव्य परायणता की जीती जागती मिसाल थे मैं अपने युवा शिक्षक साथियों से अनुरोध करूंगा कि वह कमलदेव बाबू के आदर्श को अपने जीवन में आत्मसात करें बिरेंद्र बाबू दर्शनशास्त्र विभाग मे 7/2/74 से 24/6/93 तक अपनी सेवाए दी है।

## बीमार से तड़प रही महिला को सल्लू खान ने की मदद

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर अस्पताल में हसपुरा थाना के एगेरिया निवाड़ी अमरेंद्र पासवान की 30 वर्षीय पत्नी की तबीयत खराब है और उसे पर के दाहिने साइड से वह मजबूर थी। वह सदर अस्पताल में आकर इमरजेंसी वार्ड के पास रोने लगी और लोगों से कहने लगी कि मेरे पति बेंगलुरु में निजी कंपनी में काम करते हैं। मैं हसपुरा से सदर अस्पताल से सदर अस्पताल से कांग्रेस नेता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को

समाजसेवी सल्लू खान ने सदर अस्पताल में असहायों के सहारा बनने वाले समाजसेवी सल्लू खान को लोग अब फोन करके मदद करने के लिए बुलाने लगे हैं। समाज के ऐसे असहाय जिनके पास सामान्य जनमानस पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता तो ऐसे लोगो को सल्लू खाने की याद आती है। वही सल्लू खान भी बिना संकोच के तुरंत ऐसे लोगो की मदद करने पहुंच जाते हैं। बुधवार को हसपुरा थाना के एगेरिया गांव की महिला अमरिंदर पासवान की 30 वर्षीय पत्नी सविता देवी अपने दो बच्चें के साथ सदर अस्पताल पहुंची इलाज करने के लिए मगर उसे पर न पैसा था न ही कोई सहारा था कि उसे चिकित्सक से दिखला दे वह महिला सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के पास आंख से आंसू टपक का रही थी कि मेरा इलाज कैसे होगा मेरा कोई नहीं है, उसके आंसू बहाने से सदर अस्पताल में एक मरीज ने सल्लू खान को मोबाइल पर सूचना दिया। असहाय पीड़ित महिला अपनी बीमारी में बुरी हालत में पड़ी है। जैसे ही समाजसेवी को पता लगा तत्काल वह महिला के पास गए। समाजसेवी ने देखा कि महिला असहाय हालत मे अस्पताल में के जमीन पर पड़ी थीं निकल गई थी और पैरों में खून की कमी से सूजन भी आ गई थी उस महिला की इतनी दयनीय हालत देखकर समाजसेवी की आंखें भर आई इस दौरान सदर अस्पताल में भी काफी इकट्ठा हो गए, उसके बाद समाजसेवी सल्लू खान ने मरीज का पुर्जा बनाया बुलाया और महिला को हाथ पकड़ कर सहित डॉक्टर के पास तक लाए फिर समाजसेवी ने उसे अपने हाथों से उठाकर उसे बैठाया फिर एक्स-रे कराकर पैर और छाती का करा कर लाए महिला एक्सरे में कुछ भी नहीं निकला महिला को शरीर में ब्लड की कमी से उसकी पूरी शरीर में शरीर में दर्द बनी हुई थी अस्पताल के चिकित्सा के द्वारा सभी दवाइयां विटामिन और महिला को दर्द से सदर अस्पताल में इलाज के लिए कहर रही सल्लू खान ने अपने निजी राशि से बाहर दवाखाना से महिला को दवा उपलब्ध कराया महिला अपने दो बच्चे के साथ सदर अस्पताल में आई हुई थी और उसको पैसा नहीं रहने के कारण इलाज के लिए तड़प रही अस्पताल कर्मियों के साथ उन मरीजों ने सल्लू खान के कामों का सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सच्चे समाज सेवी को पाकर अस्पताल के चिकित्सक से लेकर अन्न मरीज बहुत खुश हुए। इस पूरे विशेष मानव सेवा करना के लिए सल्लू खान को बधाई दिया। कहा कि महिला को ब्लड चढ़ाने की व्यवस्था कर दी गई थी और उन चीजों की बीमारियों को इनको दूर करने के लिए सारी दवाइयां उपलब्ध करा दी गई है मगर महिला को पति आने के बाद उन्हें सदर अस्पताल में बजट चढ़ाया जाएगा और उनकी अभी इलाज कर दी गई है महिला बहुत ही कमजोर रूप से थी यदि महिला का आज सही तरीके से इलाज नहीं हो पाता और नहीं सही तरीके से दवाई मिल पाता तो किसी समय भी घटना घट सकती थी महिला ने कहा कि हमारे दो बच्चे थे तो हमारे बच्चे का क्या होता महिला ने सल्लू खान को बधाई देते हुए कहा कि आपने जो किया। बहन की रिश्ता को ऐसे मेरे भाई को सलामत रखे। अस्पताल में घंटों से तड़पता रही थी। महिला मरीज अपने बीमारी को इलाज करने को लेकर कहां के पैसा नहीं है कि मुझे दवाइयां खरीदना पड़े।

## पारस एचएमआरआई में विश्व किडनी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। किडनी की बीमारी आजकल महामारी की तरह फैल रही है। इसका सबसे बड़ा कारण है लोगों में सुगर और ब्लड प्रेशर का बढ़ना, मोटापा बढ़ना, असंतुलित भोजन, व्यायाम न करना और नशे जैसी चीजों का आदि हो जाना। हो सकता है कि किडनी की बीमारी के शुरूआती दौर में कोई दर्द या तकलीफ नहीं भी हो सकती है।

मगर धीरे-धीरे यह बीमारी घातक होती चली जाती है। पारस एचएमआरआई, पटना में बुधवार को किडनी से संबंधित रोगों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ये बातें पारस एचएमआरआई के किडनी रोग विभाग के निदेशक डॉ. शशि कुमार ने कहीं। कार्यक्रम का आयोजन विश्व किडनी दिवस (14 मार्च) की पूर्व संध्या पर किया गया था। विश्व किडनी दिवस हर साल मार्च महीने के दूसरे बृहस्पतिवार को मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य किडनी रोग के बारे में जागरूकता फैलाना है। हर साल एक नई थीम को लेकर आते हैं और इस साल का थीम है सभी के लिए किडनी स्वास्थ्यः देखभाल और इष्टतम दवा अभ्यास तक समान पहुंच को बढ़ावा देना। इस कार्यक्रम में कई विशेषज्ञ, किडनी के मरीज और चिकित्साकर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम में किडनी की गंभीर बीमारियों से लड़कर ठीक हो चुके मरीजों को प्रोत्साहित किया गया और किडनी दान करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़या गया। डॉ. शशि कुमार ने कहा कि किडनी से संबंधित रोगों का अगर समय से पता चल जाय तो उसे ठीक करना बहुत मुश्किल काम नहीं है। मगर देरी होने पर यह जानलेवा हो सकता है। ऐसे में आम लोगों के लिए सबसे जरूरी है इसके प्रति जागरूक रहना और नियमित रूप से जांच कराना।

इस मौके पर यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्व चौधरी ने कहा कि आम लोगों को यह सलाह दी जाती है कि जिनकी उम्र 50 साल से ज्यादा हो गयी है या जो सुगर या ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, जिन्हें पेशाब में तकलीफ होती है वे इससे सावधान रहें। जिनकी किडनी में पथरी है या जिनके घर में किडनी के कोई और रोगी हैं जिनके पेशाब में संक्रमण है या जो दर्द की दवाइयों का प्रायः सेवन करते रहते हैं उन्हें नियमित रूप से जांच कराते रहना चाहिए। यूरोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. विकास कुमार ने कहा कि पांच बेहद जरूरी बातों को ध्यान में रखकर किडनी के रोगों से बचा जा सकता है। इसमें पहला है रोजाना शारीरिक अभ्यास जिसमें योगा और व्यायाम शामिल है। दूसरा है- नियमित, संतुलित और सादा खान-पान। तीसरा है, सुगर और ब्लड प्रेशर को हमेशा कंट्रोल में रखना। चौथा, किसी भी तरह के नशे से दूर रहना और पांचवां है, बिना डॉक्टरी सलाह के दर्द की दवाइयां और एटीबायटिक्स के ज्यादा इस्तेमाल से बचना। पारस एचएमआरआई के यूनिट हेड डॉ. वैभव राज ने कहा कि किडनी के ऐसे मरीजों में जिनमें किडनी की क्षमता इतनी कम हो गयी है कि जिससे वो शरीर की सारी गंदगी नहीं निकाल सके तो ऐसी स्थिति में दो ही विकल्प होता है। पहला- जो काम किडनी नहीं कर पा रही है वो मशीन करे, जिसे डायलिसिस कहते हैं और दूसरा-उस मरीज की किडनी को बदलकर किसी सक्षम व्यक्ति की किडनी को वहां लगा जाय, जिसे किडनी ट्रांसप्लांट कहा जाता है।

## युवा मिशन कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया।सतत सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित संस्था वंदे मातरम् युवा मिशन द्वारा गया के झुग्गी बस्तियों में शिक्षा का अलख जगाने और संस्था का ध्येय वाक्य ज्योतिर्गमय की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से अपने कार्यकर्ता के साथ युवा मिशन कार्यशाला का आयोजन एसपी कोठी स्थित सारंग आर्ट एंड म्यूजिक भवन में किया गया है।

इस कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन डॉ आनंद कुमार गोयनका, निशा लाज और अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।यह कार्यशाला चार सत्रों में रखते हुए, अलग अलग विषयों और वक्ताओं से होकर विद्यार्थी जीवन में कुशल सामाजिक नेतृत्व को दिशा देकर, व्यक्तिगत जीवन रूपी सामान्य लक्ष्य के साथ सामाजिक जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक पहल साबित हुआ है।अतिथि को पौधा स्वरूप साकार भेंट देकर सम्मानित करते हुए, पहले सत्र के मुख्य वक्ता डॉ आनंद कुमार गोयनका ने सेवा और स्वयंसेवकों का योगदान विषय पर विचार रखते हुए, सेवा की प्रासंगिकता में रामायण काल से चलकर स्वतंत्रता के पहले और अब के भारत में सेवा कार्य में आए बदलाव की ओर इशारा करते हुए, परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई के भावना रखते हुए नई युवा पीढ़ी को संस्कारवान, कार्य के प्रति ईमानदार और समर्पित होने की बात कही। वहीं क्रमशः दूसरा और तीसरा सत्र गया कॉलेज एनएसएस पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्रा और गया कॉलेज वूमेन सेल की कन्वेनर डॉ रुन्नू रवि के मुख्य वक्तव्य से सफल हुआ, जहां एक तरफ डॉ राजेश मिश्रा ने युवाओं में नेतृत्व कुशल और जन जागृति की बात कही वहीं डॉ रुन्नु रवि ने युवा वर्ग को वैल्यू एजुकेशन के माध्यम से छात्र जिम्मेदारी, अच्छी या बुरी दिशा में जीवन का महत्व, लोकतांत्रिक तरीके से जीवन यापन, संस्कृति की समझ, महत्वपूर्ण सोच आदि को समझाते हुए, मूल्य शिक्षा का मुख्य उद्देश्य अधिक नैतिक और लोकतांत्रिक समाज निर्माण की बात कहीं है।

अंत का चौथा सत्र वंदे मातरम् युवा मिशन के संयोजक अभिषेक आनंद के साथ जिज्ञासा और समाधान के बीच पूरा किया गया है।इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता सुमित, बिपिन साव और सौरव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस युवा मिशन कार्यशाला पर दो दर्जन विद्यार्थियों के साथ राजू, अमरजीत, आरभ, भास्कर, सुभाष, रिशु, नयन, उरूज तौकीर, तन्नू, प्रियांशु, दीक्षा, स्मृति, रिचा सिंह आदि छात्रझछात्राएं उपस्थित रहें हैं।

## उत्पाद विभाग के टीम ने एक ट्रक से 749 कार्टून अंग्रेजी शराब की बरामद, ट्रक चालक गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

अरवले जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आगामी होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत अरवल उत्पाद विभाग के टीम ने भारी मात्रा में एक ट्रक से शराब की खेप बरामद की है इस मामले में अरवल उत्पाद अधीक्षक सीमा चौरसिया ने बताया कि आगामी होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव को लेकर 139 शहर तेलपा बेलखारा रोड के समीप उत्पाद अवर निरीक्षक इरशाद अंसारी के नेतृत्व में आने जाने वाली गाड़ी कि स्कैनर मशीन से स्कैन किया जा रहा था इसी कड़ी में औरंगाबाद की ओर से आ रही एक ट्रक को रोक कर स्कैन किया गया जहां शराब होने पुष्टि हूई जहाँ गाड़ी को जत्त कर उपाद टीम द्वारा उत्पाद कार्यालय लाई गई जहां गाड़ी के ऊपरी हिस्से में प्लाई बोर्ड लोडेड पाया गया। शराब की गिनती की गई तो 749 कार्टून विदेशी शराब में कुल 6638 लीटर विदेशी शराब पाया गयो साथी एक ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार ट्रक चालक पहलाद कुमार पिता गंगोत्री सिंह थाना पारु जिला मुजफ्फरपुर का रहने वाला बताया जाता है इस संबंध में चालक ने बताया कि यह ट्रक झारखंड के छतरपुर पलामू से हमें मिला था जहां मुजफ्फरपुर पहुंचने की बात कही गई थी हालांकि मध्य निषेध एवं उत्पाद अरवल कांड संख्या 90/ 2024 धारा 30 ए एवं 32 सी बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है साथी एक मोबाइल भी बरामद किया गया है मोबाइल के आधार पर असली शराब माफियाओं तक उत्पाद विभाग कि टीम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## 129 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार, कार जब्त



प्रात: किरण संवाददाता

दुर्गावती।: स्थानीय पुलिस ने कुल्हड़ियां मोड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक हुंडई कार से 129 लीटर अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। वही शराब को लेकर जा रहे चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान नालंदा जिले के अमीर गांव निवासी विजय सिंह का पुत्र सनी कुमार के रूप में की गई है। बताते चलें कि आगामी होली पर्व को लेकर शराब कारोबारीयों के विरुद्ध कैमूर पुलिस अलर्ट है। जिले के सभी विभिन्न जगहों पर पुलिस के द्वारा शराब कारोबारियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार वाहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में दुर्गावती पुलिस को एक बार फिर सफलता हाथ लगी है जहां उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे एक हुंडई कार से वाहन जांच के दौरान 129 लीटर शराब को बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस के द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## नामित मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करें : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। मुख्य सचिव बिहार पटना एवं पुलिस महानिदेशक बिहार पटना के साथ हुई विडियो कान्फ्रेसिंग में उनके द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी कैमूर (भभुआ) सावन कुमार भा०प्र०से० के द्वारा कैमूर जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रांतर्गत सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चित करें।जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी कैमूर, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्षों के द्वारा नामित मतदान केदो का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

## मैनेजर साहब की स्मृति में नाटक भूमिह्व का हुआ मंचन

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। सांस्कृतिक संस्था द आर्ट मेकर द्वारा मनेजर साहब की स्मृति में राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2024 के दूसरे दिन मुख्य मंच पर आशीष पाठक द्वारा निर्देशित एवम स्वाति दुबे द्वारा निर्देशित नाटक "भूमि" का मंचन प्रेमचंद रंगशाला में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधान सभा अध्यक्ष माननीय नंद किशोर यादव, मनीषा सिन्हा संरक्षक द आर्ट मेकर, रंग निर्देशक संजय उपाध्याय मौजूद थें। साथ ही मंच नाटक शुरू होने के पूर्व प्रेमचंद रंगशाला के प्रांगण में शाम 5:30 न्यू स्वर आंगन का लोक गायन बिपिन कुमार और विजय कुमार झा द्वारा किया गया। नाटक 'भूमि' महाभारत के वनपर्व की पृष्ठभूमि पर अर्जुन चित्रांगदा की कथा परआधारित है। अर्जुन झ चित्रांगदा की कथा प्रचलित होते हुए भी बहुश्रुत नहीं है। कथा प्रभंजन से शुरू होकर अंत में अर्जुन-चित्रांगदा के जीवन से होते हुए ऐसे प्रश्न पर जाकर खड़ी हो जाती है जहां चरित्र मिथक होते हुए भी आधुनिक स्त्री-पुरुष हो जाते हैं और उनके प्रश्न हो जाते हैं जहां चित्रांगदा संपूर्ण नारी जाति का प्रतिनिधित्व करती है, तो अर्जुन संपूर्ण नर जातिका भू-स्वामी बनने की चाह हर मनुष्य की होती है। वो जीवन भर इस प्रयास में रहता है, और जब ये चाह लालच में बदल जाती है तब महाभारत भी उसे पूरा नहीं कर पाती। इतने युद्धों से हो कर भी मनुष्य आज भी भूमि के वर्चस्व के लिए लड़ रहा है। पर स्त्री कोई भूमि नहीं। नाटक के अहम किरदार में स्वाति दुबे, हिमांशु तिवारी, वंदिता सेठी, शिवकर सपरा, सृष्टि पोगड़े, उत्सव हंडे आदि ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को दिल जीता।

### आवश्यकता

1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में लोकमान्य संस्कृतोच्च विद्यालय, शाहपुर सुतिहार, सारण में 2 सहायक शिक्षक की आवश्यकता है। 2 सहायक शिक्षक, योग्यता स्नातक विज्ञान, कोटि-UR(F) & EBC का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
2) उम्र सीमा :- आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वहीं होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।
3) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
4) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगें अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
6) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।
7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों की सेवा शर्त नियमविली-2015 के अनुरूप होगी।

सचिव

लोकमान्य संस्कृतोच्च विद्यालय शाहपुर सुतिहार, सारण।

## संक्षिप्त खबरें

### नौ बोतल विदेशी शराब को पुलिस ने किया बरामद

नवगछिया (भागलपुर)। झंडापुर ओपी थाना पुलिस ने विगत रात्रि को गश्ती ड्यूटी के क्रम में गुप्त सूचना के तहत मिली जानकारी के आधार पर स्थानीय बिहपुर बस स्टैंड के त्रिमुहान घाट मुख्य सड़क मार्ग स्थित सड़क किनारे लावारिश हालत में रखी गयी विदेशी ब्रांड की नौ बोतल शराब को बरामद किया है। मामले को लेकर झंडापुर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मधुसूदन पासवान ने बताया कि बरामद शराब विदेशी ब्रांड के ब्लैंडर प्राइड प्रीमियम व्हिस्की ब्रांड की 775 एमएल की कुल नौ बोतल है जिसकी मानक कुल 6.77 लीटर शराब बतायी जा रही हैं। एसआई नारायण कुमार पाठक व सशस्त्र बल के द्वारा रात्रि गस्त ड्यूटी के क्रम में गुप्त सूचना पर दबिश देकर बरामदगी के साथ जप्त किया गया है। वही मौके से शराब कारोबारी पुलिस के दबिश में मौके से फरार रहे थे। वही मामले को लेकर झंडापुर थाना पंजी में मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात कारोबारी के विरुद्ध मामला दर्ज कर निशानदेही व गिरफ्तारी हेतू इलाके में छापेमारी की जा रही है।

### दो लीटर देशी शराब को पुलिस ने किया बरामद

नवगछिया (भागलपुर)। होली त्यौहार पर नशे के कारोबार में संलिप्त गिरोह सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में बिहपुर थाना पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय बभनगामा गांव इलाके में दबिश देकर अवैध रूप से शराब कारोबार चला रहे स्थानीय दिलीप कुमार चौधरी पिता स्व हरिलाल चौधरी के घर पर अचानक दबिश दे मौके से दो लीटर देशी शराब को बरामद किया है। वही पुलिस के आने के पूर्व मौके से शराब कारोबारी दिलीप कुमार चौधरी पुलिस को चकमा देने के साथ फरार होने में सफल हो गया है। वही मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि मामले को लेकर बिहपुर थाना पंजी में शराब कारोबारी दिलीप चौधरी के विरुद्ध मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नगर पंचायत सभागार में विदाई व स्वागत समारोह सम्पन्न

असरगंज (मुंगेर)असरगंज प्रखंड के नगर पंचायत सभागार में नगर पंचायत कार्यपालन पदाधिकारी रूपा कुमारी का स्थानांतरण कोढा पंचायत में होने पर उनका विदाई समारोह किया गया साथ ही नये कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार नगर पंचायत असरगंज स्थानांतरण पर उनका स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद अभियंता लुसी कुमारी कार्यपालन अभियंता रुपा कुमारी, कार्यपालन पदाधिकारी विनय कुमार, पूर्व मुखिया डा राकेश कुमार व अन्य लोगों भी उपस्थित थे।

### क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्षों में हुई मारपीट

असरगंज (मुंगेर)।असरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बदरखा गांव में बच्चों के आपसी झगड़े के दौरान बड़ों के बीच जमकर मार-पीट हो गया। सूचना मिलते ही असरगंज थाना के एस आई संजय कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर घायल दोनों पक्षों के लोगों को ईलाज के लिए असरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्र.स.के. के चिकित्सक डा.मानस श्री ईलाज कर एक पक्ष के तीन लोगों को बेहतर ईलाज हेतु मायागंज रेफर कर दिया। वहीं एस आई संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। जांचोपरांत कारवाई की जायेगी। घायल में सलमा देवी पति नागेन्द्र यादव, सबनम कुमारी, स्वेता कुमारी पिता नागेन्द्र यादव वहीं दूसरे पक्ष के बबीता देवी देवेन्द्र यादव, मनीषा कुमारी, मनीष कुमार पिता देवेन्द्र यादव गंभीर रूप से घायल हैं।

### विदेशों में प्रताड़ित होने वाले भारतीयों भारतीय नागरिकता देने के लिए बनाया गया है सीएए कानून

बारियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर बाजार स्थित अपनी आवास पर पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम का सीएए लागू करने के लिए केंद्र सरकार की इसे एक ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि यह अधिनियम लेने के लिए नहीं बल्कि पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों में प्रताड़ित हो रहे अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता देने के लिए बना है इसलिए भारत के अंदर रह रहे नागरिकों को इससे डरने की जरूरत नहीं है भाजपा नेता श्री सिंह ने विधान परिषद सदस्य के लिए एक गरीब परिवार के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता लाल मोहन गुप्ता के चयन के लिए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के साथ-साथ सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए लाल मोहन गुप्ता को बधाई दिया है साथ ही साथ बधाई देने वालों में राजकुमार सिंह अनिल चौधरी नंदन जायसवाल आशुतोष नंद जानवर सूर्यकांत चौधरी राजेश चौधरी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता थे।

# सफल छात्र छात्राओं का पारितोषिक राशि से किया पुरुस्कृत

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नगरपारा प्रांगण में विज्ञान सर्किल प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद भारतीय रसायन समिति के भागलपुर चैप्टर के अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार झा, प्रो. बिन्देश्वरी सिंह के द्वारा विजेता घोषित छात्र छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि भारतीय रसायन सोसायटी भारत की एक वैज्ञानिक समिति है जो रसायन के विकास को समर्पित है, प्रो. प्रफुल्ल चंद्र राय इसके संस्थापक अध्यक्ष थे। भारतीय रसायन समिति के द्वारा सितंबर माह में विज्ञान के बच्चों के बीच परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें प्रथम स्थान पर आकांक्षा (द्वादश), द्वितीय स्थान पर खुशी कुमारी, ऋषभ कुमार, सुंदर कुमार (सभी द्वादश) एवं तृतीय स्थान पर पार्वती कुमारी विजेता रही थी। संस्था के द्वारा पारितोषिक के रूप में 1500, 1000 एवं 500 रुपया का चेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे छात्र छात्राओं को दिया गया है। इस मौके पर प्राचार्य रोशन लाल ने कहा विद्यालय में साइंस को बढ़ावा देने एवं एक-दूसरे ब्रांच के बीच सहयोग के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं, ताकि छात्र छात्राओं के बीच शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो सके। इस मौके पर प्रो. अशोक कुमार झा ने कहा रासायनिक विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने व स्कूली बच्चों और शोधकताओं के बीच सहयोग के लिए समिति निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन बीसी झा और अमूल्य कुमार वर्मा कर रहे थे। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

### अग्निशमन कर्मियों ने क्षेत्र में चलाया जागरूकता अभियान

नवगछिया (भागलपुर)। गर्मी के मौसम आने के पूर्व अगलगी बचाव कार्य तैयारी को लेकर अग्निशमन विभाग नवगछिया कार्यालय के द्वारा विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया है। इस विशेष जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत पुलिस जिला परिक्षेत्र के बिहपुर थाना एमटी वाहन कर्मियों के द्वारा स्थानीय एलनबीजे बालिका इंटर स्तरीय विद्यालय भ्रमरपुर में मॉक ड्रिल किये जाने के साथ साथ आम लोगों के साथ बैठक की। इस मौके पर पंपलेट, लीफलेट बांटकर लोगों को आग के प्रति जागरूक किया गया है। इस जागरुकता अभियान में अग्निक चालक अमित कुमार, गृहरक्षक जवान अजय नंदन झा, एवं संतोखी मंडल के अलावा अन्य कर्मी भी शामिल थे। अग्निशमन नवगछिया के द्वारा इमरजेंसी में सहयोग के लिए मोबाइल नम्बर 7485805900, 7485805901 व 0641-296041 मोबाईल नम्बर सार्वजिनक करते हुए आम लोगों से सहयोग किये जाने की अपील की है।

# डीएम ने भोलानाथ पुल ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण कर लिया जायजा

- पुल के ऊपर बनेगा स्टील ब्रिज, आम लोगों की सुगम परिचालन हेतु 24 घंटे के अंदर खराब सड़क मरम्मति के दिये गये निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। विगत दिनों से जिले के दक्षिणी भाग स्थित चल रहे ओवरब्रिज निर्माण कार्य को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा भोलानाथ स्थित पुल निर्माण का निरीक्षण करने के साथ जायजा लिया। इस दौरान पुल निगम कंपनी के संबंधित अभियंताओं के साथ आम लोगों के बीच हो रही यातायात व्यवस्था के तहत उत्पन्न हो रही समस्या के मद्देनजर निमार्णाधीन भोलानाथ पुल का निरीक्षण कर जायजा लिया गया है। इस मौके पर उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भोलानाथ पुल के समीप लगातार जाम की समस्या उत्पन्न बनी रहती है। वही स्थानीय लोगों की मांग पर आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुल के साथ रेलवे पुल के ऊपर से एक स्टील ब्रिज निर्माण प्रस्तावित हुआ है। जिसका आज पुल निर्माण निगम कम्पनी की टीम के साथ आकलन किया गया है कि रेलवे पुल के ऊपर से एक स्टील ब्रिज डालना है, क्योंकि सीधा रास्ता ही संभव होता दिख रहा है, साथ ही लेफ्ट साइड से जो रास्ता इशाकचक की ओर जा रहा है उसे भेहीकुलर अंडरपास सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा, ताकि लोगों के आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त वहां के ऊबड़ खाबड़ सड़क को मशीन के माध्यम से तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया गया है, ताकि लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो सकें।

# वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव पर हुआ भव्य स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बरौनी-कटिहार रेलखंड के बीच प्रमुख नवगछिया रेलवे स्टेशन पर न्यु जलपाईगुड़ी से पटना के बीच चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के पहुंचने पर भाजपा व जदयू के कार्यकर्ताओ ने पुष्प वर्षा कर ट्रेन का भव्य स्वागत किया। वही ट्रेन चालक व सुरक्षा गार्ड को भी कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए मिठाई खिलाई। इस मौके पर गोपालपुर विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद, जदयू जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती, रेलवे सलाहकार सदस्य मुकेश राणा, नगर अध्यक्ष कौशल जायसवाल, युवा जदयू जिलाध्यक्ष आशीष कुमार, हिंमाशु भगत, प्रवेश यादव, रंजीत झा, मनोरथ सिंह, विक्रम कुमार, प्रशांत कन्हैया, अजित पटेल सहित स्टेशन अधीक्षक एनके तिवारी, डीसीआई मुकेश कुमार, नवगछिया आरपीएफ इंस्पेक्टर मृणाल कुमार, रामबालक यादव सहित आरपीएफ व अन्य कई रेलकर्मी मौजूद थे। वही विधायक गोपाल मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन व नवगछिया स्टेशन पर ठहराव किये जाने को लेकर भावभीनी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवगछिया सहित भागलपुर के लोगो को पटना और न्यु जलपाईगुड़ी यात्रा परिचालन शुरू करने में काफी सुगम बनाने पर जोड़ दिया है जिससे क्षेत्र के आम जनता को सहुलियत मिलेगी। वही रेलवे सलाहकार सदस्य मुकेश राणा ने बताया कि नवगछिया स्टेशन जो पहले डी श्रेणी में आता था अब इस स्टेशन को तत्कालीन सासंद शहनवाज हुसैन ने आदर्श स्टेशन का दर्जा दिलाते हुए नवगछिया में राजधानी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव कराये जाने पर जोड़ दिया है। जिससे नवगछिया स्टेशन के आय में वृद्धि भी हुई है। नवगछिया स्टेशन अमृत भारत स्टेशन के तहत विकास की राह पर अग्रसर हुआ है। अब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नवगछिया में ठहराव होना काफी सराहनीय कदम रहा है। 14 मार्च से इस ट्रेन का नियमित परिचालन के साथ क्षेत्र के हजारों यात्रियों का यात्रा सुंगम के साथ साथ आसान होगा। यह ट्रेन न्यु जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से सुबह 5:15 में खुलेगी, जो किशनगंज और कटिहार के बाद नवगछिया स्टेशन सुबह 8:35 में पहूँचेगी। वही पटना दोपहर 12:10 में पहुंच जाएगी। पटना से यह ट्रेन दोपहर 1:00 बजे खुलेगी, जो नवगछिया संध्या 4:33 बजे आएगी। वही अपनी निश्चित समय पर रात्रि 8:00 बजे न्यु जलपाईगुड़ी स्टेशन पहुंच जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद ने कहा कि इस ट्रेन के परिचालन और नवगछिया में ठहराव से यहा के व्यवसायी वर्ग को काफी लाभ होगा। जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी भारती ने रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का नवगछिया में ठहराव होने से लोगो में काफी खुशी है।

# विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

- नये कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश ने सम्भाला कार्यभार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नगर परिषद कार्यालय प्रांगण में निर्वतमान कार्यपालक पदाधिकारी सुमित्रानंदन का विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान नये कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार को कार्यभार संभालने के साथ ही उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर सभापति प्रतिनिधि प्रेमसागर उर्फ डब्लू यादव ने कहा कि अपने तीन साल के कार्यकाल में सुमित्रानंदन के द्वारा नगर विकास के क्षेत्र में सराहनीय कार्य योगदान का सहयोग मिला है, साथ ही इन्होंने परिक्षेत्र के सभी पार्षदगणों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग किया है। इनके कुशल नेतृत्व में कार्य योगदान से आमजनों को भी काफी सहूलियत हुई है।

वही उन्होंने नये कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार का जोड़दार स्वागत करते हुए कहा कि नगर विकास के लिए एक दूसरे का साथ दे विकासशील कार्य योगदान में सहयोग किया जाएगा। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी सुमित्रानंदन ने उपस्थित सभापति सहित सशक्त कमिटी एवं सभी वार्ड पार्षद को भरपूर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवगछिया वासियों का प्यार हमेशा हमारी जहन में रहेगा। वही कार्यभार संभालने के साथ ही नये कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि नवगछिया नगर के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे, और सभी के सहयोग से नगर विकास का कार्यान्वयन किया जाएगा।

इस मौके पर दोनो पदाधिकारी को फूल माला सहित अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उप सभापति प्रतिनिधि प्रमोद यादव, सशक्त कमिटी के मुन्ना भगत, नागेश्वर सिंह, भाजपा नेता मुकेश राणा, जदयू नेता हिंमाशु भगत, पार्षद अनूप भगत, रवि कुमार, अभिनंदन सिंह, आलोक गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### घर-घर नल जल योजना से ग्रामीणों का नहीं बुझ रहीं प्यास

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मार्च हो या जनवरी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की लापरवाही से शुद्ध पेयजल गरीबों को नसीब नहीं हो रहा है।कुछ पंचायत को पीएचईडी को पंचायत से लेकर जेनरल योजना का रख रखाव सौंप गया है। लेकिन लोग स्वस्थ अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहायक अभियंता कनीय अभियंता की लापरवाही से सरकार की नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। खंड बिहारी गांव में तीन पानी टंकी पर सरकार की लगभग 50 लख रुपए खर्च हुए हैं। वार्ड नंबर 9 एवं 10 और 11 के ग्रामीणों ने बताया कि पीएचडी विभाग को घर-घर नल जल योजना को ठीक कर के पानी चालू करने की शिकायत की गई है लेकिन अभियंताओं ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि सरकार से आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। आवंटन आने पर काम किया जाएगा। अभी तीनों वार्डों के नागरिकों को जल नल योजना से पानी की आपूर्ति नहीं किया जा रहा है। मार्च में ही गर्मी दस्तक देना शुरू कर दिया अभी ही तापक्रम 31 डिग्री सेल्सियस है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अप्रैल में जून में तापक्रम और बढ़ेगा ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन मुंगेर से नल जल योजना से घर-घर पेयजल आपूर्ति करने की मांग की है।

# मारपीट मामले में लगाई न्याय की गुहार

- विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के क्रम में युवकों ने की मारपीट
- लौह तत्व रॉड से प्रहार कर सिर फोड़ने व मोबाइल छिनतई किये जाने का पड़ोसी पर लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना परिक्षेत्र स्थित अरसंडीह गांव के गुलशन कुमार पिता पप्पू मंडल ने बिहपुर थाना में लिखित आवेदन देकर मारपीट कर सिर फोड़ देने को लेकर मामला दर्ज किये जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित के दिए गए आवेंदन में लिखा है कि विगत रात गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गये थे। जहां पड़ोस के युवक नीरज मंडल, सुजीत मंडल दोनो पिता दयानंद मंडल, बादल कुमार पिता लल्लू मंडल और पप्पू मंडल पिता बनारसी मंडल सभी ने मिलकर लाठी और रॉड से मारपीट करना शुरू कर दिया। वही उनके द्वारा किये गये रॉड के प्रहार से मेरा सिर फट गया और में चोटिल होने के साथ जख्मी व घायल हो गया। वही उन्होंने नामजद अभियुक्तों पर मोबाईल छिनने का भी आरोप लगाया है। वही ग्रामीणों की मदद से घायल युवक का ईलाज बिहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। इस घटना को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर से संपर्क साधने का प्रयास असफल रहा था।

# डीएम के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में व्यक्तिगत शस्त्र के भौतिक सत्यापन कार्य शुरू

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मुंगेर जिले में विधि व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के नियमित आयुध अधिनियम, 2016 के नियम 30 के अंतर्गत जिला दण्डाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश के तहत बुधवार से जिले के विभिन्न थानों में व्यक्तिगत शस्त्र के भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू हो गया हैं। इस कार्य के लिए जिले के 16 पदाधिकारियों को शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 43 (2) में वर्णित प्रावधानों के तहत प्राधिकृत किया गया है। उक्त सभी पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न थानों में सभी अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों एवं कारतूसों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी सह जिलाधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा कारतूस क्रय की तिथि, कारतूस की संख्या, उपयोग किए गए कारतूस का विवरण, अवशेष कारतूस तथा कारतूस उपयोग का औचित्य के साथ प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए आज विभिन्न थानों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा शस्त्र सत्यापन का कार्य सुगमता पूर्वक किया जा रहा है जो आगामी 20 मार्च तक किया जाना है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि तक शत प्रतिशत शस्त्र सत्यापन संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### शराब के नशे में हंगामा करते दो युवक हुए गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय लत्तीपुर मुसहरी के समीप छापेमारी क्रम में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो अन्य युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त में नरकटिया के छोटू पासवान पिता नवल किशोर पासवान और रविंद्र पासवान पिता चन्देश्वरी पासवान शामिल है। गिरफ्तार छोटू पासवान पूर्व चौकीदार नवल किशोर पासवान का पुत्र बताया जा रहा है। मामले को लेकर बिहपुर थाना पंजी में मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तीनो अभियुक्त को मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विश्व किडनी दिवस 2024 : किडनी शरीर का एक महत्वपूर्ण एवं चमत्कारिक अंग है

प्रात : किरण संवाददाता

आज पूरी दुनियाँ में विश्व वृक्क दिवस मनाया जा रहा है। आज के दिन हमारे शरीर के इस महत्वपूर्ण एवं चमत्कारिक अंग गुर्दा की जानकारी को लोगों के दरमियान आम किया जाता है ताकि गुर्दा एवं इस से उत्पन्न होने वाले रोगों के प्रति जागरूकता फैलायी जा सके, और इस अंग की समुचित देखभाल की जा सके और अपने गुर्दे के स्वास्थ्य का ख़्याल रखा जा सके । आइए इन महत्वपूर्ण अंगों के बारे में कुछ आकर्षक और महत्वपूर्ण तथ्यों पर गौर करें। मिस्रवासियों ने 1500 ईसा पूर्व में गुर्दे के अस्तित्व का पता लगा लिया था तथा इसका दस्तावेजीकरण भी किया था, जो इस महत्वपूर्ण अंग की एक ऐतिहासिक स्वीकृति है। गुर्दा शरीर का एक मल्टीटास्किंग अंग हैं, जो रक्तचाप नियंत्रण, रक्त निस्पंदन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न आवश्यक कार्यों में योगदान देते हैं।

प्रत्येक किडनी के भीतर, दो मिलियन छोटी फि ल्टरिंग मशीनें पायी जाती हैं , जिन्हें नेफ्रॉन के रूप में जाना जाता है, जो चौबीसों घंटे अथक रूप से काम करती हैं, जो इस महत्वपूर्ण अंग गुर्दा की जटिल दक्षता को दशार्ती है। दाहिनी किडनी, आमतौर पर छोटी और अपने समकक्ष की तुलना में नीचे स्थित होती है, इन आवश्यक अंगों की अनूठी शारीरिक रचना को दशार्ती है। गुर्दे कई आश्चर्यचकित करने वाले कार्यों का निष्पादन करते हैं ये हर दिन लगभग 1500 लीटर रक्त को फि ल्टर करते हैं, जिससे केवल 1.5 लीटर मूत्र निकलता है। गुर्दे रक्त की सफाई के अलावा भी कई महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करते हैं , गुर्दे मजबूत और स्वस्थ हड्डियों को बनाए रखने, रक्त निर्माण, रक्तचाप को नियंत्रित करने, आंतरिक वातावरण को बनाए रखने, अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से बाहर निष्कासन में योगदान देते हैं।

किडनी की बीमारी व्यापक है, जो किसी को भी प्रभावित कर सकती है, और दुर्भाग्य से, इस स्थिति का कोई पूर्ण इलाज अबतक उपलब्ध नहीं हो पाया है। अनियंत्रित मधुमेह और उच्च रक्तचाप क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) के प्राथमिक कारणों के रूप में सामने आते हैं, जो उचित देखभाल के महत्व को रेखांकित करते हैं। एसीआर (एल्ब्यूमिन-टू-क्रिएटिनिन अनुपात) जैसे परीक्षण गुर्दे की बीमारी की जल्द पहचान करने में मदद करते हैं, जिससे समय पर इलाज और प्रबंधन संभव हो पाता है। हेमोडायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस दो अलग-अलग प्रकार की डायलिसिस विधियाँ उपलब्ध है।

# प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का विधायक ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।तारापुर के जदयू विधायक राजीव कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि प्रखंड में यह पहला औषधि केंद्र संग्रामपुर अस्पताल से कुछ ही दूरी पर खोला गया है। इस औषधि केंद्र में सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां के दाम बाजार मूल से कम दामों में मिलेगा जिससे आम लोगों को काफी सुविधा होगी श्री विधायक ने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव में एनडीए गठबंधन बिहार में 40 का 40 सीट जीत दर्ज कर पूरे देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा में 400 सौ से ज्यादा सीट पर दर्ज करेगा।इस मौके पर भाजपा युवामोर्चा के पुर्व जिलाध्यक्ष वीर कुंवर सिंह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमलनयन सिंह,बढ़ौनियां पंचायत के सरपंच कुणाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश सिंह,रंजीत भगत,निरंजन भगत,राजीव कुमार आदि मौजूद थे।



# चापाकल मरम्मती दल को क्षेत्र में किया गया रवाना: डीएम

- बंद व खराब पड़े चापाकल मरम्मती दल को हरी झंडी दे क्षेत्र में किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिले के सभी 16 प्रखंडों के क्षेत्र इलाके में गर्मी आगमन के पूर्व पेयजल संकट से निपटने के लिए आम लोगों के पेयजल समस्या के मद्देनजर ग्रामीण इलाकों में बंद व खराब पड़े चापाकल मरम्मती हेतु चापा कल मिस्त्री को औजार के साथ अलग अलग 16 वाहनों को समाहरणालय भागलपुर के परिसर से हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने रवाना किया है। इस मौके पर डीएम ने बताया गया कि आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या भागलपुर में नहीं रहे इसके मद्देनजर लोक स्वास्थ्य प्रमंडल भागलपुर पूर्वी तथा पश्चिमी द्वारा संयुक्त रूप से 16 वाहनों से चापाकल मरम्मती दल को प्रखंड क्षेत्र में भेजा जा रहा है, जिनके द्वारा खराब व बंद पड़े नलकूप व चापानलों की मरम्मती कार्य की जाएगी। वही लोक स्वास्थ्य प्रमंडल भागलपुर पूर्वी तथा पश्चिमी ने अपने अपने क्षेत्र के लिए अलग अलग नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल भागलपुर पूर्वी के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या- 0641- 2400 586 तथा पीएचईडी पश्चिम का नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या- 0641- 24 00 097 है, जो प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 8:00 बजे अपराह्न तक कार्यरत रहेगा, साथ ही नियंत्रण कक्ष के नंबर पर हर घर नल का जल योजना के तहत चापाकल में समस्या से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। वही लोक स्वास्थ्य प्रमंडल भागलपुर पूर्वी तथा पश्चिमी ने हर घर नल का जल योजना के तहत बंद व खराब चापाकल की समस्या के लिए प्रखंडवार कनीय अभियंताओं की नियुक्ति भी की है। वही नवगछिया परिक्षेत्र के लिए इं. अजय कुमार मो.नं. 85444 29049, गोपालपुर के लिए इं. मधु कुमारी मो. नं. 85444 28755, रंगरा के लिए इं. वीरमणि कुमार मो.नं. 85444 28754, इस्माइलपुर तथा कहलगांव के लिए इं. गोपाल प्रसाद मो. नं. 85444 28760, पीरपैंती के लिए इं. रूपेश कुमार मो. नं. 95071 49726, सन्हौला तथा सबौर के लिए इं. धीरज कुमार सिंह मो. नं. 85444 29093, बिहपुर, नारायणपुर के लिए इं. मंटू कुमार साह मो. नं. 85444 28782, खरिक के लिए इं. अजय कुमार मो. नं. 85444 29049, नगर निगम गोराडीह के लिए इं. कैलाश कुमार मो. नं. 620 16 44 640, जगदीशपुर के लिए इं. रामजतन कुमार मो. नं. 882519 2552, सुल्तानगंज के लिए इं. विकास कुमार गुप्ता मो. नं. 9155547292, नाथनगर के लिए इं. शिप्रा चौधरी मो. नं. 822 899 90 65, तथा शाहकुंड के लिए इं. पूनम सिन्हा मो. नं. 85213 37527 ड्यूटी कार्य कर लगाया गया है।

# संवेदनशीलता व्यवहार के साथ पेश आए : डीएम

- व्यक्ति के आचरण व्यवहार से संबंधित बचपन में ही पड़ जाती है, नींव

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन प्रांगण में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, चाइल्ड हेल्प लाइन समिति तथा बाल कल्याण समिति की संयुक्त रूप से त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने की। बैठक के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, उप निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस उपाधीक्षक (मु.) श्रम अधीक्षक, कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ (शिक्षा विभाग), एडीएसएस कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, डीजीएम भवन निर्माण निगम, बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यों, किशोर न्याय परिषद के सदस्यों तथा चाइल्ड हेल्प डेस्क के कर्मियों ने भाग लिया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि मिशन वात्सल्य के प्रावधानों को सफलतापूर्वक लागू करने तथा उसमे विभिन्न विभागों का सहयोग लेने के लिए जिला बाल कल्याण व संरक्षण समिति प्रत्येक 3 माह पर जिलाधिकारी की मौजूदगी में बैठक सम्पन्न की जाती है। साथ ही उन्होंने इस बैठक को अति महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों को आप कैसा बनाना चाहते हैं इसकी नींव बचपन में ही डालनी पड़ती हैं। हम बच्चों से उनके बचपन में जैसा बर्ताव करते हैं, उन्हें जैसा माहौल देते हैं, और उनकी जैसी परवरिश करते हैं वो बड़े हो कर वैसा ही बनते हैं, और वैसे ही बच्चे समाज का निर्माण करते हैं। हमारे बच्चे गलत रास्ते पर ना जाएं इसके लिए समाज, प्रशासन तथा व्यवस्था से जुड़े लोगों का दायित्व है कि बच्चों के साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार में पेश आये और उन्हे अपनी गलतियाँ सुधारने का मौका दें, ताकि ये बच्चे देश का सुनहरा भविष्य बन सके। उक्त बैठक में जिला के अंतर्गत संचालित विभिन्न बाल देखरेख संस्थानों, परवरिश, स्पांसरशिप तथा कन्या विवाह संबंधित क्रियान्वयन योजना की समीक्षा की। साथ ही जिलाधिकारी ने गृहों में बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी और सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही नगर निगम को वृहद आश्रय परिसर से नियमित कूड़ा उठाव सहित उस क्षेत्र इलाके में स्ट्रीट लाईट लगाने के अलावा दत्तक ग्रहण संस्थान में जाने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करने का निर्देश दिया गया है।



# अश्विन विश्व के नंबर एक गेंदबाज बने

## कुलदीप ने भी लगाई लंबी छलांग, रोहित-यशस्वी को भी फायदा

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट में नौ विकेट लेने के बाद वह एक पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। वहीं, जसप्रीत बुमराह लुढ़क कर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वहीं, भारत के कुलदीप यादव ने भी लंबी छलांग लगाई है। इसके अलावा बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल को भी फायदा हुआ है।

### अश्विन, बुमराह को हटाकर नंबर एक गेंदबाज बने

37 साल के भारतीय दिग्गज स्पिनर ने धर्मशाला में टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके थे। दोनों पारियों को मिलाकर अश्विन ने 128 रन देकर नौ विकेट झटके थे। अश्विन ने बुमराह को शीर्ष स्थान से हटाया है। इससे पहले बुमराह भी अश्विन को हटाकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने थे। अश्विन के 870 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर 847 रेटिंग पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं। कगिसो रबाडा चौथे और पैट कमिंस पांचवें स्थान पर हैं। शीर्ष 10 गेंदबाजों में भारत के रवींद्र जडेजा सातवें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं, शीर्ष 20 में कुलदीप यादव की एंट्री हुई है। उन्होंने 15 पायदान की छलांग लगाई और 16वें स्थान पर पहुंच गए। शीर्ष-20 गेंदबाजों में भारत के चार गेंदबाज हैं।

### बल्लेबाजों में रोहित-यशस्वी का जलवा

वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में धर्मशाला में शतक लगाने वाले रोहित शर्मा और शुभमन गिल को भी फायदा हुआ है। रोहित ने पांच स्थान की छलांग लगाई और वह छठे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, यशस्वी जायसवाल भी दो स्थान की सुधार के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गए। विराट कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह नौवें स्थान पर लुढ़क गए हैं। काफी समय से टीम इंडिया के सेट अप से बाहर चल रहे ऋषभ पंत को भी एक स्थान का नुकसान हुआ और वह 15वें पायदान पर लुढ़क गए हैं। धर्मशाला टेस्ट में शानदार शतक लगाने वाले शुभमन ने 11 स्थानों की छलांग लगाई और 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### धोनी महान, लेकिन रोहित भी कम नहीं

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। धर्मशाला में आखिरी टेस्ट के बाद जब हेड कोच राहुल द्रविड़ से सीरीज के सबसे शानदार पल के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने राजकोट टेस्ट में अश्विन की वापसी को सबसे शानदार बताया था। दरअसल, राजकोट में तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन उन्हें अचानक से घर लौटना पड़ा था। तब बीसीसीआई ने ज्यादा जानकारी नहीं दी थी और फैमिली इमरजेंसी का हवाला दिया था। बाद में यह बात सामने आई थी कि अश्विन की मां बेहोश होकर गिर गई थीं और उनकी हालत खराब थी। ऐसे में अश्विन राजकोट टेस्ट को बीच में छोड़कर अचानक वापस लौट गए थे। हालांकि, टेस्ट के चौथे दिन तक सबकुछ सामान्य होने पर अश्विन मैच में वापस लौट आए थे। अब इस दिग्गज स्पिनर ने उस घटना पर से पर्दा उठाया है। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर पूरी कहानी बताई है। साथ ही यह भी बताया कि कैसे कप्तान रोहित शर्मा ने उनकी काफी मदद की थी। अश्विन ने रोहित को बतौर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बराबर बताया है।

# कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन



लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास हो गया था कि वह उनका टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा। एंडरसन ने भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया था। एंडरसन यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने अपने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की।



एंडरसन ने कहा, 'कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं वापस अपने रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उन्होंने कहा, 'उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे।

एंडरसन ने हालांकि कहा कि अगर इंग्लैंड ने यह श्रृंखला जीती होती तो उनकी खुशी दोगुना हो जाती। भारत ने पांच मैच की यह श्रृंखला 4-1 से जीती। उन्होंने कहा, 'मैंने जश्न नहीं मनाया। जश्न मनाने के लिए कुछ था भी नहीं। एक दर्शनीय मैदान पर इस तरह की उपलब्धि हासिल करना बहुत अच्छा पल था लेकिन अगर हमने जीत हासिल की होती तो मैं अधिक उत्साहित होता।

इस 41 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैं रिकॉर्ड के लिए क्रिकेट नहीं खेलता, मैं अपनी टीम को मैच जिताने के लिए क्रिकेट खेलता हूं। मैंने इस दौर का पूरा आनंद लिया भले ही परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहा लेकिन हम एक टीम के रूप में एकजुट रहे। हमारे युवा स्पिनरों और बल्लेबाजों को इस दौरे से काफी कुछ सीखने को मिला।

# मोहम्मद नबी के 5 विकेट

## अफगानिस्तान की तीसरे वनडे में आयरलैंड पर बड़ी जीत

शारजाह (यूएई) (एजेंसी)। मोहम्मद नबी के पांच विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने मंगलवार को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे वनडे में आयरलैंड पर 117 रन से जीत हासिल की। हशमतुल्लाह शाहिदी की अफगानिस्तान टीम ने पहले और अंतिम 50 ओवर के मैच में जीत हासिल कर सीरीज भी 2-0 से जीत ली। सीरीज का दूसरा वनडे मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया था।

टॉस जीतकर पॉल स्टर्लिंग की आयरिश टीम ने अफगान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने का फैसला किया। हालांकि उनका निर्णय उनके पक्ष में नहीं गया क्योंकि आयरलैंड का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा



प्रदर्शन करने में विफल रहा। रहमानुल्लाह गुरबाज़ (53 गेंदों पर 51 रन) और इब्राहिम जादरान (31 गेंदों पर 22 रन) ने अफगानिस्तान के लिए ओपनिंग की और 62 रनों की साझेदारी निभाई जिससे मेजबान टीम को खेल में तेज शुरुआत मिली। गुरबाज ने 96.23 की स्ट्राइक रेट से 7 चौके और 1 छक्का लगाया। इस बीच जादरान ने 70.97 की स्ट्राइक रेट से केवल 3 चौके लगाए। अफगान सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शाहिदी (103 गेंदों पर 69 रन) ने खेल में अफगानिस्तान की रन गति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण पारी खेली। अफगान कप्तान ने 66.99 की स्ट्राइक रेट से 4 चौके लगाए। पहली पारी के अंत में मोहम्मद नबी (62 गेंदों पर 48 रन) ने अहम भूमिका निभाकर अफगानिस्तान का कुल स्कोर 236/9 कर दिया। उन्होंने 77.42 की स्ट्राइक रेट से 3 चौके लगाए।

दूसरी ओर मार्क अडायर ने अपने 10 ओवर के स्पेल में तीन विकेट लेने के बाद आयरिश गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया। उन्होंने पहली पारी में 51 रन भी बनाए जबकि बैरी मैक्कार्थी ने अपने 9 ओवर के स्पेल में 2 विकेट हासिल किए। उनके अलावा थियो वान वोर्कोम, एंडी मैकब्राइन और हैरी टेक्टर ने अपने-अपने स्पैल में एक-एक विकेट लिया।

रन चेज के दौरान एंड्रयू बालबर्नी (8 गेंदों पर 1 रन) और कप्तान स्टर्लिंग (53 गेंदों पर 50 रन) एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने आयरलैंड को 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहे।

# अल हिलाल ने लगातार 28वीं जीत दर्ज करके बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**जेद्दा (सऊदी अरब) (एजेंसी)।** सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने लगातार 28वीं जीत दर्ज करके शीर्ष स्तर की फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ ही एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में भी प्रवेश किया।

इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और इस तरह से उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के कुल अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था। उसने तब सऊदी अरब लीग की अपनी प्रतिद्वंदी टीम दमाक के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला था। सेमीफाइनल में अल हिलाल का सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन से होगा जिसने सोमवार को पेनल्टी शूटआउट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासर को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

महिला प्रीमियर लीग 2024

# एलिसा पेरी का हरफनमौला प्रदर्शन

## बेंगलुरु ने मुंबई को 7 विकेट से हराया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऑलराऊंडर एलिसा पेरी के हरफनमौला प्रदर्शन के चलते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 के तहत खेले गए मुकाबले में 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। मुंबई ने पहले खेलते हुए महज 113 रन बनाए थे क्योंकि एलिसा पेरी ने 15 रन देकर 6 विकेट चटका ली थीं। इसके बाद खेलने उतरी बेंगलुरु ने 39 रन पर तीन विकेट गंवा लिए थे लेकिन इसके बाद पेरी ने ऋचा घोष के साथ मिलकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

हालांकि मुंबई की शुरूआत अच्छी रही थी। हेले मैथ्यूज के साथ मिलकर साजना ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े थे। हेले ने जहां 23 गेंदों पर 2 चौके और दो छक्कों की मदद से 26 रन बनाए तो वहीं, साजना ने 21 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए। नेट ब्रंटकेवल 10 रन ही बना पाईं। लेकिन इसके बाद मुंबई की ओर से हरमनप्रीत 0, अमेलिया केर 2, अमनजोत कौर 4, पूजा 6, काजी 4, प्रियंका 0, शबनम 8 रन ही बना पाईं।

बेंगलुरु की शुरूआत भी खराब रही थी। कप्तान स्मृति ने 13 गेंदों पर 11 रन बनाए जबकि सोफिया ने 9 गेंदों पर 9 रन बनाए। सोफिया डिवाइन भी 4 रन ही रन बना पाई। ऐसे समय में एलिसा पेरी ने 38 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 40 रन बनाए जबकि ऋचा घोष ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए और अपनी टीम को 15 ओवर में ही जीत दिला दी।

### बेंगलुरु तीसरे स्थान पर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इस जीत के साथ ही अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने लीग में 8 मुकाबले खेले हैं जिसमें यूपी वारियर्स को दो बार, गुजरात जायंट्स को एक बार तो मुंबई इंडियंस को एक बार हराया। अंक तालिका में दिल्ली कैपिटल्स अभी भी नंबर वन है। उन्होंने 7 में से पांच मुकाबले जीते हैं।

### महिला प्रीमियर लीग में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

6/15 – एलिसा पेरी बनाम मुंबई इंडियंस (2024)
5/15 – मेरिजाना कैप बनाम गुजरात जायंट्स (2023)
5/22 –ए शोभना बनाम यूपी वारियर्स (2024)
5/29 –टी नोरिस बनाम आरसीबी (2023)
5/36 – के ग्राथ बनाम यूपी वारियर्स (2023)

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**मुंबई इंडियंस महिला** - हेले मैथ्यूज, नट साइवर-ब्रंट, प्रियंका बाला (विकेटकीपर), हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अमेलिया केर, अमनजोत कौर, एस सजना, पूजा वस्त्राकर, हुमैरा काजी, शबनीम इस्माइल, सैका इशाक

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर महिला** - स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी मोलिनेक्स, एलिसे पेरी, सोफी डिवाइन, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जॉर्जिया वेयरहैम, दिशा कसाट, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका ठाकुर सिंह

# 'गाजियाबाद में जल्द होंगे आईपीएल मैच'

## अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का हुआ शिलान्यास

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** गाजियाबाद में जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने वाला है। इस परियोजना की परिकल्पना लगभग नौ साल पहले की गई थी



जिसका अब शिलान्यास किया गया है। आने वाले समय में इस स्टेडियम में आईपीएल के मैच भी खेले जाएंगे। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) के उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने मोर्टी राजनगर एक्सटेंशन में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा विकसित की जाने वाली परियोजना की आधारशिला रखी। स्टेडियम के निर्माण में देरी क्षेत्र में 'हाई टेंशन बिजली के तारों और खंभों' के कारण हुई।

बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शुक्ला ने कहा कि ऐसी स्थिति में कोई स्टेडियम नहीं बनाया जा सकता। बीसीसीआई को यह मंजूर नहीं है। जमीन खरीदने और रजिस्ट्री कराने के बाद दो बिजली लाइनें लगा दी गईं - बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही। यह क्षेत्र फ्लाइट पथ पर पड़ता है, इसलिए भारतीय वायुसेना को भी इस योजना को मंजूरी देनी पड़ी। दूसरी बड़ी बाधा- भूमि उपयोग - जितनी जल्दी इसे बदला जाएगा, स्टेडियम बनाना उतना ही आसान होगा... मैं पश्चिमी यूपी के लोगों को बधाई देता हूं। आखिरकार इसकी (स्टेडियम) आधारशिला रखी गई है और निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने परियोजना के पूरा होने के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया।

# सचिन सर स्टेडियम में थे, बेहतर खेलने के लिए इतनी प्रेरणा काफी थी : मुशीर खान

मुंबई (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच के तीसरे दिन मंगलवार को महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी 19 वर्षीय बल्लेबाज मुशीर खान के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ, जिनके धैर्यपूर्ण 136 रन की पारी से मुंबई ने विदर्भ को जीत के लिए 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया। मुशीर ने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी के तीन नॉकआउट मैचों में अपना दूसरा शतक जमाकर मैच पर मुंबई का शिकंजा कस दिया। उन्होंने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा के खिलाफ 203 रन की नाबाद पारी खेली थी। उन्होंने सेमीफाइनल में भी तमिलनाडु के खिलाफ 55 रन की अहम पारी खेली थी।



मुशीर ने तीसरे दिन के खेल के बाद कहा कि मुझे पहले पता नहीं था कि सचिन सर यहां मौजूद है। मैं जब 60 रन पर बल्लेबाजी कर रहा था तब मैंने उन्हें बड़ी स्क्रीन पर देखा। इसने मुझे अच्छा करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि वह मैच देख रहे थे और मुझे उन्हें प्रभावित करना था। तेंदुलकर और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा वानखेडे स्टेडियम में मौजूद थे, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड की घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दर्शा रहा था।

# पाकिस्तान के साथ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला अप्रैल में खेलेगा न्यूजीलैंड



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत अगले महीने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि पहले तीन मैच 18, 20 और 21 अप्रैल को रावलपिंडी में जबकि बाकी दो मैच 25 और 27 अप्रैल को लाहौर में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ी इस दौरान इंडियन प्रीमियर लीग में खेलेंगे। उसे जिन खिलाड़ियों की कमी खलेगी उनमें डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन भी शामिल हैं।

न्यूजीलैंड ने इस साल के शुरू में अपनी घरेलू धरती पर शाहीन शाह अफरीदी की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम को टी20 श्रृंखला में 4-1 से हराया था।

# डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड

## प्रगति की ओर अग्रसर





**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड विशेषकर बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध है और उनकी यात्राओं और इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकासकार्यों के लिए किए गए दूरदर्शी प्रयासों में साफ देखा जा सकता है**

## बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिल रहा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा

**“ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम अपने राज्य के समग्र विकास, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य की प्रगतिशील नीतियों और रणनीतिक पहल के माध्यम से हम आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर की दिशा में अग्रसर हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को प्रगति का एक मॉडल बनाना है जहां परंपरा और नवीनता का संगम होता है और जहां हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि और कल्याण के लिए कार्य कर विकास में योगदान देता है।**

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

सुरम्य उत्तरी राज्य उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां भक्तों और आगंतुकों को समान रूप से आकर्षित करने वाले विभिन्न स्थलों में से एक बद्रीनाथ और केदारनाथ है। यहां श्रद्धालु व भक्त शांति का अनुभव करने के लिए आते हैं। इन पवित्र स्थानों को पुनर्स्थापित करने और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए यहां की संभावनाओं का सामने लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष रुचि दिखाई हैं। उनके दिशा-निर्देशन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरी समर्पण और प्रतिबद्धता से उत्तराखण्ड में परिवर्तनकारी कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध को हम सबने देखा है। यह बात उनकी यात्राओं और इन प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों के उत्थान के लिए दूरदर्शी प्रयासों से स्पष्ट झलकता है। बाबा केदार के प्रति उनकी श्रद्धा, केदारनाथ धाम की समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से प्रदर्शित होती है। यह इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महात्वकांक्षा बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देकर उत्तराखंड को विश्व पटल पर लाने की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण है, जो प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की शुरूआत से ही उनके दिल के करीब रहा है। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद केदारनाथ के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।



ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि पुनर्निर्माण ऐसा होना चाहिए, जिससे धाम की प्रतिभा और दिव्यता को पूर्ण रूप में प्रदर्शित किया जा सके। इसमें आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के निर्माण से लेकर प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति केदारनाथ की पवित्रता बनाए रखने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

इसके अलावा, उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक बुनियादी ढांचे के समग्र विकास को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक प्रयास अब केदारनाथ और उसके आगे के क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसी परियोजनाएं, बद्रीनाथ को एक स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी शहर में बदलने के प्रयास को दर्शाती हैं। दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना भी इन पवित्र स्थलों तक कनेक्टिविटी और पहुंच में सुधार प्रधानमंत्री के समर्पण को उजागर

**उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों ने उसके पूर्व गौरव को बढ़ा दिया है, जो दुनिया भर से तीर्थ यात्रियों को राज्य की ओर आकर्षित कर रहा है**

करती है। इन प्रयासों के चलते उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऑल वेदर रोड परियोजना, जिसे चारधाम सड़क परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, यह उत्तराखण्ड के चार धामों को जोड़कर भक्तों और आगंतुकों के लिए निर्बाध यात्रा को संभव बनाने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसी तरह से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, अपनी उद्यमशीलता और सरल तकनीक के साथ केदारनाथ और आस-पास के क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करने के लिए संकल्पित है। केदारनाथ और बद्रीनाथ का महत्व जितना आध्यात्मिक है, उतना ही यह अपनी प्राकृतिक सौन्यता के लिए भी विश्व स्तर पर श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित केदारनाथ 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है। यह प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा का अहम पड़ाव भी है। यहां के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ जुड़े पुनर्निर्माण उपायों ने केदारनाथ को उसका पुराना गौरव पाने में मदद की है, जिससे दुनिया भर से तीर्थयात्री आकर्षित होकर यहां आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन से केदारनाथ में नए विकास पर बल दिया जा रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण से लेकर सरस्वती रिटेनिंग वॉल और तीर्थ पुरोहित घरों जैसी आवश्यक परियोजनाओं का उद्घाटन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पण का प्रतीक है। केदारनाथ के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव, उनकी सच्ची बातें श्रद्धालुओं बीच गूंजती हैं और इन धार्मिक स्थानों के महत्व को विस्तार देती हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐसे उद्यमों का परिवर्तनकारी प्रभाव बुनियादी ढांचे के विकास से आगे बढ़ता है, जिससे उत्तराखण्ड में समावेशी विकास और पर्यटन को बल मिलता है। नीतिगत प्रोत्साहन और क्षेत्रीय प्राथमिकता, विशेष रूप से पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा पर उनके फोकस ने उत्तराखण्ड को निरंतर विकास करने वाले अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। बुनियादी ढांचे के विस्तार में राज्य की प्रगति और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के प्रति उनके समर्पण ने न केवल अर्थव्यवस्था को बल दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया है। बद्रीनाथ और केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अटूट आस्था ने उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन के पुनरुद्धार को प्रेरित किया है। दूरदर्शी प्रयासों और नए विकास कार्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन धार्मिक स्थानों को पुनर्स्थापित कर समृद्धि और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हाल के वर्षों में हासिल की गई अविश्वसनीय उपलब्धियों के लिए उत्तराखण्ड सरकार को हार्दिक बधाई देता हूं। यह सराहनीय प्रगति पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उन्नत क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ रणनीतिक दृष्टिकोण का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार, सतत विकास के लिए बेहतर मानक स्थापित होते देखकर मुझे खुशी होती है। अपने प्राकृतिक संसाधनों और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखण्ड की रणनीति न केवल इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। मैं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण की प्रशंसा करता हूं और आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति की भी आशा करता हूँ।

**“ मैं पिछले कुछ वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तराखण्ड सरकार को बधाई देता हूं। ऐसा निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने के चलते संभव हुआ है। इसके साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की उत्तराखण्ड की प्रतिबद्धता ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के प्रति राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता की आशा करता हूं।**

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड दुनिया के सबसे बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशन में से एक बनकर उभर रहा है**

देश के उत्तरी क्षेत्र में हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व, सुंदर पहाड़ियों और समृद्ध सांस्कृति क विरासत के लिए जाना जाता है। इसे देवताओं की भूमि या ‘देवभूमि’ के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि उत्तराखण्ड श्रृद्धालुओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। हालांकि, राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदलाव देखे हैं, जो इसे एक आध्यात्मिक गंतव्य के तौर पर विकसित कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल के वर्षों में डेस्टिनेशन वेडिंग काफी ट्रेंड में रही है और इस दिशा में भी उत्तराखण्ड किसी से पीछे नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए सबसे तेजी से उभरते राज्यों में एक बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ विवाह स्थल बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विचार राज्य की असीम संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। दिसंबर 2023 में देहरादून में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को ‘वेड इन इंडिया’ अभियान शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था। इस दौरान उन्होंने संपन्न परिवारों से अपने विवाह के लिए उत्तराखण्ड को डेस्टिनेशन के रूप में चुनने का आह्वान किया था। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के चलते उत्तराखण्ड एक आदर्श विवाह स्थल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नैनीताल की शांत झील से लेकर औली की बर्फ से ढकी पहाड़ियों तक राज्य का हर भू-भाग करिश्माई आकर्षण का अनुभव कराता है। जो लोग अपने विवाह को अविस्मणीय अनुभव देना चाहते हैं, वे अपने वैवाहिक समारोहों की मेजबानी टिहरी की शांत झील, मसूरी की खूबसूरत पहाड़ियों या हरिद्वार के प्राचीन मंदिरों में कर सकते हैं। जो बातें उत्तराखण्ड को शादियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य बनाती है,



वह न केवल इसके आश्चर्यजनक स्थल हैं, बल्कि इसकी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति भी हैं। राज्य में आयोजित होने वाली शादियां केवल एक समारोह से कहीं बढ़कर होते हैं। ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण से लेकर त्रियुगीनारायण की पवित्र ज्योति तक हर स्थान राज्य की सांस्कृतिक छवि की एक अनूठी झलक देखने को मिलती है। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी की धारणा एकजुटता के उत्सव से कहीं बढ़कर है। वह राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उत्तराखण्ड के लोगों के जीवन का स्तर बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं। इससे आगंतुकों की आमद और निवेश की संभावनाओं से रोजगार पैदा करने, बुनियादी ढांचे को समृद्ध बनाने और समग्र विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेस्टिनेशन वेडिंग के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड में त्रियुगीनारायण, ऋषिकेश, जोशीमठ, शांति कुंज हरिद्वार, स्वर्ण मंदिर, चकराता, हर्षिल, देहरादून, कनाताल, मसूरी, औली, टिहरी झील, रामनगर, नरेंद्रनगर, ब्रह्मताल, नैनीताल, अल्मोडा, रानीखेत, भीमताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, रानीगढ़, नौकुचियाताल, और घोड़ा खाल आदि प्रसिद्ध स्थलों में शामिल हैं।

डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखण्ड को सर्वोच प्राथमिकता देने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण उन सभी चीजों को बढ़ावा देता है, जो इस राज्य को उन्नत बनाती हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक राज्य बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां पर्यटक, रोमांच और उद्यम राज्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि उत्तराखण्ड सर्वोत्तम योगाभ्यास, रोमांचक खेल और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

## धार्मिक वैभव को पुनर्जागृत करता मानसखंड मंदिर माला मिशन

**‘मानसखंड मंदिर माला मिशन’ के हृदय स्थल के रूप में यहां के 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जा रहा है। इसमें कुमाऊं के विभिन्न जिलों में फैले 16 पौराणिक मंदिरों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।**



उत्तराखण्ड कई प्राचीन मंदिरों और पवित्र स्थलों की भूमि है। यही कारण है कि यह देवभूमि के रूप में विश्वविख्यात है। ये मंदिर कुमाऊं क्षेत्र में फैले हुए हैं और लंबे समय से आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में लोगों के दिलों में बसे हैं। यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। उत्तराखण्ड की वादियों में स्थित ऐसे मंदिरों तक भक्तों और श्रद्धालुओं की पहुंच बनाने को लेकर धामी सरकार विशेष प्रयास कर रही है। प्रदेश के ऐसे कई धार्मिक स्थलों, जिनके बारे में भक्तों को ज्ञात नहीं है, उनकी भव्यता से साक्षात्कार कराने के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर करने की दिशा में काम किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन मंदिरों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझते हैं और मंदिरों के वास्तुशिल्प चमत्कारों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए ‘मानसखंड मंदिर माला मिशन’ के तहत एक दूरदर्शी पहल शुरू की है। इस प्रयास का मूल 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करना है, जिसमें कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न जिलों में फैले 16 मंदिरों पर विशेष जोर दिया गया है। सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र रहे ये मंदिर अब बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने को तैयार हैं, उनकी पहुंच और भव्यता में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे में विकास की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन केवल भौतिक नवीनीकरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक समग्र रणनीति भी शामिल है, जिसमें उन्नत सड़क कनेक्टिविटी, आतिथ्य और आवास सेवाएं और संरक्षण जैसी बातें शामिल हैं।


गिरिजा देवी मंदिर

मानसखंड मंदिर माला मिशन के प्रतिष्ठित स्थलों तक सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहते हैं कि मानसखंड की परिकल्पना के तहत आने वाले जितने भी धार्मिक स्थल और पर्यटक स्थल हैं, उन्हें अच्छी कनेक्टिविटी देने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। राज्य में तीर्थयात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने में निर्बाध परिवहन नेटवर्क की भूमिका अहम है। इन मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। तीर्थयात्रा के दौरान सुविधा के साथ-साथ बेहतर सड़क व अन्य बुनियादी ढांचा के विकास से इन स्थलों में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए भी आर्थिक संभावनाएं बनेंगी। पारंपरिक आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का विकास मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए अहम है। मुख्यमंत्री धामी चाहते हैं कि यह कार्य सिर्फ बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से भक्तों और आगंतुकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए आसपास के स्थानों के विस्तार और आतिथ्य सेवाओं के प्रावधान के लिए बजट का आवंटन किया गया है और यह पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है। इस कार्य को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री धामी ने जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनसे मानसखंड मंदिर माला मिशन के काम पर समर्थन मांगा। बैठक में उन्होंने मानसखंड मंदिर माला मिशन के उद्देश्यों और अनिवार्यताओं पर प्रकाश डाला। इस मिशन की सफलता ने आवश्यक संसाधन जुटाने के उनके संकल्प को दर्शाया है। साथ ही, उत्तराखण्ड के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ावा देने में भी इस पहल की महत्वता बढ़ने वाली है।

### मानसखंड एक्सप्रेस

मानसखंड एक्सप्रेस मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत शुरू की जा रही एक विशेष ट्रेन सेवा है, जो कोलकाता को टनकपुर से जोड़ेगी। लंबी दूरी की इस ट्रेन की सेवा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली है और यह कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों और देशभर के भक्तों के बीच एक मजबूत संबंध के रूप में कार्य करेगी। मानसखंड एक्सप्रेस स्थानीय और क्षेत्रीय परिवहन सेवाओं से युक्त होगी और आतिथ्य सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, राज्य की विरासत और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार का अपने ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों के संरक्षण और उन्नति के लिए प्रतिद्धता के साथ काम कर रही है। इसके लिए विरासत अधिनियम बनाने के उपाय किए गए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मान्यता प्राप्त 16 मंदिरों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं और इनके माध्यम से सरकार उनके संपूर्ण पुनरुद्धार कर रही है। एक सहकारी मिशन के तहत विभिन्न विभागों और प्रभागों का संगम इस प्रयास को आगे बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे मानसखंड मंदिर माला मिशन गति पकड़ रहा है, यह न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्स्थापित करने बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी सुनिश्चित कर रहा है। उत्तराखण्ड की परंपरा और आधुनिकता, आध्यात्मिकता और बुनियादी ढांचे के विस्तार का बेहतर संयोजन निश्चित रूप से उत्तराखण्ड के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को दर्शाता है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन, देश के भविष्य को आकार देने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व की क्षमता का एक भी अप्रतिम उदाहरण है।


बैजनाथ


बागनाथ मंदिर


गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब


जागेश्वर धाम मंदिर


कसार देवी मंदिर

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129